Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24
website- www.dvpnews.in
रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 308 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, शनिवार 31 मई 2025 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



हमें उस विकास से कोई मतलब नहीं जो हमारी आस्था को कलंकित कर दे।
We have no concern with that development which disgraces our faith.
आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### बीएसएफ ने अमृतसर में दो ड्रोन, हेरोइन बरामद की

**जालंधर (आरएनएस)।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने गुरुवार को दो अलग-अलग बरामदगी में दो और ड्रोन और एक पैकेट हेरोइन जब्त की। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि सुबह के समय, बीएसएफ सैनिकों द्वारा किये गये तलाशी अभियान के दौरान अमृतसर जिले के महावा गांव से सटे सीमा सुरक्षा बाड़ के आगे एक खेत से जली हुई हालत में एक छोटा ड्रोन और एक पैकेट संदिग्ध हेरोइन (वजन- 508 ग्राम) बरामद किया गया। बाद में शाम को, एक विशेष सूचना पर कार्रवाई करते हुए, बीएसएफ सैनिकों ने अमृतसर जिले के रोरनवाला खुर्द गांव से सटे सीमा बाड़ के आगे एक खेत से जली हुई हालत में डीजेआई माविक 3 क्लासिक ड्रोन को सफलतापूर्वक बरामद किया।

### बिलासपुर : डायरिया की चपेट में 70 परिवार, उल्टी-दस्त से परेशान

**बिलासपुर (विसं)।** बारिश का मौसम आने से पहले ही डायरिया फैलने लगा है। नेहरू नगर वार्ड-17 के ठेठाडबरी क्षेत्र में 60 से 70 घरों में डायरिया के लक्षण पाए गए हैं। दर्जन भर से अधिक लोग उल्टी और दस्त की शिकायत हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मोहल्ले में लगे बोरपंप के पास सालों से जमी गंदगी और नालियों की सफाई नहीं होने से जल स्त्रोत प्रदूषित हो गए हैं। मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने यहां 70 से अधिक घरों में सर्वे किया और लोगों को दवाइयां बांटी गई।

**सुशासन तिहार** | **सुकमा में 500 करोड़ रुपए के विकास कार्यो की घोषणा की**

## बस्तर के हर कोने तक पहुंचाएंगे विकास का उजाला : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

- सुशासन तिहार में योजनाओं की ज़मीनी हकीकत जानने मुख्यमंत्री पहुंचे जनता के बीच
- सुकमा-दंतेवाड़ा मार्ग के निर्माण हेतु 230 करोड़ रुपए की घोषणा
- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पीएम आवास हितग्राहियों को सौंपी खुशियों की चाबी



**रायपुर (विश्व परिवार)।** बस्तर अपनी समृद्ध सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहरों को सहेजते हुए विकास के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। अब बस्तर के कोने कोने का विकास होगा और विकास के रास्ते में आने वाली सभी बाधाओं को दूर करेंगे। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज सुशासन तिहार अंतर्गत सुकमा जिले के तोंगपाल में आयोजित समाधान शिविर को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस दौरान सुकमा जिले में 500 करोड़ रूपए से अधिक लागत के विकास कार्यों की घोषणा की और 16 करोड़ से अधिक की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण कर क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात दी। इस अवसर पर त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के जनप्रतिनिधि, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, सचिव डॉ.बसव राजु एस. भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सुशासन तिहार के अंतिम चरण में आप लोगों के बीच पहुंचकर मुझे बहुत प्रसन्नता हो रही है। यहां का वातावरण बड़ा सुंदर है और महुआ की सुंदर छांव शीतलता दे रही है। उन्होंने परंपरागत रूप से स्वागत करने पर सभी का आभार जताया। श्री साय ने कहा कि बस्तर से बदलाव की बुलंद आवाज ने माओवादियों के हौसले पस्त कर दिए हैं। बस्तर में माओवाद अब अंतिम सांसे गिन रहा है। नक्सलगढ़ के रूप जाना जाने वाले सुकमा में स्कूलों की घंटियां बज रही हैं, बच्चे निर्भीक होकर शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। कि प्रदेशव्यापी इस अभियान का उद्देश्य योजनाओं की वास्तविक स्थिति का मूल्यांकन करना है। आज देखने आया हूं कि प्रधानमंत्री आवास योजना का कार्य आपके गांव में सुचारू रूप से चल रहा है या नहीं, महतारी वंदन योजना की राशि माताओं-बहनों को समय पर मिल रही है या नहीं। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के दौरान वे मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता पर विशेष रूप जानकारी ले रहे है। मुख्यमंत्री ने कहा कि तीन चरण में आयोजित सुशासन तिहार अपने उद्देश्य में सफल हुआ है। प्रशासन ने कड़ी मेहनत कर आपकी समस्याओं का समाधान किया है। श्री साय ने कहा कि ऐसा काम वही सरकार कर सकती है जिसकी नीति और नियत साफ है। -शेष पेज 2 पर

### मुख्यमंत्री साय ने सुशासन शिविर में की बड़ी घोषणाएं

सुकमा दंतेवाड़ा मार्ग हेतु 230 करोड़ रूपए, .झीरम व्यापवर्तन योजना हेतु 32 करोड़ 50 लाख, कावराकोपा में पुलिया निर्माण हेतु 35 लाख, जैमर में पुलिया निर्माण 35 लाख, हमीरगढ़ में सामाजिक भवन 30 लाख, टहकवाडा में एक पुल- पुलिया 35 लाख, तोंगपाल में समूह के लिए प्रशिक्षण केंद्र 25 लाख, मारेंगा में सी सी सड़क हेतु 16 लाख, एलेननार में पंचायत भवन 25 लाख और पुलिया हेतु 3.50 लाख, धोबनपाल देवगुड़ी में बाउंड्री वाल हेतु 10 लाख, सीतापाल के स्कूल में बाउंड्री वाल हेतु 8 लाख, वारदेरास में पुलिया हेतु 16 लाख रूपए की घोषणा की।

## जब सुरक्षा, शांति आती है तभी विकास के रास्ते खुलते हैं : प्रधानमंत्री मोदी

### प्रधानमंत्री ने 48,520 करोड़ की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और लोकार्पण किया



**बिक्रमगंज (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने दो दिवसीय बिहार दौरे के दूसरे दिन शुक्रवार को बिहार के रोहतास जिले के बिक्रमगंज पहुंचे। यहां उन्होंने 48,520 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और लोकार्पण किया। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी खुली गाड़ी पर सवार होकर लोगों के बीच से गुजरते हुए मंच तक पहुंचे। गाड़ी पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी उपस्थित रहे। इस दौरान पीएम मोदी पर पुष्प की वर्षा होती रही और उपस्थित लोग 'मोदी जिंदाबाद' के नारों और 'ऑपरेशन सिंदूर' से जुड़े नारे लगाते रहे। पीएम मोदी भी लोगों का हाथ हिलाकर अभिवादन करते रहे। इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए।

प्रधानमंत्री मोदी ने क्षेत्र में बिजली के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देते हुए औरंगाबाद जिले में 29,930 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली नबीनगर सुपर थर्मल पावर परियोजना, चरण-II (3×800 मेगावाट) की आधारशिला रखी। इस योजना का उद्देश्य बिहार और पूर्वी भारत के लिए ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना है। प्रधानमंत्री ने करीब 5,520 करोड़ रुपये लागत वाले एनएच-22 के पटना-गया-डोभी खंड के चार लेन के निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। एनएच-27 पर गोपालगंज शहर में एलिवेटेड हाईवे के चार लेन के निर्माण और ग्रेड सुधार का भी उद्घाटन किया। साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने देश भर में रेल अवसंरचना में सुधार लाने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप अन्य परियोजनाओं के अलावा 1,330 करोड़ रुपये की लागत वाली सोन नगर-मोहम्मदगंज के बीच तीसरी रेल लाइन राष्ट्र को समर्पित की। इसके अलावा भी कई परियोजनाओं की सौगात पीएम मोदी ने बिहार को दी। इस मौके पर बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित कई केंद्रीय मंत्री और बिहार के मंत्री उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिक्रमगंज में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्ष पर भी निशाना साधा और एनडीए सरकार की तारीफ की। उन्होंने नक्सल प्रभावित जिलों की संख्या कम होने की बात कही तो बिहार के जंगलराज की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि जब सुरक्षा और शांति होती है तभी विकास के रास्ते खुलते हैं। वह दिन दूर नहीं है जब शांति, सुरक्षा, शिक्षा और विकास गांव-गांव तक बिना रुकावट के पहुंचेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 2014 से पहले 125 से ज्यादा जिले नक्सल प्रभावित थे लेकिन अब सिर्फ 18 जिले नक्सल प्रभावित बचे हैं। अब सरकार सड़क भी दे रही है, रोजगार भी दे रही है। वह दिन दूर नहीं जब माओवादी हिंसा का पूरी तरह से खात्मा हो जाएगा।

### अमरनाथ यात्रा को लेकर गृह मंत्री ने सुरक्षा बलों को दिए निर्देश

**जम्मू (आरएनएस)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सभी सुरक्षा एजेंसियों को अत्यधिक सतर्कता और चौकसी बनाए रखते हुए आगामी अमरनाथ यात्रा को पूरी तरह शांतिपूर्ण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अमित शाह ने राजभवन में सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक में शीर्ष अधिकारी शामिल हुए। केंद्रीय गृह मंत्री ने आगामी अमरनाथ यात्रा के लिए सुरक्षा व्यवस्था और तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की।

## केंद्रीय गृहमंत्री पुंछ पीड़ितों से मिले, पाकिस्तान की गोलाबारी के शिकार मृतकों के परिवारों को वितरित किए नियुक्ति पत्र



**पुंछ (एजेंसी)।** गृहमंत्री अमित शाह ने पुंछ नगर स्थित डाक बंगला में पाकिस्तानी गोलाबारी में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों और घायलों से मिले। इस दौरान उन्होंने मृतकों के परिजनों को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र प्रदान किए। अमित शाह ने कहा कि जम्मू कश्मीर का विकास रुकेगा नहीं थमेगा नहीं। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर सरकार ने नॉर्म्स के हिसाब से सहायता कर दी है और भारत सरकार भी व्यापारिक संस्थानों में हुई क्षति के लिए एक पैकेज लेकर आएगी।

इस अवसर पर शाह ने पाकिस्तान की कार्रवाई की निंदा करते हुए कहा, पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर में नागरिक क्षेत्रों को निशाना बनाया और पुंछ में सबसे अधिक नुकसान हुआ। आजादी के बाद पहली बार पुंछ पर गोलीबारी की गई...पूरी दुनिया पाकिस्तान के हमले की निंदा कर रही है...भारतीय सशस्त्र बलों ने नौ पाकिस्तानी हवाई ठिकानों को नष्ट करके मुंहतोड़ जवाब दिया और परिणामस्वरूप उन्हें युद्धविराम के लिए आगे आना पड़ा। अमित शाह ने आगे कहा कि 7 मई, 2025 की रात को भारतीय सशस्त्र बलों ने निर्णायक अभियान चलाया, जिसमें पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकवादी ठिकानों को नष्ट किया गया।

## लोग साहित्य से प्रेरणा लेकर अपने आदर्शों को साकार कर सकते हैं : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित एक ऐतिहासिक कार्यक्रम में संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत साहित्य अकादमी ने राष्ट्रपति भवन के सहयोग से कितना बदल चुका है साहित्य? विषय पर एक साहित्यिक सम्मेलन का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में देश भर के प्रतिष्ठित लेखक, कवि और साहित्यिक विचारक सम्मिलित हुए। सम्मेलन का उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने किया। राष्ट्रपति मुर्मु ने अपने उद्घाटन भाषण में लेखकों के प्रति अपने आजीवन सम्मान और प्रशंसा को व्यक्त किया, उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति भवन में लेखकों की मेजबानी करना मेरी दिल्ली इच्छा थी। उन्होंने उत्कलमणि गोपबंधु दास की उड़िया में कही गई पंक्तियों का स्मरण किया, जिसका उन्होंने अर्थ बताया, मैं इस देश की धरती पर जहां भी हूं, मैं उतनी ही आभारी हूं जितनी मैं जगन्नाथ पुरी यात्रा के परिसर में होती। उन्होंने साहित्य से समानताएं बताते हुए वाल्मीकि रामायण से सीता-राम की कहानी को समाज में एकता की शक्ति के रूप में उद्धृत किया।

### सीआईके ने कश्मीर में कई स्थानों पर छापे मारी की

**श्रीनगर (एजेंसी)।** आधिकारिक सूत्रों ने ग्रेटर कश्मीर को बताया कि काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर (CIK) ने शुक्रवार को कश्मीर में कई स्थानों पर तलाशी ली। उन्होंने कहा कि बडगाम, पुलवामा, कुपवाड़ा, शोपियां और श्रीनगर जिलों में तलाशी चल रही है। एक अधिकारी ने कहा, जम्मू-कश्मीर पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर (CIK), कश्मीर भर में विभिन्न स्थानों पर तलाशी ले रही है। उन्होंने आगे कहा, अभी तक बडगाम, अवंतीपोरा पुलवामा, कुपवाड़ा, शोपियां और श्रीनगर जिलों में तलाशी चल रही है। सूत्रों ने कहा कि जांच के दौरान, कई संदिग्ध एक विशिष्ट एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग एप्लिकेशन का उपयोग करते हुए पाए गए, जिसका उपयोग आमतौर पर आतंकवादियों और सीमा पार से काम करने वाले उनके हैंडलर करते हैं। इन व्यक्तियों पर संदिग्ध संस्थाओं के संपर्क में होने का संदेह है, जिससे संभावित सीमा पार समन्वय पर चिंता बढ़ गई है।

## ऑपरेशन सिंदूर : नौसेना के जाबांजों से मिले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, किया नया खुलासा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दो दिनों की गोवा यात्रा पर गए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को आईएनएस विक्रांत पर सवार भारत के बहादुर नौसैनिकों के साथ बातचीत करके उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि जब तक राष्ट्र की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा आपके मजबूत हाथों में है, तब तक भारत को कोई तिरछी निगाहों से देख नहीं सकता। उन्होंने पहली बार खुलासा किया कि भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर अपनी शर्तों पर रोका है, किसी के दबाव में नहीं। ऑपरेशन के दौरान भारतीय सेनाओं ने न केवल आतंकवादियों बल्कि उन्हें पालने पोसने वाले सरपरस्तों को भी स्पष्ट संदेश दे दिया है कि भारत अब सहन नहीं करता, बल्कि अब सीधा जवाब देता है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सशस्त्र बलों को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने के लिए हमने महज कुछ ही समय में पाकिस्तान के आतंकी अड्डे और उसके इरादों को ध्वस्त कर दिया। हमारा प्रहार इतना तगड़ा था कि पाकिस्तान पूरी दुनिया से भारत को रोकने की गुहार लगाने लग गया। अंत में हमने अपनी शर्तों पर, मैं फिर दोहरा रहा हूं कि हमने अपनी शर्तों पर अपने सैन्य एक्शन को रोका है। अभी तो हमारी सेनाओं ने अपनी आस्तीनें पूरी मोड़ी भी नहीं थी, अभी तो हमने अपना पराक्रम दिखाना शुरू भी नहीं किया था। इस पूरे एकीकृत ऑपरेशन में नौसेना की भूमिका गौरवशाली रही है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन के दौरान अरब सागर में आपकी आक्रामक भूमिका, बेजोड़ समुद्री डोमेन जागरुकता और समुद्री वर्चस्व ने पाकिस्तानी नेवी को उसके ही तटों के पास सीमित कर दिया। वे खुले समुद्र में आने का साहस तक नहीं जुटा सके। समुद्र में हमारे पश्चिमी बेड़े के जहाजों ने आतंकवादी हमले के 96 घंटे के भीतर पश्चिमी और पूर्वी तट पर सतह से सतह और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों और टॉरपीडो से कई सफल फायरिंग की, जो प्लेटफॉर्म, सिस्टम और चालक दल की युद्ध तत्परता को दिखाता है।

**पंजाब के श्री मुक्तसर साहिब में बड़ा हादसा**

## पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट; 4 मजदूरों की मौत; 27 से अधिक घायल



**श्री मुक्तसर साहिब (आरएनएस)।** पंजाब के श्री मुक्तसर साहिब में एक बड़ा हादसा हुआ है। यहां लंबी हलके के निकटवर्ती गांव सिंघेवाला-फुतूहीवाला के खेतों में स्थित एक पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हो गया। इस हादसे में चार लोगों की मौत और 27 मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को बठिंडा एम्स भेजा गया है। विस्फोट में फैक्ट्री इमारत की दो मंजिलें पल भर में ताश के पत्तों की तरह मलबे में तब्दील हो गईं। यह दुर्घटना फैक्ट्री के पटाखा बनाने वाले यूनिट में रात्रि करीब 12:50 बजे घटित हुई। जबकि फैक्ट्री में पटाखे बनाने का काम उत्तर प्रदेश के हाथरस निवासी ठेकेदार राज कुमार की अंतर्गत होता था, ठेकेदार घटना के बाद से फरार बताया जा रहा है। विस्फोट की तेज आवाज कई किलोमीटर तक सुनी गई। फैक्ट्री में काम करने वाले प्रवासी श्रमिकों के अनुसार, यहां दो शिफ्टों में करीब 40 कर्मचारी काम करते थे, जिनमें से कुछ अपने परिवारों के साथ यहां रहते थे। बताया जा रहा है कि अधिकांश कर्मचारी उत्तर प्रदेश और बिहार के थे। कारीगर अरुण सक्सेना ने बताया कि वह देर रात फैक्ट्री के सामने खुले आसमान के नीचे सो रहे थे।

## बेटियों ने रचा इतिहास : एनडीए में पहली बार 17 महिला कैडेट्स का बैच हुआ पास

**राज्यपाल ने कहा- 'यह नारी शक्ति का प्रतीक'**



**पुणे (आरएनएस)।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद शुक्रवार को पुणे के खडकवासला स्थित एनडीए परिसर में हुई 148वीं पासिंग आउट परेड में 17 महिला कैडेट्स ने इतिहास रच दिया। दरअसल, एनडीए के इतिहास में पहली बार हुआ है जब महिला कैडेट्स ग्रेजुएट हुई। यहां 300 से अधिक पुरुष कैडेट्स के साथ 17 महिला कैडेट्स ने स्नातक की पढ़ाई पूरी की। अब यह महिला कैडेट्स देश की सेनाओं में जाकर देश की सेवा करेंगी।

परेड के दौरान मिजोरम के राज्यपाल जनरल विजय कुमार सिंह, पीवीएसएम, एवीएसएम, वाईएसएम (सेवानिवृत्त) ने कहा कि आज अकादमी के इतिहास में एक विशेष रूप से महत्वपूर्ण दिन है। आज एनडीए से महिला कैडेट्स का पहला बैच पास आउट हुआ है। यह सबसे बड़ी समावेशिता और सशक्तिकरण की दिशा में हमारी सामूहिक यात्रा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। ये युवा महिलाएं 'नारी शक्ति' का प्रतीक हैं, जो न केवल महिला विकास बल्कि महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि ये लड़कियों के लिए ट्रेनिंग का अंत नहीं है, बल्कि नई संभावनाओं की शुरुआत है। उन्होंने सभी कैडेट्स के प्रदर्शन की प्रशंसा की और कहा कि यहां आना मेरे लिए सम्मान की बात है। एनडीए के बारे में आपको जो बात सबसे ज्यादा प्रभावित करती है, वह यह है कि कुछ भी नहीं बदला है, बल्कि सब कुछ बदल गया है। समय के साथ विकसित होते हुए भी इसके मूल मूल्य मजबूत बने हुए हैं। आज, 17 महिला कैडेट पास आउट हुईं, लेकिन आप उन्हें पहचान नहीं पाए।

## शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के विरोध में कांग्रेस करेंगी धरना प्रदर्शन : बैज

### कांग्रेस पदाधिकारियों एवं शिक्षक संगठन से चर्चा कर आंदोलन की रूप रेखा पर की चर्चा



**रायपुर (विसं)।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के विरोध में कांग्रेस पूरे प्रदेश में धरना एवं प्रदर्शन करेंगी। उन्होंने कहा कि इसके शिक्षक संगठनों से सहयोग मांगा जाएगा।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने बताया कि शिक्षक संगठन अपनी 4 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना एवं प्रदर्शन किया था। हम उनकी मांगों का समर्थन कर रहे हैं, उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षा विभाग युक्तियुक्तकरण के नाम पर सेटअप का उल्लंघन कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्राथमिक शालाओं में भी शिक्षकों का विषयवार संख्या कम कर दी गई है। शिक्षकों की पदस्थापना का नियम ध्वस्त कर दिया गया है। सरकार सरकारी स्कूलों को बंद कर निजीकरण को बढ़ावा दे रही है। दीपक बैज ने कहा कि क्रमोन्नत वेतनमान दिया जाना चाहिए। यह लाभ न देना न्याय के प्राकृतिक सिद्धांत के खिलाफ है। राज्य के एलबी संवर्ग की सेवागणना सविलियन तिथि से माना जाए। शिक्षकों की प्रथम नियुक्त की सेवा गणना की जाए। दीपक बैज इस समय बस्तर दौरे पर हैं। उन्होंने बताया कि बस्तर जल-जंगल जमीन को लेकर जो आंदोलन किया जा रहा था, वह समाप्त हो गया है। इसमें पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित अन्य नेताओं ने भाग लिया।

## अंकिता भंडारी हत्याकांड : तीनों आरोपी दोषी करार, कोर्ट ने सुनाई उम्रकैद की सजा







**कोटद्वार (एजेंसी)।** उत्तराखंड के कोटद्वार में अंकिता भंडारी हत्याकांड में तीनों आरोपियों को दोषी पाया गया है. कोर्ट ने पुलकित आर्य, सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता को दोषी करार दिया है. तीनों आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है. इस मामले में करीब दो साल आठ महीने चली सुनवाई में 47 गवाहों ने गवाही दी. अंकिता का शव चीला नहर से बरामद हुआ था.

उत्तराखंड के कोटद्वार में करीब 3 साल पुराने अंकिता भंडारी हत्याकांड में कोर्ट का फैसला सामने आ चुका है. कोर्ट ने तीनों आरोपियों को दोषी करार दिया है. अंकिता भंडारी का शव कैनाल से बरामद किया गया था. अब इस बहुचर्चित हत्याकांड में मामले में कोटद्वार की अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने आज फैसला सुनाया है. कोर्ट ने तीनों आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है. उत्तराखंड के कोटद्वार स्थित अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश न्यायालय में अंकिता की हत्या के मामले में तीन आरोपियों पुलकित आर्य, सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता को दोषी पाया गया है. कोर्ट ने तीनों आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है. करीब दो साल और आठ महीने तक चली सुनवाई में 47 गवाहों ने कोर्ट में बयान दिए. इसके अलावा पूरे मामले में एसआईटी ने 97 गवाह बनाए थे, जिनमें से 47 अहम गवाहों को ही अदालत में पेश कराया गया. इस हाई प्रोफाइल मामले को देखते हुए कोर्ट के आस-पास के इलाके में भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है. इसके साथ ही लोगों का जमावड़ा भी कोर्ट परिसर और आसपास के इलाके में देखने को मिल रहा है. यही कारण है कि इलाके में सुरक्षा के पख्ता इंतजाम किए गए हैं.

## संक्षिप्त समाचार

### युवा कांग्रेस ने दिल्ली में भाजपा विधायक पठानिया के बयान पर किया विरोध प्रदर्शन




**नई दिल्ली (विश्व परिवार)।** ऑपरेशन सिंदूर पर बीजेपी विधायक रणबीर सिंह पठानिया ने एक ऐसा बयान दे दिया है, जो उनकी मुसीबतें बढ़ा सकता है। पठानिया ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एयरफोर्स स्टेशन पर क्या हुआ था, यह सब जानते हैं. नालायकी होगी इनकी और यह लोग सोए होंगे. कसूर इन लोगों का है, हमारा नहीं और हम लोगों ने इन्हें पलकों पर बिठा रखा है।

पठानिया जम्मू-कश्मीर के उधमपुर से भारतीय जनता पार्टी के मौजूदा विधायक हैं. उनके इस बयान वाले वीडियो के बाद कांग्रेस पार्टी ने भाजपा विधायक के खिलाफ बड़ी मुहिम छेड़ दी है।

बीजेपी विधायक का दावा है कि यह वीडियो झूठा और एडिटेड है। उन्होंने कभी भी पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय सेना की कार्रवाई पर सवाल नहीं उठाए। **-कमल नयन नारंग**

### देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वी जयंती ज़ोन क्रमांक 5 में मनाई गई



**रायपुर (विश्व परिवार)।** आज 30. 5 .2025 दिन शुक्रवार समय सुबह 12:00 बजे देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वी जयंती के उपलक्ष्य में ज़ोन ऋमांक 5 के द्वारा ज़ोन कार्यालय में जोन कमिश्नर, सहायक राजस्व अधिकारी, जोन 05 के समस्त पार्षद गन एवम कार्यालय के समस्त अधिकारियो/कर्मचारीयो की उपस्थिति में स्वच्छता दीदियों का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### प्रधानमंत्री आवास योजना में निवासरत परिवारों से मिलने पहुंचे आयुक्त

**भिलाईनगर (विश्व परिवार)।** नगर पालिक निगम भिलाई में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत लोगो को मकान आबंटित करके दिया गया है। जिसमें लोग अपने परिवार सहित निवास कर रहे है। आज आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा, उपअभियंता दीपक देवांगन को लेकर वहां के निवासियों की मूलभूत आवश्यकताओ की पूर्ति हो रही है कि नहीं की जानकारी लेने गये। सर्वप्रथम आम्रपाली फेस-02 स्वप्निल बिल्डर्स, एनारा स्टेट खम्हरिया के निवासरत परिवारो से मिले एवं उनकी समस्याओ की जानकारी प्राप्त किए। स्वप्निल बिल्डर्स के नागरिको की शिकायत थी कि उन्हे पानी पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल रहा है, कुछ देर आने के बाद बंद हो जाता है।



## लोगों की समस्याओं का समाधान व योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता : राजस्व मंत्री वर्मा

### प्रार्थना शेड का लोकार्पण व सीसी रोड का भूमिपूजन

### रावन शिविर में विभिन्न योजनाओं के तहत 63 हितग्राही हुए लाभान्वित



**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा शुक्रवार को सुशासन तिहार अंतर्गत विकासखंड सिमगा के ग्राम पंचायत रावन में आयोजित समाधान शिविर में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने 16 लाख रुपये की लागत से निर्मित प्राथना शेड का लोकार्पण एवं लगभग 50 लाख की लागत से मुख्यमंत्री ग्राम गौरवपथ योजना के तहत बनने वाले सीसी रोड का भूमिपूजन किया। इसके साथ ही ग्राम अर्जुनी में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी कार्यालय भवन निर्माण एवं ग्राम बासीन में जलाशय के सुरंग का पूर्ण रूप से बंद करने हेतु 11 लाख रुपये की स्वीकृति दी। राजस्व मंत्री ने विभागीय स्टॉल का अवलोकन कर योजनाओं की जानकारी ली और विभिन्न योजनाओं के तहत लगभग 63 हितग्राहियो को सामग्री एवं प्रमाण पत्र वितरित किया। शिविर को सम्बोधित करते हुए मंत्री वर्मा ने कहा कि सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर का जिले में आज अंतिम पड़ाव है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय स्वयं एवं मंत्री, सांसद और विधायक गांव-गांव पहुंचकर लोगों की समस्या सुन रहे है और उसका निराकरण कर रहे है। लोगों की समस्या का समाधान और योजनाओं को सभी पात्र हितग्राहियो तक पहुंचाना हमारी सरकार की प्राथमिकता है।उन्होंने कहा कि हमारी सरकार मोदी की गारंटी के सौ फीसदी वायदे को 100 दिन में पूरा किया है। यह योजना लागू होने से लोगों की क्रय शक्ति बढ़ी है जिससे आर्थिक समृद्धि व खुशहाली आई है। कलेक्टर दीपक सोनी ने बताया कि सुशासन तिहार अंतर्गत जिले को 239152 आवेदन मिले हैं जिसमें से सभी आवेदनों का निराकरण हो गया है। रावन क्लस्टर में 9 ग्राम पंचायत के लोग शामिल हुए। क्लस्टर अंतर्गत कुल 3960 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें 3830 मांग एवं 30 शिकायत से सम्बधित हैं।

## रेनोवेशन : सड़क सुरक्षा हेतु 77.88 लाख से मालवीय नगर चौक का बदल जाएगा नक्शा, ट्रैफिक जाम से मिलेगी राहत

### मालवीय चौक बेहतर लुक देने की तैयारी, महापौर व कमिश्नर ने कार्य स्थल का किया निरीक्षण



**दुर्ग (विश्व परिवार)।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत सड़क सुरक्षा हेतु शहर के मुख्य चर्चित स्थान मालवीय नगर चौक का ( रेनोवेशन ) कायाकल्प किया जाएगा। जिला प्रशासन व निगम प्रशासन ने इसका पूरा खाका तैयार कर लिया है। इसमें करीब 77.80 लाख की लागत आएगी। इससे ट्रैफिक जाम से जूझ रहे आम लोगों को बड़ी राहत मिलने वाली है। मालवीय नगर चौक में ट्रैफिक व्यवस्था के साथ साथ बेहतर लुक देने की तैयारी आज शाम को महापौर श्रीमती अलका बाघमार एवं कमिश्नर सुमित अग्रवाल, सभापति श्याम शर्मा द्वारा कार्य स्थल का निरीक्षण कर जल्द कार्य शुरू करने के लिए मौजूद अधिकारियो को निर्देश दिया गया है।

निरीक्षण के दौरान सभापति श्याम शर्मा, लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चन्द्राकर, काशीराम कोसरे, नीलेश अग्रवाल, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, लीलाधर पाल, मनीष साहू, काशीराम कोसरे, कुलेश्वर साहू, सदस्य सहित सहायक अभियंता राजेन्द्र ढाबाले, उपअभियंता हरिशंकर साहू, पंकज साहू के अलावा यातायात अधिकारी व ठेकेदार आदि मौजूद रहें। दुर्ग वासियों को सौंदर्यीकरण से बेहतर लुक देखने को मिलेगा, साथ ट्रैफिक समस्या से राहत मिलेगी। सड़क सुरक्षा हेतु मालवीय नगर में डीएमएफ मद निर्माण कार्यो की लागत राशि 77.88 लाख रुपये से कराएगा। इसमें मालवीय नगर चौक की रोटरी और आइलैंड को री-डिजाइन करने के साथ ही प्लेस मेकिंग के आकर्षक काम कराए जाएंगे। इसके साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था में अवरोध बने बिजली के खम्भे, डिवाइडर और ट्रैफिक सिग्नल को शिफ्ट किया जाएगा।

बता दे कि आज महापौर श्रीमती बाघमार व आयुक्त श्री अग्रवाल को अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल चौक के सर्वे का काम पूरा हो चुका है।निविदा आमंत्रित करके मालवीय नगर चौक के विकास और सौंदर्यकरण का काम शुरू हो जाएगा।

सर्वे का काम हो चुका पूरा कायाकल्प करने का रोड मैप तैयार हुआ है, इस संबंध में जानकारी में बताया कि सर्वे रिपोर्ट के आधार पर मालवीय नगर चौक की री-मॉडलिंग और प्लेस मेकिंग के काम कराए जाएंगे।

## 11 गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार वितरित कर सुशासन तिहार के तीसरे चरण का हुआ समापन



**भिलाईनगर (विश्व परिवार)।** सुशासन तिहार समाधान शिविर का समापन आज गुडडीचा मंच सेक्टर 10 में किया गया, जिसमें शासन के सभी विभाग के काउंटर लगे थे। प्रमुख रूप से राजस्व विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, यातायात विभाग से ड्राइविंग लाइसेंस, महिला एवं बाल विकास विभाग, श्रम विभाग, प्रधानमंत्री आवास विभाग, विद्युत विभाग, जल विभाग आदि सभी सरकारी विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। छत्तीसगढ़ शासन का यही उद्देश्य था की जनता के समस्याओं का समाधान उनके वार्ड स्तर में जाकर अधिकारी/कर्मचारी करें। जिससे उन्हें किसी प्रकार की भी परेशानी ना हो। आवेदन का प्रथम चरण दिनांक 08.04.2025 से 11.04.2025 तक चला, जिसमें सभी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्राप्त किया गया। दूसरे चरण एक माह तक चला, जिसमें नागरिकों से प्राप्त आवेदन का निराकरण किया गया। तीसरा चरण 5 मई से शुरू होकर 31 मई तक चला, जिसमें निराकृत किए गए सभी आवेदनों के बारे में नागरिकों को बताया गया। अगर किसी के पास कोई अन्य समस्या बची थी उसका भी समाधान पेटी में आवेदन लिया गया। आज महापौर नीरज पाल स्वयं पहुंचकर 11 गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार एवं 08 बच्चों को खिलौना प्रदान किया गया। सभी काउंटर में जाकर अधिकारियों/कर्मचारियों से शासन की योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त किये। स्वास्थ्य विभाग के काउंटर में पहुंचकर के अपना बीपी, शुगर आदि का जांच करवाएं।

## निरीक्षण के दौरान नदारद मिले सफाई कर्मी, शंकर पारा पहुंची महापौर शशि



**रिसाली (विश्व परिवार)।** रिसाली महापौर अपने परिषद के सदस्यों के साथ शंकर पारा स्टेशन मरोदा पहुंची। सुबह विजिट के दौरान महापौर वार्ड में तैनात सफाई दरोगा से स्वास्थ कर्मचारियों की उपस्थिति का ब्योरा मांगा। इस दौरान अनुपस्थित कर्मचारियों का नाम अलग लिख अनुपस्थित करने निर्देश दिए। महापौर शशि सिन्हा वार्ड 20 में सफाई कार्य का निरीक्षण की। उन्होंने कुल 20 सफाई कर्मी की जगह 13 को काम करते पाया। महापौर ने सफाई दरोगा को आवश्यक दिशा निर्देश भी दी। उन्होंने साप्ताहिक बाजार में पानी निकासी की उचित व्यवस्था करने भी कहा। भ्रमण के दौरान महापौर परिषद के सद्स्य संजू नेताम, जहीर अब्बास, अनिल देशमुख, पार्षद विनय नेताम, राहूल राय आदि उपस्थित थे।

**नागरिकों ने रखी समस्या**- राणा फिटनेस के सामने युरिनल निर्माण। साप्ताहिक बाजार में बोर खनन। पेयजल की किल्लत होने पर टैंकर की व्यवस्था। साप्ताहिक बाजार के दूसरे दिन सफाई व्यवस्था हो।

## बीरगांव में समाधान शिविर का किया गया आयोजन



**बीरगांव (विश्व परिवार)।** राज्य शासन के निर्देशानुसार सुशासन तिहार 2025 के तहत प्रथम चरण में दिनांक 8 से 11 अप्रैल 2025 के बीच नगर निगम बिरगांव के सभी 40 वार्डों में सुशासन तिहार का आयोजन किया गया था। जिसमें आम जनों से उनकी आवश्यकताओं से संबंधित आवेदन लिए गए थे। इस दौरान करीब 4500 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसकी ऑनलाइन एंट्री की गई। तत्पश्चात इन आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभागों को ऑनलाइन और पत्रों के माध्यम से भेजा गया। वही दूसरे चरण में निगम द्वारा उन आवेदन पत्रों को विभागवार छटनी कर संबंधित विभागों को भेजकर नगर निगम स्तर के अन्य विभागों द्वारा उन आवेदन पत्रों का निराकरण किया गया। इसके तीसरे चरण में समाधान शिविर का आयोजन दिनांक 22 मई 2025 को वार्ड ऋमांक 14 रामायण मेला मैदान रावाभाठा नगर निगम बिरगांव में आयोजित किया गया था। इस शिविर में वार्ड ऋमांक 01 से 20 तक के आवेदनों के समाधान के संबंध में जानकारी दी गई। सुशासन तिहार के तीसरे चरण में ही वार्ड ऋमांक 21 से 40 तक के आवेदनों के निराकरण की जानकारी देने के लिए दिनांक 29/05/2025 को आडवाणी ऑर्लिकन हॉयर सेकेंडरी स्कूल बीरगांव के परिसर में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस समाधान शिविर में प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी विभिन्न विभागों तथा नगर निगम बीरगांव द्वारा दी गई। विभिन्न विभागों द्वारा प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया गया था इस समाधान शिविर में हितग्राही मूलक योजनाओं से संबंधित हितग्राहियों को इसका लाभ भी दिया गया। इस समाधान शिविर में नगर निगम द्वारा 40 हितग्राहियों को राशन कार्ड 21 आयुष्मान कार्ड, 06 ड्राइविंग लाइसेंस, 06 आय एवं मूल निवास प्रमाण पत्र, वितरण किया गया है वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के 07 हितग्राहियों को चेक भी वितरण, किया गया।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर - 4, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)**

**// आम सूचना //**

**जारी दिनांक- 26/5/2025**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **ग्राम- गोगांव, पह.नं.- 107/50, रा.नि.मं.-4 तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)** स्थित भूमि के संबंध में आवेदक **गोटविन इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपर प्रा.लि.** द्वारा डायरेक्टर एंव अधिकृत प्रतिनिधि- **विजय अहिरवार पता- सी-31 कोटा कालोनी रायपुर** द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर- 72/2 (0.0890), 72/3 (0.0650), 75/2 (0.6890), 82/2 (0.3070), 83/2 (0.4450) 84/1 (0.5620 हे.), 84/2 (0.1380 हे.), 85 (0.1090 हे.) ह. का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र./202501114500038...अ-12/वर्ष /2024-25 आदेश दिनांक **20/1/2025** के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन हमारे द्वारा दिनांक **2/6/2025** को 11 बजे किया जाना नियत है।

अतएव उक्त भूमि के सभी समीपवर्ती आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय पर पटवारी कार्यालय में उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के सबंध में जो भी ऊजर, दावा अथवा आपत्ति हो तो समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.मं.- रायपुर 04**
**तह. व जिला - रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर**
email Id- eocghbzone1@gmail.com

**आम-सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा **कॉलोनी वीर सावरकर नगर, हीरापुर, रायपुर** में निर्मित **ढाचा भवन योजना** में से **भवन/भूखण्ड क्र. ढांचा भवन-2299, स्लाईस-03,** में **श्री धर्मेन्द्र कुमार शर्मा पिता स्व. रामस्नेही शर्मा** को आबंटित/नामांतरित किया गया है। मूल आबंटी/नामांतरी द्वारा दिनांक **05.02.2008** को विक्रय विलेख निष्पादित करा लिया गया है।

मूल आबंटी/नामांतरी की मृत्यु दिनांक **10.06.2021** को हो जाने के कारण मृतक आबंटी की पत्नी **श्रीमती ललिता शर्मा पति स्व. धर्मेन्द्र कुमार शर्मा** द्वारा उक्त भवन/भूखण्ड अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन/भूखण्ड **श्रीमती ललिता शर्मा पति स्व. धर्मेन्द्र कुमार शर्मा** के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अत: किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्धशासकीय/ वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से **15 दिन** के अन्दर स्वत: उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जावेंगी, एवं भवन का नामांतरण आदेश जारी कर दिया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01**
**कबीर नगर, रायपुर**

## बस्तर के हर कोने तक पहुंचाएंगे विकास का उजाला...पेज 01 का शेष

हमने ईमानदारी से काम किया है, इसीलिए जनता के बीच जाकर अपना रिपोर्ट कार्ड रख रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि महतारी वंदन योजना से महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हुई हैं। हमने पूरे प्रदेश में पीएम आवास के माध्यम से लोगों के लिए पक्का मकान स्वीकृत कर उनके गरिमापूर्ण जीवन का अधिकार सुनिश्चित किया है। पहले ही कैबिनेट में हमने 18 लाख आवास स्वीकृत किया था, यह काम लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि हम किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान, 3100 रूपए प्रति क्विंटल के मूल्य पर खरीद रहे हैं। धान के दो वर्षों के बकाया बोनस की राशि भी किसानों को दी जा चुकी है। रामलला दर्शन योजना और मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के माध्यम से प्रदेशवासियों को धार्मिक स्थलों की यात्रा करवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि तेंदूपता संग्राहकों को बड़ी राहत देते हुए परिश्रमिक की दर प्रति मानक बोरा 5000 रुपए की दर स्वीकृत की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीणों को बैंकिंग सुविधाएं पंचायत भवन में ही मिले, इसे सुनिश्चित करने के लिए अटल डिजिटल सुविधा केंद्र प्रारंभ किया गया है। अगले एक वर्ष में यह सुविधा सभी पंचायतों में शुरू होगी।

**योजनाओं की जानी हकीकत**- मुख्यमंत्री श्री साय ने तोंगपाल समाधान शिविर में पहुंचे ग्रामीणों से संवाद कर योजनाओं का फीडबैक लिया। तोंगपाल की त्रिवेणी रावटे ने मुख्यमंत्री को बताया कि उन्हें प्रति माह महतारी वंदन योजना की राशि मिल रही है। बच्चों के पालन पोषण में इस राशि के उपयोग की उन्होंने जानकारी दी। इसी तरह श्रीमती वेदमती कश्यप ने बताया कि हमारी समूह की दीदियां गणवेश सिलाई का काम करती हैं। तीन एकलव्य स्कूल के बच्चों की गणवेश सिलाई से उन्हें सालाना डेढ़ लाख रूपए से अधिक की कमाई हो रही है। शिविर में पहुंचे अन्य लोगों ने भी अपनी मांगे रखी और योजनाओं से मिल रहे लाभ की जानकारी दी।

**किस्टाराम- कोंटा मार्ग पर दौड़ेगी प्रतिज्ञा हक्कुम मेल**- बस्तर अंचल के कभी संवेदनशील क्षेत्र रहे किस्टाराम- कोंटा मार्ग पर अब ''प्रतिज्ञा हक्कुम मेल'' बस दौड़ेगी। दुरस्थ क्षेत्रों में बेहतर आवगमन सुविधा उपलब्ध कराने के प्रयासों के तहत मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने तोंगापाल के समाधान शिविर में मरईगुड़ा के प्रतिज्ञा महिला क्लस्टर संगठन को हक्कुम मेल बस की चाबी सौंपी। इससे अंचल के ग्रामीणों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिलेगी।

**पीएम आवास हितग्राहियों को सौंपी खुशियों की चाबी**- मुख्यमंत्री श्री साय ने तोंगपाल के समाधान शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को खुशियों की चाबी देकर उनके सपनों के घर की सौगात दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 4 हितग्राहियों को आवास के पहली किस्त के चेक भी बांटे। साथ ही पूरे हो चुके आवास के 4 हितग्राहियों को उनके नए घर की चाबी सौंपी।

**खेलो इंडिया पहल के 10 खिलाड़ियों को मिले खेल किट**- शिविर में मुख्यमंत्री ने खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत 10 खिलाड़ियों को खेल सामग्री प्रदान किए। इनमें 8 महिला फुटबॉल खिलाड़ी और 2 हाकी खिलाड़ी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि खेलो इंडिया एकेडमी रायपुर और सुकमा में जिले की 8 महिला फुटबॉल खिलाड़ियों का चयन हुआ है।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**-: निविदा आमंत्रण सूचना :-**

**क्रमांक 09/लो.क.वि./न.पा.नि. जोन क्र. 02/2025** **रायपुर, दिनांक 30/05/2025**

नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा निम्न प्रस्तावित कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दो लिफाफा पद्धति में कम/अधिक दर एस.ओ.आर. दर में लिफाफा 'अ' में सीलबंद निविदायें तथा लिफाफा 'ब' में एफ.डी.आर. आमंत्रित की जाती है। इस हेतु कोरा निविदा प्रपत्र दिनांक 16.06.2025 को संध्या 4:00 बजे तक निर्धारित राशि जमा कर प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 20.06.2025 को संध्या 4:00 बजे तक पंजीकृत डाक से जोन क्रमांक 02 में जमा किया जाएगा। प्राप्त समस्त निविदायें उसी दिवस को संध्या 5:00 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी। निर्धारित अवधि में यदि किसी दिन अवकाश होता है तो उल्लेखित कार्यवाही अगले कार्य दिवस पर सम्पन्न की जावेगी।

**कार्य का विवरण निम्नानुसार है :-**

| क्रं. | कार्य का विवरण | आगणित राशि रू. (लाख में) | अमानती राशि | समयावधि | मद का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वीरांगना अवंति बाई वार्ड क. 06, जोन क्र. 02, त्रिमूर्ति नगर में सुलभ शौचालय निर्माण कार्य। | 10.00 | 10000.00 | 03 माह | विधायक निधि |

1. निविदा संबंधी अन्य शर्ते एवं जानकारियों जोन क्र. 02 कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, शहीद स्मारक स्कूल परिसर, बीएसएनएल ऑफिस के पास, के.के. रोड, रायपुर से कार्यालय अवधि/दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**जोन आयुक्त**
**जोन क्रमांक-02**
**नगर पालिक निगम, रायपुर**

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील सुकमा, जिला - सुकमा (छ.ग.)**

**//ईश्तहार//**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं नगर पालिका परिषद् सुकमा के आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदक महाप्रबंधक, आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया लिमिटेड किरंदुल, जिला दंतेवाड़ा (छ.ग.) के द्वारा नगर सुकमा में स्थित शबरी नदी पर स्थापित जल पंपिग स्टेशन में अतिरिक्त सुविधाएं बनाने के लिए पाईपो के भण्डारण, ग्रीनेबेल्ट के विकास सहित मरम्मत एवं रखरखाव कार्यों के लिए इंटेकवेल पम्प हाउस के समीप नगर सुकमा में भूमि आबंटन किये जाने हेतु निवेदन किये जाने पर आवेदित प्रयोजन हेतु नगर सुकमा, प.ह.नं. 13/सुकमा, स्थित शासकीय भूमि खसरा नं. 1195/1 रकबा 1.339 हेक्टेयर में से रकबा 0.461 हेक्टेयर / 1. 14 एकड़ भूमि को आबंटित/हस्तांतरण किये जाने हेतु चयनित एवं प्रस्तावित किया गया है।

आवेदित भूमि आवेदक महाप्रबंधक, आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया लिमिटेड किरंदुल, जिला दंतेवाड़ा (छ.ग.) के द्वारा नगर सुकमा में स्थित शबरी नदी पर स्थापित जल पंपिग स्टेशन में अतिरिक्त सुविधाएं बनाने के लिए पाईपो के भण्डारण, ग्रीनेबेल्ट के विकास सहित मरम्मत एवं रखरखाव कार्यों के लिए इंटेकवेल पम्प हाउस के समीप नगर सुकमा में भूमि आबंटन किये जाने हेतु शासकीय भूमि आबंटन हेतु निवेदन किये जाने पर राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड चार-1 की कण्डिका 25 के प्रावधान तथा शासन द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देश का पालन कर, विस्तृत जांच हेतु प्रकरण श्रीमान कलेक्टर, जिला सुकमा के द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सुकमा के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

तत्संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो तो वह अपना दावा-आपत्ति, स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 08.05.2025 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 24.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सील से जारी।

स्थान: सुकमा
दिनांक: 28.04.2025

मुहर

तहसीलदार
सुकमा, जिला - सुकमा

**कार्यालय संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना**
**प्रथम एवं पंचम तल व्यवसायिक परिसर (दक्षिण पूर्व कार्नर) सेक्टर-27, नवा रायपुर, अटल नगर**
**फोन नं.-0771-4016094 E-mail ID:- em_zone2@yahoo.com**

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा हितग्राहियों को लीज में भवन आबंटित है, उक्त भवन को **फ्री होल्ड** के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है, **फ्री-होल्ड संपरिर्तन** निम्नानुसार किया जाना है :-

| क्र. | आबंटियों का नाम | पिता/पति का नाम | कॉलोनी का नाम | भवन क्रमांक |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री देवेन्द्र गुप्ता | श्री राधेश्याम गुप्ता | सेक्टर-27 नवा रायपुर, अटल नगर | पी2ए-598 |
| 2. | डॉ. श्री संजय वानखड़े | डॉ. आर.डी. वानखड़े | --तदैव-- | पी3ए-65 |
| 3. | श्री कुलमणी चौधरी | श्री त्रिलोचन चौधरी | --तदैव-- | एफ3ए-25/301 |
| 4. | श्री अवधेश कुमार पाठक | स्व.श्री कन्छेदी लाल पाठक | --तदैव-- | एफ2बी-30/303 |
| 5. | श्री रीतू होता | श्री अनिल कुमार होता | --तदैव-- | एफ2ए-37/104 |
| 6. | श्री राजेश कुमार साहू | स्व.श्री रामलाल साहू | --तदैव-- | एफ1बी-01/606 |
| 7. | श्रीमती सरिता मनोज चौबे | श्री मनोज कुमार चौबे | --तदैव-- | एफ1बी-03/305 |
| 8. | श्री सत्येन्द्र सिंह | स्व.श्री राम नरेश सिंह | --तदैव-- | एफ 1 बी-04/403 |
| 9. | श्रीमती वन्दना सिंह | श्री सत्येन्द्र सिंह | --तदैव-- | एफ1बी-04/404 |
| 10. | श्री अनुपम कुमार दास | स्व.श्री सचिन्द्र लाल दास | --तदैव-- | एफ1सी-09/406 |
| 11. | श्रीमती ममता राय | स्व.श्री निर्मल चन्द्र राय | --तदैव-- | ई.डब्ल्यू.एस. - ।।, ब्लाक-48/002 |
| 12. | श्रीमती ममता राय | स्व.श्री निर्मल चन्द्र राय | --तदैव-- | ई.डब्ल्यू.एस.- ।।, ब्लाक-48/003 |
| 13. | श्री श्याम बिहारी पाठक | स्व.श्री श्रीनिवास पाठक | --तदैव-- | ई.डब्ल्यू.एस.- ।।. ब्लाक-48/203 |
| 14. | श्री विनोद कुमार मिश्रा | स्व. श्री जुगल किशोर मिश्रा | --तदैव-- | पी2ए-624 |

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना**
**नवा रायपुर, अटल नगर, जिला-रायपुर**

# युक्तियुक्तकरण रोजगार विरोधी कदम, कांग्रेस चलाएगी पूरे प्रदेश चरण बद्ध आंदोलन–दीपक बैज

### 45000 से अधिक शिक्षकों के पद समाप्त हो जायेंगे,नये शिक्षकों की भर्तियां न करनी पड़े इसलिए युक्तियुक्तकरण

### भाजपा का घर घर सिंदूर बाँटना महिलाओ का अपमान

### खाद बीज का अभूतपूर्व संकट,डीएपी के लिये भटक रहे हैं किसान, भाजपा सरकार किसानों के लिए डबल नहीं, ट्रबल इंजन साबित हो रही




**जगदलपुर (विशव परिवार)।** आज जगदलपुर शहर के आकांक्षा हॉटल में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया जिसे छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री दीपक बैज जी के द्वारा संबोधित किया गया... पत्रकारों को संबोधित करते हुए श्री दीपक बैज जी ने कहा युक्तियुक्तकरण से 45000 से अधिक शिक्षकों के पद समाप्त हो जायेंगे। इसके कारण 10 हजार स्कूल भी बंद हो जायेंगे।शिक्षकों की नई भर्तियां न करनी पड़े इसलिए साय सरकार शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण कर रही है।सरकारी शिक्षा व्यवस्था को चौपट करने साय सरकार ने षड्यंत्र रचा है। साय सरकार के इस फैसले का सबसे बड़ा नुकसान बस्तर और सरगुजा के आदिवासी अंचलों में पढ़ने वाले बच्चों पर पड़ेगा। नए सेटअप में प्राइमरी और मिडिल स्कूलों में एचएम को शिक्षकीय पद मानते हुए प्राइमरी में 30 और मिडिल में 35 बच्चों के बीच एक शिक्षा का सेटअप घोषित किया गया है। प्राथमिक शालाओं में पहली व दूसरी में तीन-तीन विषय एवं तीसरी, चौथी, पांचवी में चार-चार विषय के अनुसार कुल 18 विषय होते हैं, जिन्हें वर्तमान समय में तीन शिक्षकों को 40 मिनट का 6-6 कक्षा लेना होता है, अब युक्तियुक्तकरण के नए नियम के बाद दो ही शिक्षको के द्वारा 18 कक्षाओं को पढ़ाना कैसे संभव हो सकता है?मिडिल स्कूल में तीन क्लास और 6 सब्जेक्ट इस हिसाब से कुल 18 क्लास और 60 बच्चों की कुल संख्या में एचएम और उसके साथ केवल एकमात्र शिक्षक कैसे 18 क्लास ले पाएंगे?इसके अतिरिक्त मध्यान भोजन की व्यवस्था डाक का जवाब और अन्य गैर शिक्षकीय कार्यों की जिम्मेदारी भी इन्हीं पर रहेगी।स्कूलों को जबरिया बंद किए जाने से न केवल शिक्षक बल्कि उन स्कूलों से संलग्न हजारों रसोईया, स्लीपर और मध्यान भोजन बनाने वाली महिला, स्व सहायता समूह की बहनों के समक्ष जीवन यापन का संकट उत्पन्न हो जाएगा।

नए सेटअप के तहत सभी स्तर प्राइमरी, मिडिल, हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलो में शिक्षकों के न्यूनतम पदों में कटौती के चलते युवाओं के लिए नियमित शिक्षक के पद पर नई भर्ती के अवसर भी कम हो जाएंगे, शिक्षा के स्तर पर बुरा असर पड़ना निश्चित है।इसके पहले भी रमन सरकार के समय भी 3000 स्कूलों को बंद किया गया था जिन्हे कांग्रेस की सरकार बनने के बाद फिर शुरु किया गया।भाजपा सरकार ने इतना बड़ा अव्यवहारिक निर्णय लेने से पहले ना प्रभावित वर्ग से चर्चा की, न ही प्रदेश के भविष्य के बारे में सोचा।सरकारी आंकड़ों के मुताबिक ही प्रदेश में 58000 से अधिक शिक्षकों के पद रिक्त हैं, हर महीने सैकड़ो शिक्षक रिटायर हो रहे हैं, कई वर्षों से शिक्षकों का प्रमोशन रुका हुआ है, राज्य मे भाजपा की सरकार बनने के बाद एक भी शिक्षक की भर्ती नहीं हुई है।युक्तियुक्तकरण से युवाओं के शिक्षक बनने का सपना भी टूट जायेगा, कांग्रेस युक्तियुक्तकरण के विरोध मे चरण बद्ध आंदोलन चलाएगी जिसकी रूपरेखा पार्टी जल्द जारी करेगी।

**भाजपा का घर घर सिंदूर बाँटना महिलाओ का अपमान–** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री दीपक बैज जी ने कहा भाजपा के द्वारा घर घर सिंदूर बाँटने का कार्यक्रम महिलाओ का अपमान है

हमारी संस्कृति के अनुसार किसी सुहागन को सिंदूर देने का अधिकार केवल उसके पति को होता है।एक महिला ज़ब सिंदूर लगाती है तो यह उसके माथे पर उसके सुहाग का प्रतीक होता है।महिलाये सिर्फ अपने पति के द्वारा दिए सिंदूर को ही लगाती है तथा ज़ब सिंदूर स्वंम भी खरीदती है तो अपने पति के नाम पर खरीदती है।भाजपा के इस कृत्य से सुहागन स्त्री के स्त्रीत्व और सतित्व को चुनौती देने का प्रयास है।कांग्रेस भाजपा के इस कृत्य का विरोध करती है

हम पूरे प्रदेश मे महिला कांग्रेस के माध्यम से सिंदूर माताओ बहनो का सम्मान नहीं सहेंगे इसका अपमान अभियान चलाएगी।मोदी जी आपके सिंदूर पर हमारी दादी यशोदा का हक है जो वर्षो से आपकी राह देख रही, बुढ़ापे मे ही सही जाइये उनकी मांग सजाइये सिंदूर के नाम पर हमारी माताओ बहनो बेटियों का मजाक मत बनाइये

**खाद बीज का अभूतपूर्व संकट,डीएपी के लिये भटक रहे हैं किसान, भाजपा सरकार किसानों के लिए डबल नहीं, ट्रबल इंजन साबित हो रही–** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री दीपक बैज जी ने बताया मानसून की अग्रिम दस्तक शुरु हो गयी है खरीफ की बुवाई खाद और बीज की कमी के कारण प्रभावित हो रहा,भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार छत्तीसगढ़ के अन्नदाता किसानों के लिए ट्रबल इंजन साबित हो रही है।मानसून केरल आ चुका है, पूरे प्रदेश में खरीफ फसल के बुवाई की तैयारी युद्ध स्तर पर चल रही है, खुर्रा वाले किसान प्रक्रिया शुरू कर चुके हैं, लेकिन प्रदेश में खाद और बीज की समुचित व्यवस्था यह सरकार नहीं कर पाई है। प्रदेश के ज्यादातर सोसाइटी में किसानों को डीएपी की कमी से जूझना पड़ रहा है, ज्यादातर स्थानों पर बोनी और थरहा के लिए बीज भी किसानों को नहीं मिल पा रहा है, जिसके चलते किसान परेशान हैं, भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार के किसान विरोधी षडयंत्रों के चलते ही छत्तीसगढ़ नकली बीज, नकली दवा, नकली खाद और घटिया नैनो यूरिया को खपाने का अड्डा बन गया है। किसान संगठनों का आरोप है कि गुणवत्ताहीन खाद और बीज को खपाने के लिए ही यह सरकार सरकारी समिति और निजी दुकानों के लिए किसानों के वास्तविक डिमांड के अनुरूप खाद, बीज की आपूर्ति नहीं करवा रही है। समय पर खाद, बीज की उपलब्धता नहीं होने से किसान जमाखोरों, बिचौलियों और मिलावटखोरों के हाथों शोषित होने मजबूर हैं पर्याप्त मात्रा में डीएपी खाद की उपलब्धता नहीं होने से किसान परेशान हैं।यह सरकार नहीं चाहती कि किसान भरपूर उपज ले सके। बोनी के समय सबसे ज्यादा आवश्यकता डीएपी खाद और बीज की ही होती है,लेकिन इस सरकार का रवैया शुतुरमुर्ग की तरह है खरीफ फसल की बुआई का समय सर पर है लेकिन यह सरकार ना खाद के रेक की व्यवस्था कर पाई है,ना समुचित रूप से कही भंडारण की व्यवस्था है, छत्तीसगढ़ के किसानों की खाद के कुल आवश्यकता के मांग को केंद्र की मोदी सरकार ने खारिज करते हुए समुचित सप्लाई करने से मना कर दिया है,लेकिन दलीय चाटुकारिता में भाजपा के सांसद और प्रदेश की सरकार इस केंद सरकार के द्वारा छत्तीसगढ़ से भेदभाव और छत्तीसगढ़िया किसानों की उपेक्षा पर भी मौन है, सरकार एक सप्ताह के भीतर सभी सोसायटी मे पर्याप्त खाद बीज उपलब्ध नहीं करवाएगी तो कांग्रेस इसको ले कर बड़ा आंदोलन चलाएगी। इस प्रेसवार्ता में मुख्य रूप से महामंत्री मलकीत सिंह गैदु, शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य, संयुक्त महामंत्री शंकर राव, नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी, उपनेता कोमल सेना,प्रभारी महामंत्री जाहिद हुसैन, महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष लता निषाद, ग्रामीण जिलाध्यक्ष चंपा ठाकुर,युवा कांग्रेस अध्यक्ष अजय बिसाई, ब्लॉक अध्यक्ष सहदेव नाग, राजेश राय,जावेद खान, लोकेश चौधरी,सुषमा सुता,अनुराग महतो,शादाब अहमद, अंकित सिंह,आदर्श दलाई आदि मौजूद रहे...

## अहिल्यादेवी होल्कर की जयंती पर सफाई अभियान, निकाय में स्वच्छता दीदियों को सुरक्षा उपकरण भेंट



**डोंगरगांव नगर।** प्रधानमंत्री के मंशानुरूप एवं राज्य शासन के निर्देश पर रानी अहिल्यादेवी होल्कर की 300वीं जयंती 21 से 31 मई तक मनाई जा रही है। इस परिप्रेक्ष्य में नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों द्वारा मुक्तिधाम, तालाब के चबूतरे व गार्डन की सफाई की गई। उपरांत स्वच्छता दीदियों का सम्मान कर सुरक्षा उपकरण भेंट किया गया। उक्त अवसर पर नपंअध्यक्ष अंजू त्रिपाठी, नपंउपाध्यक्ष रोहित गुप्ता, गुलशन हिरवानी, हेमंत चोपड़ा, अरुण जैन, रामकुमार गुप्ता, कोमल साहू, प्रफुल्ल जैन, निर्मला मालेकर, पदमनी ठाकुर, गायत्री यादव व सीएमओ विनम्र जेमा सहित नगर पंचायत के समस्त स्वच्छता दीदी एवं सफाई कर्मी उपस्थित थे।

## मनोज को मोची पेटी और औजार मिलने से काम करने में होगी आसानी



**दुर्ग।** ग्राम करेली के मनोज कुमार को शासन की स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत मोची कार्य के लिए आवश्यक मोची पेटी और उपयुक्त औजार प्रदान किया गया। यह पहल न केवल उन्हें रोजगार से जोड़ने का माध्यम बनी है, बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी एक नई दिशा मिली। मनोज कुमार लंबे समय से पारंपरिक मोची कार्य कर, अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे, लेकिन आधुनिक औजारों और सुविधाओं की कमी के कारण उनका काम सीमित रह गया था।

## शनि जयंती पर विप्र फाउंडेशन ने किया रचनात्मक कार्यक्रम



**भाटापारा।** विप्र फाउंडेशन महिला प्रकोष्ठ के द्वारा मंगलवार को शनि जयंती के अवसर पर नगर के विभिन्न स्थानों पर सामाजिक जनसेवा का रचनात्मक कार्यक्रम किया गया, इस दौरान महाकाल मंदिर नगरपालिका में हनुमान चालीसा के साथ आयोजन का शुभारंभ किया गया। विप्र फाउंडेशन महिला शाखा अध्यक्ष उमा रेखू शर्मा के नेतृत्व में शनि जयंती पर हुए कार्यक्रम की शुरुआत हनुमान चालीसा पाठ के साथ की गई तथा जरूरतमंदों को महाकाल मंदिर और रेलवे स्टेशन पर छाता, गमछा, चप्पल एवम शरबत का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में सीमा शिवरतन शर्मा, सुनीता हटिका, किरण जोशी, ज्योति शर्मा, नीलिमा शर्मा, बबिता भृगु, शिवानी शर्मा, शशि पांडे, सुशीला तिवाड़ी, वंदना शर्मा, पिंकी शर्मा, उमा पटाक, आशा पुरोहित, चंदा शर्मा सुलेखा शर्मा सहित अन्य उपस्थित महिलाओं ने तन मन धन से अपना-अपना सहयोग दिया। महिला प्रकोष्ठ विप्र फाउंडेशन की अध्यक्ष उमा शर्मा ने कार्यक्रम में शामिल महिलाओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसी तरह भविष्य में ऐसे ही नेक कार्य करने अपना सहयोग देते रहने का आग्रह किया।

## अतिक्रमण हटाने 76 लोगों को 72 घंटे का अल्टीमेंट

**रिसाली।** प्रगति नगर मुख्य मार्ग से अतिक्रमण हटाने निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने 72 घंटे का अल्टीमेंटम दिया है। अंतिम नोटिस कुल 76 लोगों को जारी किया गया। स्वतः नहीं हटाने पर निगम के अधिकारी बुलडोजर चलाऐंगे। इस कार्य में होने वाले खर्च को अतिक्रमणकारियों से वसूला जाएगा। उल्लेखनीय है कि प्रगति नगर मुख्य मार्ग शुरूआती से अतिक्रमण की चपेट में है। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के नक्शे में सड़क की चैड़ाई 60 फीट है, किन्तु कही-कही सड़क 30 फीट या फिर 40 फीट में सिमट गई है। आयुक्त मोनिका वर्मा के निर्देश पर अततः नगर पालिक निगम रिसाली के तोड़ फोड़ विभाग के प्रभारी दुर्गेश गुप्ता ने अल्टीमेंटम अवधि समाप्त होने के बाद अतिक्रमण हटाने का निर्णय लिया है। राजस्व विभाग ने कुल 76 लोगों को नोटिस जारी किया है।

**केवल चार लोग पहुंचे दस्तावेज लेकर–**उल्लेखनीय है कि रिसाली निगम ने इसके पूर्व दस्तावेज परीक्षण कराने 70 से भी अधिक नोटिस जारी किया था। नोटिस के बाद केवल 4 लोगों ने नक्शा और रजिस्ट्री की छायाप्रति परीक्षण के लिए जमा कराया है। वहीं शेष ने दस्तावेज परीक्षण कराने रूचि नहीं दिखाई।

**इस धारा के तहत होगी वसूली–** अतिक्रमणकारी अगर स्वतः कब्जा नहीं हटाता तो निगम अमला कार्रवाई करेगा। इस कार्रवाई में खर्च होने वाली राशि नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 307 एवं 321, 322 तहत अतिक्रमणकारी से वसूल की जाएगी।

**गार्डन चौक में आज चलेगा बुलडोजर–**मैत्री गार्डन चौक के निकट सड़क की जमीन पर तीन दुकान का निर्माण किया गया है। नोटिस के बाद भी दुकान को नहीं हटाया गया। तीनों दुकान को पुलिस की मौजूदगी में निगम कर्मी खाली कराने के बाद ध्वस्त करेंगे।

## अजय चंद्राकर के हाथो 830.13 लाख रुपये की विभिन्न निर्माण कार्यो का लोकार्पण



**कुरूद।**नगर पंचायत कुरूद में विकास की इबादत लिखने वाले क्षेत्र के विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अजय चंद्राकर के हाथो 830.13 लाख रुपये की विभिन्न निर्माण कार्यो का लोकार्पण शिलान्यास 31 मई को सुबह 11 बजे नया बाजार दुर्गा मंच, मंगल भवन परिसर कुरूद में होगा। नगर पंचायत कुरूद के तत्वाधान मे आयोजित कार्यक्रम में विधायक अजय चंद्राकर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे। जबकि नगर पंचायत कुरूद की अध्यक्ष ज्योति भानु चंद्राकर अध्यक्षता करेंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में निरंजन सिन्हा पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत कुरूद, रविकांत चंद्राकर पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत कुरूद, एलपी गोस्वामी संरक्षक अधिवक्ता संघ कुरूद, अनिल चंद्राकर संरक्षक राइस मिल एसोसिएशन कुरूद, भानू चंद्राकर विधायक प्रतिनिधि एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष नगर पंचायत कुरूद, रविकांत चंद्राकर पूर्व अध्यक्षनगर पंचायत कुरूद, कृष्णकांत साहू भाजपा मंडल अध्यक्ष कुरूद, डुमेश साहू नेता प्रतिपक्ष नगर पंचायत कुरूद, मालक राम साहू सामाजिक कार्यकर्ता एवं भाजपा नेता, प्रभात बैस भाजपा मंडल महामंत्री कुरूदयोगेंद्र सिन्हा अध्यक्ष व्यापारी संघ कुरूद, देव्रत साहू उपाध्यक्ष नगर पंचायत कुरूद, भोजराज चंद्राकर भाजपा नगर संयोजक कुरूद, सुरेश अग्रवाल भाजपा नेता कुरूद, मूलचंद सिन्हा अध्यक्ष प्रेस क्लब कुरूद, एवं समस्त पार्षद गण उपस्थित रहेंगे। नगर पंचायत कुरूद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने क्षेत्र के लोगों से उपस्थित की अपील की है। कार्यक्रम प्रधानमंत्री आवास, हितग्राहियों का सम्मान, नगर के टॉपर बच्चों का सम्मान, वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के लिए सम्मान, स्वच्छता दिदीयों को किट वितरण, प्रधानमंत्री गृह प्रवेश, कार्यक्रम पेंशन हितग्राही सम्मान, कार्यक्रम आयोजित होंगे।

## पुण्य श्लोक रानी अहिल्याबाई होलकर जी की 300 वी जयंती अवसर पर नगर पंचायत कुरूद ने किया महिला कमांडो एवं मितानिन बहनों का सम्मान

- रानी अहिल्याबाई महारानी होते हुए भी सेविका की तरह अपना सर्वस्व सनातन को समर्पित कर दिये : ज्योति चन्द्राकर



**कुरूद।** नगर पंचायत परिषद ने मगंल भवन कुरूद में पूण्य श्लोक महारानी अहिल्या बाई होलकर की 300 वी जयंती पर महिलाओं का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें मुख्य अतिथि ज्योति चन्द्राकर अध्यक्ष नगर पंचायत कुरूद, अध्यक्षता देवव्रत साहु उपाध्यक्ष नगर पंचायत कुरूद विशिष्ट अतिथि राजकुमारी दीवान पूर्व अध्यक्ष न प कुरूद, कृष्णकांत साहू भाजपा मंडल अध्यक्ष, भानु चन्द्राकर विधायक प्रतिनिधि नगर पंचायत कुरूद, मनीष साहू पार्षद, सभापति राजकुमारी ध्रुव, पार्षदगण कविता चन्द्राकर, रवि मानिकपुरी, उत्तम साहू, अर्जुन ध्रुव, पूर्व पार्षदगण सुनील चन्द्राकर, मूलचंद सिन्हा, रमेशर ध्रुव, तुमेश्वरी ध्रुव, भारती पंचायन, महिला मोर्चा के पदाधिकारियों मे भूमिका सिन्हा, सुरेखा चन्द्राकर, अनुराधा साहू, कमिथला साहु, ममता साहु, निशा वैष्णव, व्यापारी संघ के पदाधिकारियों में रवि चन्द्राकर, विकास चन्द्राकर के आतिथ्य में संपन्न हुआ। कुरूद में नशा मुक्ति अभियान के लिए बिड़ा उठाये सभी वार्डो के महिला कमांडो समितियों का सम्मान किया गया, साथ ही सभी वार्डो के मितानिन बहनो का भी सम्मान किया गया, कार्यक्रम को मुख्य अतिथि ज्योति चन्द्राकर सहित अध्यक्षता कर रहे देवव्रत साहु, विशिष्ट अतिथि राजकुमारी दिवान, कृष्णकांत साहु एवं भानु चन्द्राकर ने संबोधित किया, मंच का संचालन प्रभात बैस एवं आभार व्यक्त पार्षद मनीष साहु ने किया। नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर ने महिलाओं का सम्मान होना कुरूद के लिए गौरवान्वित करने जैसा है, रानी अहिल्याबाई महारानी होते हुए भी सेविका की तरह अपने जीवन को समर्पित किये, मोदी के गारंटी मे विष्णु के सुशासन और अजय के विकास रथ को निरंतर हर क्षेत्र हमारे नगर पंचायत कुरूद विकास के साथ साथ समाजिक विकास को निरंतर बढ़ाने का प्रयास कर रही है, यह क्रम निरंतर जारी है।

## छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को बस्तर पुलिस ने किया गिरफ्तार

### बोधघाट थाना क्षेत्र का हैं मामला

### एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायलय में किया गया पेश

### नाम आरोपी :-. 1. इशू दास उर्फ़ छोटे उम्र 39 वर्ष निवासी संतोषी वार्ड जगदलपुर



**जगदलपुर।** पुलिस अधीक्षक, श्री शलभ कुमार सिन्हा के नेतृत्व में बस्तर पुलिस के द्वारा अपराधिक तत्वों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। इसी तारतम्य में छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने में बस्तर पुलिस को सफलता मिली है। ज्ञात हो कि थाना बोधघाट क्षेत्र में पीड़िता उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 22.03.25 के रात्री 08/30 बजे पीड़िता अपने घर दुकान में थी, तभी संतोषी वार्ड निवासी इशू दास उर्फ़ छोटे सामान खरीदने के बहाने आया और, कहने लगा कि भैया तो आपसे बहुंत बड़ा है, वो तो आपसे प्यार नहीं कर पाता होगा, मैं रात में आपके छत में आऊंगा आप भी आना हम दोनों रात भर एन्जॉय करेंगे कहकर पीड़िता को अकेले पाकर गलत नियत से पीड़िता के हाँथ को पकड़कर खींचकर पीड़िता को चूमने का प्रयास कर रहा था, जिसे पीड़िता किसी तरह से अपने आप छुड़ाकर चिल्लाते हुए डर कर भाग गई, जिसके बाद उक्त आरोपी वहां से फरार हो गया, जिसके बाद कल दिनांक 27.05.25 के रात्री 08/00 बजे पीड़िता अपने दुकान के बाहर बैठी थी तब आरोपी वहां पर मोटर सायकल में आया और रुककर पीड़िता को चिल्ला कर बोला कि पिछली बातो को तुम पुलिस वालो क्यों बताई मैं तुमको मार दूंगा कहकर धमकाने लगा जिससे पीड़िता डर कर चिल्लाते हुए वहां से भाग गई, आस पास के लोग को देखकर वहां से भाग गया, पीड़िता कि रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर तत्काल पुलिस अधीक्षक श्री शलभ कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में अति. पुलिस अधीक्षक श्री माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री आकाश श्री श्रीमाल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में तत्काल कार्यवाही हेतु टीम तैयार किया गया, उक्त टीम के द्वारा प्रकरण के आरोपी इशू दास उर्फ़ छोटे पिता मसीह चरण उम्र 39 वर्ष निवासी संतोषी वार्ड जगदलपुर को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया जिसके द्वारा अपराध घटित करना कबूल करने से धारा 74,75 क्नहस के अंतर्गत गिरफ्तार कर उक्त आरोपी को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया है।

**एक पेड़ मां के नाम भी लगाएंगे पौधे**

## समाधान शिविर के साथ जल संरक्षण का लिया शपथ



**पाटन।** जनपद पंचायत पाटन अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत भर में छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार सुशासन तिहार समाधान शिविर का आयोजन किया गया जिसमे विभिन्न विभाग को मिले आवेदनों का निराकरण किया गया आपको बता दें 08 से 11 अप्रैल तक मिले आवेदनों का निराकरण कर लोगो को जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दिया गया साथ ही शिविर में तत्काल आवेदन आम लोगों से लिया गया जिसका निराकरण करने के लिए संबंधित विभाग को निर्देश दिया गया। साथ ही ÷कैच द रेन÷ जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। साथ ही पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां का नाम पौधा लगाने का लिया संकल्प। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने महिला बाल विकास विभाग द्वारा सुपोषण आहार टोकरी का वितरण कराया गया। समाधान शिविर में मुख्य रूप में जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू, जनपद पंचायत पाटन के अध्यक्ष कीर्ति नायक, उपाध्यक्ष कमलेश वर्मा, जनपद सभापति खेमलाल देशलाहरा, रवि सिन्हा, मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, रानी केशव बंछोर, युवा मोर्चा अध्यक्ष नारद साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष लेडलेश्वर साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। समाधान शिविर में सरपंच कौशल्या साहू,रूप सिंह सिन्हा, सुरेश बंछोर, दानी राम वर्मा, राजेश सरपंच करेला, धनराज साहू, निर्मल जैन, नरेश केला, दुलेश्वर सिंह, रामकुमार चंद्राकर पहुंचे थे। शिविर में कार्यक्रम के संचालन मोहित शर्मा ने किया। मौके पर जनपद पंचायत पाटन के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एडिशन सीईओ सहित सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।आभार व्यक्त ग्राम पंचायत सरपंच कौशल्या साहू ने किया। शिविर की समापन की घोषणा एडिशनल सीईओ ने किया।

## प्रधानमंत्री आवास के पात्र 170 हितग्राहियो की सूची कार्यालय में किया गया चस्पा

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पोटिया कला में निर्मित 116 आवास में से वर्तमान में 7 आवास हितग्राही अंशदान नहीं पटने की वजह से निरस्त किया गया है। रिक्त आवास हेतु 170 हितग्राही प्रतिक्षारत हैं।जानकारी के मुताबिक सभी हितग्राहियो को फोन के द्वारा सूचित किया जा चुका है। महापौर अलका बाघमार व आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर विभागीय द्वारा पात्र 170 हितग्राहियो की सूची डाटा सेंटर में प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यालय में चस्पा किया गया है ! प्रतीक्षारत हितग्राहियो को सूचित किया जाता है कि वे डाटा सेंटर में संपर्क कर इच्छुक हितग्राही तीन दिवस के भीतर हितग्राही अंशदान राशि जमा करें !

## पर्यावरण दिवस पर सभी से 5 पौधे लगाने की अपील



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा ने विश्व पर्यावरण दिवस पर लोगों से पौधे लगाने की अपील की है। विज्ञान सभा की ओर विश्वास मेश्राम ने बताया कि संगठन की ओर से विश्व पर्यावरण दिवस पर 5 जून को पेंटिंग प्रतियोगिता और पर्यावरण जागरूकता चौपाल सहित कई कार्यक्रम किए जाएंगे। इसके अलावा जनमानस और विज्ञान सभा के प्रत्येक सदस्यों से आम, नीम, कौहा (अर्जुन), बादाम, अमरूद, गुलमोहर, अमलतास, झगरंडा, झारुल, जामुन, बेल, महुआ और इमली आदि के कम से कम 5 पौधे लगाने की अपील की गई है। श्री मेश्राम ने कहा कि पौधे लगाने के लिए स्थान का चयन कर गड्ढे खुदाई का काम अभी से शुरू कर दिया जाए। पर्यावरण दिवस के संदर्भ में होने वाले आयोजनों से देश के प्रसिद्ध टैक्सनॉमिस्ट प्रोफेसर एम एल नायक,डॉ वाय के सोना, एनवायरनमेंट साइंटिस्ट जगदीशपुर बसना,डॉ के के सहारे एनस्थोलॉजिस्ट, डीन शासकीय मेडिकल कालेज कोरबा, डॉ अविनाश मेश्राम, डीन शासकीय मेडिकल कालेज अंबिकापुर सरगुजा, डॉ स्नेहलता हुमने, शिशु रोग विशेषज्ञ राजिम गरियाबंद, अनुपम जोफर, साहित्यकार राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित।



# संपादकीय

## आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई

पाकिस्तान को आतंकवाद के मुद्दे पर बेनकाब करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा गठित सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का पहला समूह विदेश दौरे पर रवाना हो गया। पहलगाम हमले और भारत-पास्तिान सैनिक संघर्ष के बाद विदेशों में प्रतिनिधिमंडल भेजने की कार्रवाई को कूटनीतिक या राजनयिक पहल के रूप में रेखांकित किया जा सकता है। वास्तव में इसका उद्देश्य विश्व समुदाय को भारत की स्थिति से परिचित कराना, पाकिस्तान की प्रायोजित आतंकवाद की काली करतूत बताना और विश्व जनमत को अपने पक्ष में करना है। भारत इस पहल के जरिए आतंकवाद के मसले पर पूरी दुनिया को एकजुट करना चाहता है। इस तरह के राजनयिक प्रयासों से पाकिस्तान पर वैश्विक दबाव बनाकर सीमा पार आतंकवाद को नियंत्रित किया जा सकता है। वैश्विक आतंकवाद ऐसी समस्या है जिसके विरुद्ध को एक देश लड़ाई नहीं लड़ सकता। लोगों को याद रखना चाहिए कि 11 सितम्बर, 2001 को जब अमेरिका के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर आतंकवादी हमला हुआ था तब राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू बुश ने आतंकवाद के खिलाफ युद्ध की घोषणा की थी। अमेरिका ने अलकायदा और ओसामा बिन लादेन को खत्म करने के लिए अफगानिस्तान पर हमला करके उसे तबाह कर दिया था। लेकिन क्षोभ इस बात होता है कि अमेरिका और पश्चिमी देश आतंकवाद के मुद्दे पर अलग-अलग नजरिया रखते हैं, जो उनके अपने राजनीतिक और आर्थिक हितों से प्रेरित हैं। जब अमेरिका और पश्चिमी देशों पर आतंकवादी हमले होते हैं तो उन्हें खत्म करने के लिए वे किसी भी सीमा तक चले जाते हैं, लेकिन जब गैर-पश्चिमी देशें पर आतंकवाद का कहर फूटता है तो खामोश हो जाते हैं। भारत तो दशकों से सीमा पार आतंकवाद से पीड़ित है। अनेकों बार भारत ने पाकिस्तान के आतंकवाद में संलिप्त होने का पुख्ता प्रमाण भी दिया है, लेकिन विश्व समुदाय कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर सका है। पाकिस्तान वैश्विक आतंकवाद का केंद्र है। पूरी दुनिया जानती है। इसके बावजूद अमेरिका उसे आर्थिक मदद और व्यापारिक रिश्ते बनाए रखता है। याद रखना चाहिए कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में विश्व समुदाय का सहयोग बहुत महत्त्व रखता है। उम्मीद की जानी चाहिए कि भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल के विदेश दौरे से अमेरिका और पश्चिमी देश आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई में एकजुटता दिखाएंगे।

# श्रुत पंचमी- ज्ञानामृत महापर्व

उदयभान जैन बड़जात्या

श्रुत पंचमी पर्व जैन धर्म में महापवों की श्रेणी में आता है। जैन धर्म एक ऐसा अनादिनिधन धर्म है



जिसमें सर्वाधिक पर्व आते हैं। ऐसा कोई भी दर्शन नहीं है जिसमें 250 से अधिक पर्व व महापर्व आते हों, एक मात्र जैन धर्म है जिसमें वर्ष में 250 से अधिक पर्व व महापर्व आते हैं। जैन धर्म में सच्चे-देव शास्त्र-गुरु की पूजा आराधना होती है, सच्चे देव यानि हमारे तीर्थंकर भगवन्त जिन्होंने सभी प्रकार के कर्मों का क्षय कर मोक्ष पद प्राप्त किया और तीर्थकर प्रकृति का बन्ध प्राप्त कर जन्म लिया। सच्चे शास्त्र यानि आगम प्रमाण, तीर्थकरों की वाणी जो आज हमें पढ़ने को मिलती हैं। सच्चे गुरू यानि निर्गन्थ सच्चे वीतरागी, मूलाचार आगम के अनुसार जिनकी चर्या है, ऐसे देव-शास्त्र-गुरू की पूजा की जाती है। आज वर्तमान पीढ़ी को इन पर्व व महापर्वों के बारे में ज्ञान होना अति आवश्यक है इन पर्वों में एक महान व अनूठा पर्व है श्रुत पंचमी, जो प्रतिवर्ष ज्येष्ठ शुक्ला पंचमी को सम्पूर्ण जैन समाज मनाता है इस पर्व में शास्त्र, जिनवाणी यानि ज्ञान की पूजा होती है।

हम सबको श्रुत पंचमी के बारे में ज्ञान होना आवश्यक है ज्ञान होगा तभी हम इस महापर्व को मनायेंगे। यह पर्व प्राकृत भाषा पर्व भी कहते हैं, और ज्ञानामृत पर्व भी कहते हैं। अब हम इस महापर्व के बारे में जानकारी लेना चाहते है:-

जैन धर्म अनादिनिधन धर्म है इसमें तीर्थकर भगवन्त होते हैं, जो हर काल में 24-24 होते हैं तीर्थकर भूतकाल के हो चुके हैं, भविष्य में भी 24 तीर्थकर होगे, यह आगम प्रमाण है यानि केवली, तीर्थकर भगवन्तों की वाणी है।

वर्तमान में 24 तीर्थकर हुए हैं, वर्तमान काल चल रहा है जिसमें अन्तिम तीर्थकर भगवान महावीर स्वामी हुए हैं, और प्रथम तीर्थकर भगवान ऋषभदेव हुए हैं, और इस प्रकार हम स्पष्ट रूप से कह सकते हैं कि भारतीय संस्कृति के आद्य प्रणेता भगवान ऋषभदेव हैं जिन्होंने मानव जगत को रहन-सहन की विभिन्न कलायें सिखाई।


अन्तिम तीर्थकर भगवान महावीर स्वामी के मोक्ष जाने के पश्चात 683 वर्ष तक श्रुत परम्परा यानि सुनने की परम्परा चली आ रही थी यानि भगवान महावीर स्वामी की वाणी गुरू-शिष्य परम्परा से प्रभावित होती रही। भगवान को जब केवलज्ञान की प्राप्ति हो गयी तब इन्द्रो ने (कुबेर, सोधर्म इन्द्र) समवशरण की रचना की, भगवान का समवशरण यानि धर्मसभा लगती है, तब उनकी दिव्य ध्वनि अनेकों भाषाओं में कार रूप में खिरती है। जिसे गणधर भगवन्त सुनते हैं, ग्रहण करते हैं, शब्द रूप में प्रस्तुत करते हैं जो सच्चे आगम, सच्चे शास्त्र है। श्रुत परम्परा भगवान महावीर स्वामी के निर्वाण के पश्चात कुछ वर्षों तक रही। जैनाचार्यों ने जब यह अनुभव किया कि शिष्य वर्ग की स्मरण शक्ति उत्तरोत्तर क्षीण होती जा रही है जिनवाणी यानि जिन आगम को कैसे सुरक्षित रखा जाय, यदि इसको सुरक्षित नहीं किया गया तो जिनागम, जिनवाणी समाप्त हो जायेगी, अत: उक्त परम्परा को शताब्दियों तक अबाध रूप से करने के लिए लिपिबद्ध होना अति आवश्यक है।

भगवान महावीर स्वामी के निर्वाण के पश्चात 3 अनुरुद्ध केवली हुए , इन्द्रभूति गणधर को केवलज्ञान हुआ, 12 वर्ष पश्चात सुधर्माचार्य जी को केवलज्ञान हुआ, तत्पश्चात 12 वर्ष बाद अनुबद्ध केवली जम्बू स्वामी हुए जिन्होंने मथुरा चौरासी (उत्तरप्रदेश) से निर्वाण प्राप्त किया। तत्पश्चात श्रुत केवली विष्णु कुमार, श्री नन्दिमित्र, श्री अपराजित जी, श्री गोवर्धन जी, एवं अंतिम श्रुत केवली श्री भद्रबाह जी थे आचार्य पूर्व द्वादशांग के ज्ञाता श्रुत केवली हुए। तदन्तर ग्यारह अंग और दश पूर्वों के नेता विशाखाचार्य जी, प्रोष्ठिनजी, क्षत्रिय जी ,जयनाग जी, सिद्धार्य जी, धृति सेन जो, विजय जी, बुद्धिल जी, गंगदेव जी और धर्मसेन जी आचार्य हुए तत्पश्चात नक्षत्र जी, जयपाल जी, पाण्डु जी, ध्रुवसेन जी , कंस जी ये 5 आचार्य ग्यारह अंगों के धारक हुए।

तदन्तर सुभद्र जी, यशोभद्र जी, यशोबाहु जी ओर लोहार्य जी ये चार आचार्य जी एक मात्र आचरंग के धारक हुए।

इसके पश्चात अंग और पूर्व वेत्ताओं की परम्परा समाम हो गयी। और सभी अंगों और पूर्वों के एक देश का ज्ञान आचार्य परम्परा से धरसेनाचार्य जी को प्राप्त हुआ।

धरसेनाचार्य जी गिरनार पर्वत की गुफा में रहते हुए, उनके मन में श्रुत संरक्षण का विचार आया और उन्होंने




निमित्त ज्ञान से अपनी अल्पायु जानकर श्रुत की रक्षार्थ महिमानगरी में एकत्रित मुनिसंघ के पास एक संदेश भेजा, मुनि संघ ने उस संदेश की पालना में, दो मुनियों को गिरनार भेज दिया, श्री धरसेनाचार्य जी ने उन मुनियों की विद्यामंत्र देकर परीक्षा ली, एक मुनिको एक अक्षर अधिक व एक को एक अक्षर कम वाला विद्या मंत्र देकर परीक्षा ली, और उपवास सहित साधने को कहा उन्होंने साधना की उन मंत्रो में त्रुटि का आभास हुआ और सही कर पुन: साधना की और साधना पूर्ण कर आचार्य श्री को उनकी सुपात्रता का आभास हो गया उन्हें अपना शिष्य बनाकर उसको सैद्धान्तिक देशना दी और उन शिष्यों का नाम भूतिवली और पुष्पदन्त रखा गया। परमपूज्य आचार्य श्री पुष्पदंत जी महाराज ने जिनवाणी का लेखन प्रारंभ किया, और 5 खण्ड सूत्र रूप में लिखे, दूसरे शिष्य भूतवली जी ने छठा खण्ड विस्तार से लिखा इस प्रकार छ: खण्ड छ: हजार श्लोक प्रमाण छ: खण्ड यथा जीव स्थान, क्षुद्रकबंध, बन्ध स्वामित्व, वेदनाखण्ड, वर्गणा खण्ड, महाबन्ध यानि षट् ?खण्डागम ग्रन्थ की रचना हुई और ज्येष्ठ शुल्क पंचमी के दिन चतुर्विध संघ सहित कृतिक्रम पूर्वक महापूजन की गयी और इसी ग्रंथ को पालकी में विराजमान कर भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। तभी से इसी दिन से श्रुत परम्परा को लिपिबद्ध परम्परा के रूप में प्रारम्भ किया गया और श्रुत आराधना, श्रुत पंचमी के रूप मनाते आ रहे है।

अत: यह दिवस शास्त्र उन्नयन के अन्तर्गत श्रुत पंचमी के नाम से प्रसिद्ध हुआ। श्रुत और आराधना का यह महान पर्व हमें वीतरागी संतों की वाणी , आराधना और प्रभावना का सन्देश देता है।

बन्धुओं हमारे गुरू आचार्यों की कठोर तपस्या का ही फल है आज हम सभी को जिन भगवन्तों, तीर्थंकरों की वाणी ग्रन्थ , शास्त्र रूप में पढ़ने को मिल रही है। ये ही जिनवाणी आगाम वाणी है, उसी प्रकार से शास्त्र पूज्यनीय है। जिस प्रकार हम अपने आराध्य देव व गुरूओं को पूजते हैं।

हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि जैन कुल में हमारा जन्म हुआ है तो हम इन शास्त्रों को जिनवाणी माँ को नित्य प्रतिदिन पढें, स्वाध्याय करें, छोटे-छोटे बालकों को युवा पीढी को संस्कारित करें, जिनवाणी की धूम-धाम से शोभायात्रा निकालें।

शास्त्रों का संरक्षण देखभाल, शास्त्र भंडारों की सफाई अपनी इस अमूल्य निधि की सुरक्षा होनी चाहिए जिस श्रद्धा से हम हमारे आराध्यों की यथा देव, गुरु की पूजा करते हैं उसी प्रकार जिनकी माँ की पूजा हो।

ज्येष्ठ सुदी पंचमी 31 मई 2025 को हम सभी को मिलकर मनाना चाहिए। अप्रकाशित दुर्लभ ग्रन्थों/ शास्त्रों को प्रकाशित करवाने के उ ?द्देश्य से यथाशक्ति अपने-अपने जिन मन्दिरों में दान देना चाहिये।

आप सभी को बताना उचित समझता हूँ कि पूर्व में जिन मन्दिरों में स्वाध्याय, जिनवाणी गद्दी हुआ करती थी, उन गद्दियों का यानि स्वाध्याय सभा का रूप होता था। सुबह-शाम जिनवाणी का वाचन, स्वाध्याय हुआ करता था आज यह परम्परा लोप हो गयी है, हम सभी का यह कर्तव्य है कि अपने स्वयं के कल्याण के साथ आगामी पीढ़ी के लिए भी इन गद्दियों को पुन: स्थापित करायें जिस प्रकार हमारे मन्दिरों में जिनेन्द्र देव की वेदियां होती हैं उसी प्रकार सुसज्जित आधुनिक संस्थानों से युक्त स्वाध्याय कक्ष, स्वाध्याय गद्दियां स्थापित होनी चाहिए । बन्धुओं इस दिन प्राकृत दिवस के रूप में मनायें जिनवाणी सजाओ/ निबंध आलेखन प्रतियोगिता भी आयोजित हों।

इन्हीं शुभ मंगलकामनाओं के साथ।

जय जिनवाणी माँ, जय ऋषभदेव, जय महावीर

जय भारत

## आलेख

# डिजिटल युग में सामाजिक रिश्तों की नई परिभाषा: एक विवेचनात्मक लेख

हर्ष शुक्ला

एक समय था जब रिश्तों की बुनियाद मोहल्ले की गलियों, आंगन की बैठकों और चिट्ठियों में लिखे शब्दों से जुड़ी होती थी। आज, हम उस मोड़ पर खड़े हैं जहाँ तकनीक ने संवाद की दिशा ही नहीं, उसकी आत्मा को भी बदल दिया है। डिजिटल युग ने रिश्तों को भौगोलिक सीमाओं से मुक्त किया है, लेकिन भावनात्मक दूरी का एक नया संसार भी रच दिया है।

### जुड़ाव का भ्रम: निकट होकर भी दूर

वर्तमान समय में स्मार्टफोन, सोशल मीडिया और मैसेजिंग ऐप्स ने संवाद को पहले से कहीं अधिक सुलभ बना दिया है। हम हजारों किलोमीटर दूर बैठे अपनों से पलक झपकते जुड़ सकते हैं, वीडियो कॉल्स से चेहरों को देख सकते हैं और इंस्टेंट मैसेजिंग से संवाद कर सकते हैं। लेकिन इसी सहजता में एक विडंबना भी छिपी है—हम डिजिटल रूप से जितना जुड़ते जा रहे हैं, भावनात्मक रूप से उतना ही अलग होते जा रहे हैं। परिवार में सदस्य एक ही छत के नीचे रहकर भी अपने-अपने स्क्रीन में खोए रहते हैं। लाइक और शेयर की दुनिया में कैसे हो? और सब ठीक है? जैसे आत्मीय सवाल कहीं खो जाते हैं। पुराने समय में रिश्ते समय, धैर्य और समझ से मजबूत होते थे। आज, सोशल मीडिया पर फ्रेंड रिक्वेस्ट से शुरू होकर ब्लॉक तक का सफर चंद मिनटों में तय हो जाता है। डिजिटल रिश्ते अक्सर तात्कालिक होते हैं और उनमें वास्तविक जीवन जैसी आत्मीयता, विश्वास और निरंतरता की कमी दिखाई देती है। ऑनलाइन संवाद की सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वह गैर-मौखिक संकेतों से विहीन होता है—न चेहरे का भाव, न स्वर की ऊष्मा। इमोजी से भावना जताई जाती है, पर वह भावनाओं को पूरी तरह व्यक्त नहीं कर पाती।

### तकनीक: अवसर भी, चुनौती भी

डिजिटल माध्यमों ने रिश्तों में नए आयाम भी जोड़े हैं। लंबे समय से दूर रहने वाले रिश्तेदारों से संपर्क बनाए रखना अब पहले से कहीं अधिक आसान है। समान सोच वाले लोग विभिन्न ऑनलाइन मंचों पर एक-दूसरे से जुड़कर समाज के प्रति जागरूकता फैला सकते हैं। आपात स्थितियों में त्वरित संवाद और सहायता देना भी संभव हो सका है। लेकिन इन सुविधाओं के साथ कई खतरे भी जुड़े हैं—साइबरबुलिंग, गोपनीयता का हनन, और ऑनलाइन धोखाधड़ी जैसे जोखिम। सोशल मीडिया पर दूसरों की आर्दश जिंदगी देखकर अपनी वास्तविकता से असंतोष उत्पन्न होना भी आम हो गया है, जिससे मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर पड़ता है।

### अब वक्त है संतुलन साधने का

यह आवश्यक है कि हम डिजिटल युग को कोसने के बजाय इसके सकारात्मक उपयोग की दिशा में कदम बढ़ाएं। तकनीक को रिश्तों का विकल्प नहीं, सहयोगी बनाएं। परदे की दुनिया से बाहर निकलकर आमने-सामने बैठकर बातचीत की परंपरा को पुनर्जीवित करें। साप्ताहिक 'डिजिटल डिटॉक्स' जैसी पहलें अपनाकर परिवार के साथ समय बिताने की आदत डालें।जैसे आत्मीय सवाल कहीं खो जाते हैं। पुराने समय में रिश्ते समय, धैर्य और समझ से मजबूत होते थे। आज, सोशल मीडिया पर फ्रेंड रिक्वेस्ट से शुरू होकर ब्लॉक तक का सफर चंद मिनटों में तय हो जाता है। बच्चों को सिखाएं कि तकनीक जरूरी है, लेकिन इंसानी जुड़ाव उससे कहीं ज्यादा मूल्यवान है। निष्कर्षत:, डिजिटल युग में रिश्तों का स्वरूप चाहे जितना बदल गया हो, उनके मूल तत्व—विश्वास, समझदारी और संवेदनशीलता—अब भी उतने ही प्रासंगिक हैं। यदि हम तकनीक को संतुलन से अपनाएं, तो यह युग भी रिश्तों को सशक्त करने वाला सिद्ध हो सकता है, ना कि उन्हें खोखला करने वाला।

# होटल प्रबंधन संस्थान में करियर निर्माण..... सीमाओं को तोड़कर परिवर्तन की नयी राह

ज्ञान भूषण, डॉ प्रतीक घोष

नयी ऊर्जा से भरपूर वैश्विक आतिथ्य उद्योग के विस्तार के साथ भारत आतिथ्य के क्षेत्र में कुशल पेशेवर कर्मियों का शक्ति केंद्र बनने के लिए तैयार हो रहा है। भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के अंतर्गत काम करने वाले होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) इस सिलसिले को आगे बढ़ाने में सबसे आगे हैं। इन संस्थानों को बहुत लंबे समय से उत्कृष्टता, व्यावहारिक प्रशिक्षण और विश्व स्तरीय पेशेवरों को तैयार करने की प्रतिबद्धता के लिए जाना जाता है। इन संस्थानों में अब आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए प्रवेश शुरू हो गए हैं। ऐसे में इच्छुक छात्रों के लिए आतिथ्य के क्षेत्र में संतोषजनक करियर बनाने पर विचार करने का इससे बेहतर कोई और समय नहीं हो सकता। होटल प्रबंधन संस्थान की विरासत पद्म संजीव कपूर, शेफ मंजीत गिल, पुनीत चटवाल, रंजू एलेक्स, पद्म शेफ दामू जैसी शख्सियतों से समृद्ध है। वास्तव में, अनुभवी और अपने क्षेत्र के दक्ष लोगों की यह सूची बहुत लंबी है। इसे और भी बढ़ाया जा सकता है और इसमें कई विख्यात मिशेलिन-सितारों और हस्तियों को शामिल किया जा सकता है। यह शानदार सूची आतिथ्य के क्षेत्र में नेतृत्व प्रदान करने के मामले में न केवल भारत बल्कि संपूर्ण विश्व में होटल प्रबंधन संस्थान की गहरी पहुंच और व्यापकता को स्पष्ट रूप से दर्शाती है। देश भर के होटल प्रबंधन संस्थान परिवर्तन के दौर से गुजर रहे हैं ताकि वे राष्ट्रीय प्राथमिकताओं और वैश्विक स्तर पर उद्योग जगत की मांगों की पूर्ति के अधिक करीब हो सकें। सरकारी दिशा-निर्देशों और उद्योग जगत की प्रतिक्रिया के आधार पर तेजी से लाए जा रहे परिवर्तनों के साथ इन संस्थानों में बेहतरीन रूप से प्रभावशाली शिक्षण वातावरण विकसित किया जा रहा है जिसमें न केवल छात्रों को शिक्षित किया जा सके बल्कि आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए सक्षम होने हेतु प्रेरित भी किया जा सके। होटल प्रबंधन संस्थान आतिथ्य उद्योग के साथ संबंधों को मजबूत कर रहे हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वहां जो पढ़ाया और सिखाया जा रहा है उसमें उद्योग की अपेक्षाएं प्रदर्शित हों। इस तरह की साझेदारी से पाठ्यक्रम की प्रासंगिकता बढ़ती है, छात्रों को उद्योग जगत का मूल्यवान अनुभव प्राप्त होता है और रोजगार के लिए उनका आसानी से प्लेसमेंट सुनिश्चित होता है। इस प्रयास में ताज, मैरियट, ओबेरॉय, आईटीसी जैसे होटल ब्रांड और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सक्रियता से सहयोग कर रहे हैं। वे इंटर्नशिप, भर्ती सहायता और मेंटरशिप के अवसर प्रदान कर रहे हैं। केंद्रीय होटल प्रबंधन संस्थानों और प्रमुख होटल श्रृंखलाओं के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर इस सहयोग को और मजबूत करता है जिससे छात्रों को सुव्यवस्थित तरीके से संकाय-उद्योग संपर्क, संयुक्त रूप से अनुसंधान और सीखने के व्यावहारिक अनुभव के लाभ मिल पाते हैं। एक समर्पित कार्य बल ने नए-नए विषयों को शामिल करने के लिए होटल प्रबंधन संस्थानों के पाठ्यक्रम को संशोधित किया है ताकि उन्हें भविष्य के लिए तैयार रहने योग्य बनाया जा सके। इसमें आतिथ्य के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग, डिजिटल मार्केटिंग, सतत पर्यटन से लेकर सांस्कृतिक विविधता प्रबंधन तक विभिन्न विषय शामिल किए गए हैं। इस तरह यह पाठ्यक्रम अब यह दर्शाता है कि 21वीं सदी में कार्य करने वाले कर्मियों की आवश्यकताएं क्या होंगी। छात्रों को न केवल मुख्य तौर पर होटल संचालन में बल्कि व्यवहार कुशलता, उद्यमिता और उभरती हुई तकनीकों में भी प्रशिक्षित किया जाता है। ये ऐसे कौशल हैं जो उन्हें बहुमुखी और वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धा में शामिल होने के योग्य बनाते हैं। होटल प्रबंधन संस्थानों ने इस क्षेत्र में काम करने की अधिक सामर्थ्य और संभावना वाले छात्रों को आकर्षित करने की आवश्यकता की पहचान करते हुए प्रवेश में वृद्धि के प्रयासों पर ध्यान केंद्रित किया है। इनमें शामिल हैं: विद्यालयों और कैरियर मेलों में जागरूकता अभियान। आतिथ्य शिक्षा के महत्व को बढ़ावा देने के लिए मीडिया के माध्यम से लोगों तक पहुंच। डिजिटल मंचों पर उपस्थिति में वृद्धि, जिससे छात्रों और अभिभावकों को प्रवेश संबंधी विवरण की जानकारी आसानी से मिल जाती है। इसके अतिरिक्त, होटल प्रबंधन संस्थान प्रवेश की प्रक्रिया (एनसीएचएम-जेईई) को सुव्यवस्थित करने, इसमें पारदर्शिता, कुशलता बढ़ाने और छात्रों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। प्लेसमेंट में निरंतरता के प्रदर्शन के लिए होटल प्रबंधन संस्थानों की व्यापक रूप से प्रतिष्ठा है। इनके अंतिम वर्ष के छात्रों को शीर्ष आतिथ्य श्रृंखलाओं, एयरलाइनों, क्रूज लाइनों और बहुराष्ट्रीय निगमों में नियुक्त किया जाता है। होटल प्रबंधन संस्थानों में बने प्लेसमेंट सेल उद्योग जगत के साथ सक्रियता से जुड़े रहते हैं ताकि यह सुनिश्चित कर सकें कि उनके स्नातकों के लिए शानदार नौकरियों के प्रस्ताव सुरक्षित हों।

# नेताओं के बिगड़े बोल के लिए राजनीतिक दल जिम्मेदार

योगेंद्र योगी

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सरकार को गिराने की कोशिशों से नाराज होकर कांग्रेस के बागियों को काले नाग और बिकाऊ करार दिया था और अपने चुनावी अभियान के दौरान भी बिकाऊ बनाम टिकाऊ के नारे का इस्तेमाल किया था। देश की एकता, अखंडता और सम्प्रभुता के लिए सीमा पार से मिलने वाली चुनौती का भारत ने न सिर्फ वर्तमान में बल्कि पूर्व में बखूबी जवाब दिया है। भारत बाहर से मिलने वाली हर चुनौती से निपटने में सक्षम है। ऑपरेशन सिंदूर से भारत ने यह दृढ़ता विश्व में साबित कर दी है। देश के सामने असली दिक्कत अंदरुनी है। अंदरुनी चुनौतियां से निपटना आसान नहीं हैं, वह भी यदि ऐसी हरकतें नेताओं और जनप्रतिनिधियों द्वारा की जाए। जिन पर हर सूरत में देश की आन-बान-शान को ऊंचा रखने की जिम्मेदारी हो, यदि वो ही निम्नस्तरीय कृत्य पर उतर आएं तो सवाल खड़े होना लाजिमी है। मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह ने भारत की जांबाज सेना की अफसर और जज्बे से देश की आईकोन बनी कर्नल सोफिया के बारे अनर्गल टिप्पणी करके कई सवालों को जन्म दिया है। ऐसा नहीं है कि मंत्री विजय शाह ऐसा कृत्य करने वाले अकेले नेता हैं, जिनकी वजह से देश का नीचा देखना पड़ा है। ऐसा करने वाले नेता की लंबी फेहरिस्त है, जिनके बिगड़े बोल से देश और समाज का सौहार्द्र प्रत्यक्ष या परोक्ष तौर पर प्रभावित हुआ है। मध्यप्रदेश के इस मंत्री को बेशक सजा मिल जाए, इसके बाद भी बड़ा सवाल यही है कि आखिर वह कौनसी वजह है कि नेताओं की जुबान काबू में नहीं रहती। सवाल यह भी है कि वैमनस्य का जहर घोलने वाले ऐसे नेताओं के मामले में कानूनी कार्रवाई का इंतजार क्यों किया जाता है। राजनीतिक दल आगे बढ़ कर कार्रवाई की नजीर पेश क्यों नहीं करते। यदि राजनीतिक दलों ने नेताओं के लिए कोई लक्ष्मण रेखा खींची होती और उसका उल्लंघन करने पर कार्रवाई निर्धारित कर रखी होती तो ऐसी नौबत नहीं आती। दूसरे शब्दों में कहें तो राजनीतिक दलों की शह ही ऐसे नेताओं के बिगड़े बोलों के लिए जिम्मेदार है। इनकी अनदेखी करने से नेताओं में प्रलाप करने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। विगत चुनावों में यदि नेताओं पर दलों ने लगाम कसी होती तो ऐसी पुनरावृत्ति नहीं होती। लोकसभा चुनाव 2024 में प्रचार के दौरान कई बार भाषायी मर्यादा टूटती दिख रही, किन्तु किसी भी पार्टी ने इस पर चिंता नहीं जताई और नेताओं को म्यान में रहने की हिदायतें नहीं दी। कांग्रेस के नेता रणदीप सुरजेवाला ने



भाजपा की मथुरा से सांसद हेमा मालिनी के बारे में अमर्यादित टिप्पणी की थी, जिसके बाद चुनाव आयोग की तरफसे कार्रवाई भी की गयी, किन्तु कांग्रेस ने सुरजेवाला के खिलाफ महिलाओं की मर्यादा को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत के सोशल मीडिया अकाउंट से एक्ट्रेस कंगना रनौत को लेकर एक आपत्तिजनक पोस्ट शेयर की। इसके जवाब में कंगना ने कहा कि हर महिला गरिमा की हकदार है। हालांकि, विवाद बढने् पर सुप्रिया श्रीनेत के अकाउंट से पोस्ट डिलीट कर दी। चुनाव आयोग की तरफसे उन्हें नोटिस दिया गया था। कंगना रनौत भी नाम लेकर निजी टिप्पणी करने में पीछे नहीं रहीं। कंगना ने राहुल गांधी और मंडी सीट से उनके प्रतिद्वंद्वी विक्रमादित्य सिंह को क्रमश: 'बड़ा पप्पू और 'छोटा पप्पू कहा। उन्होंने अपने चुनाव प्रचार अभियान के दौरान पूर्व प्रधान मंत्री जवाहरलाल नेहरू और उनके पिता मोतीलाल नेहरू से लेकर इंदिरा गांधी और सोनिया गांधी सहित गांधी-नेहरू परिवार को निशाना बनाया और कांग्रेस को 'एक बीमारी और अंग्रेजों द्वारा छोड़ी गई दीमक करार दिया, जो उनके मुताबिक 2014 तक देश को खा रही थी। हिमाचल की प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा ने रनौत को परी करार देते हुए कहा है कि लोग केवल उन्हें देखने आते हैं। प्रतिभा के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कि कंगना की मां आशा रनौत ने कहा था कि वरिष्ठ कांग्रेस नेता ये हुस्न परी है, और ये क्या चीज है जैसी टिप्पणियां कर रही हैं और यह भूल गई हैं कि उनके घर में भी बेटियां हैं। उन्होंने कहा कि एक मां होने के नाते मुझे दुख होता है और मुझे लगता है कि ऐसी टिप्पणियों से अन्य मांएं भी दुखी हो रही हैं। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सरकार को गिराने की कोशिशों से नाराज होकर कांग्रेस के बागियों को काले नाग और बिकाऊ करार दिया था और अपने चुनावी अभियान के दौरान भी बिकाऊ बनाम टिकाऊ के नारे का इस्तेमाल किया था। बिहार भाजपा के प्रमुख सम्राट चौधरी के बयान पर काफी विवाद देखने को मिला था। सम्राट चौधरी ने कहा था कि टिकट बेचने में लालू यादव ने अपनी बेटी को भी नहीं छोड़ा। पहले अपनी बेटी की किडनी ली और उसके बाद लोकसभा चुनाव का टिकट दे दिया। सम्राट चौधरी ने कहा था कि आगामी चुनाव में मैदान में उतरने से पहले लालू ने अपनी बेटी की किडनी ले ली। राजद की तरफसे इसे लेकर जमकर आपत्ति जतायी गयी थी। गिरिराज सिंह के बयान पर भी विवाद हुआ था। केंद्रीय मंत्री सिंह ने कहा था कि मुस्लिम महिलाओं द्वारा बुर्के की आड़ में मतदान को प्रभावित करने व रोकटोक पर विवाद करने की घटनाएं सामान्य हैं। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार पोलिंग एजेंटों द्वारा आपत्ति करने पर उनकी पहचान सुनिश्चित करने से किसी की धार्मिक भावनाएं आहत नहीं होती है।


## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षा रत्न सम्मान से सम्मानित हुए नवाचारी शिक्षक महेन्द्र, राष्ट्रीय संस्था नवाचारी गतिविधियां समूह भारत ने 150 से अधिक शिक्षकों का किया सम्मान



**आरंग ( विश्व परिवार )।** गुरुवार को नवाचारी गतिविधियां समूह भारत द्वारा प्रदेश स्तरीय, नवाचार करने वाले शिक्षकों का सम्मान समारोह का आयोजन रायपुर डाइट के हनुमान हाल में किया गया। जिसमें शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चरौदा में पदस्थ शिक्षक महेन्द्र कुमार पटेल को नवाचारी गतिविधियां समूह प्रमुख संजीव कुमार सूर्यवंशी व डाइट के प्राचार्य बी एल देवांगन के कर कमलों से शिक्षा रत्न सम्मान से सम्मानित किया। शिक्षक पटेल ने बताया यह संस्था देश भर के अलग-अलग क्षेत्रों में नवाचार कर रहे शिक्षको का समूह है।जो प्रतिवर्ष छत्तीसगढ़ सहित प्रत्येक राज्यो के विकासखंड स्तर पर नवाचार करने वाले उत्कृष्ट शिक्षको का चयन कर सम्मानित करते हैं।इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ के 150 से अधिक शिक्षक शिक्षिकाओं को चयनित कर सम्मानित किया गया। वहीं शिक्षक महेन्द्र को शिक्षा रत्न सम्मान मिलने पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा, जनपद सीईओ कुमार सिंह लहरें, विकासखंड स्रोत समन्वयक मातलीनंदन वर्मा, नवाचारी गतिविधियां समूह सदस्य शिक्षिका शीला गुरु गोस्वामी, नवाचारी शिक्षक अरविंद वैष्णव, शिक्षक संगठन से हरीश दीवान, सामाजिक संगठन पीपला वेलफेयर फाउंडेशन, रानी पद्मावती महिला संगठन, कलाकार संगठन, किसान संगठन, सामाजिक जनों सहित पदस्थ संस्था के शिक्षको व बच्चों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दिए हैं।

### विद्वत् परिषद के तत्वावधान में श्रुत पंचमी महापर्व पर आयोजित होगी राष्ट्रीय बेबीनार



**ललितपुर ( विश्व परिवार )।** अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन विद्वत् परिषद (रजि) के तत्वावधान में जैनधर्म के प्रमुख पर्व श्रुत पंचमी महापर्व पर एक राष्ट्रीय बेबीनार का आयोजन शाम 7 बजे से परिषद के प्रोफेसर अशोककुमार जैन वाराणसी (प्रोफेसर काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी) की अध्यक्षता में आयोजित होगी। जिसमें राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित प्रोफेसर सुदर्शन लाल जैन भोपाल एवं युवा मनीषी डॉ पंकज जैन श्रुत पंचमी पर्व के अवसर पर मुख्य वक्ता एवं युवा वक्ता के रूप में अपना व्याख्यान देंगे। स्वागत भाषण प्रोफेसर विजय कुमार जैन लखनऊ करेंगे। संचालन नगर के युवा मनीषी डॉ सुनील संचय ललितपुर करेंगे। आभार प्राचार्य महेंद्र कुमार जैन व्यक्त करेंगे। तकनीकी संयोजन डॉ प्रदीप जैन तारादेही व डॉ किरण प्रकाश जैन सांगानेर करेंगे।

### वार्ड क्रं.-22 कुरूद में हो रहे 200 से अधिक अवैध प्लाटिंग के विरूद्व कार्यवाही की गई



**भिलाईनगर ( विश्व परिवार )।** प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड क्रं. 22 शीतला तालाब कुरूद से लगे हुए क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग की जा रही है। वहां पर प्लाट विक्रेताओ द्वारा छोटे-छोटे प्लाट काटकर मार्किंग कर दिया गया है। वहां स्थानीय दलाल सक्रिय होकर लोगो को दिग-भ्रमित करके प्लाट बेच रहे है। आज सुबह आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, कार्यपालन अभियता विनीता वर्मा को लेकर उस क्षेत्र का निरीक्षण करने गये, मौके पर शिकायत सही पाई गई। उन्होने वहीं से जोन आयुक्त येशा लहरे, भवन अनुज्ञा अधिकारी अरविंद शर्मा को फोन किये कि तत्काल अपना दल लेकर आए और अवैध प्लाटिंग के विरूद्व कार्यवाही करें।

## पट्टाचार्य विशुद्ध सागर की अगवानी शोभा यात्रा में गूंजे नमोस्तु शासन जयवंत हो के जयकारे

**लहराई धर्म ध्वजा, शहर ने कहा- नमोस्तु नमोस्तु नमोस्तु**



**भोपाल ( विश्व परिवार )।** राजधानी की जैन समाज के लिए आज का दिन भक्ति से भरा विशेष था, आचार्य विशुद्ध सागर महाराज की अगवानी शोभायात्रा धर्म ध्वजा के साथ निकली, आचार्य श्री के साथ संघ के 32 मुनि राज आए, सुबह बैरागढ़ से पद विहार शुरू हुआ मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालु खड़े हुए थे पाद प्रक्षालन और आरती उतार कर अगवानी की पंचायत ट्रस्ट मंत्री मनोज आर एम ने बताया दिगंबर जैन पंचायत कमेटी ट्रस्टके तत्वाधान में भोपाल के सांसद आलोक शर्मा और महापौर मालती राय के साथ ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज बांगा की अगुवाई में मंदिर समितियां के अध्यक्ष पदाधिकारी विभिन्न सामाजिक संगठन राजनीतिक संगठनों के लोग मौजूद थे, कलेक्ट्रेट के सामने पंचायत समिति ट्रस्ट के मंच से मुनि विनंद सागर महाराज ने आचार्य श्री का पाद प्रक्षालन कर परिक्रमा कर वंदना की ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज बांगा और मंत्री मनोज आर एम और अन्य पदाधिकारी ने भी अचार्य संघ का पाठ प्रक्षालन कर राजधानी प्रवेश पर भव्य अगवानी की, , शोभा यात्रा में नमोस्तु शासन जयवंत हो के जयकारे गूंजते रहे और संपूर्ण मार्ग में लोग नमोस्तु नमोस्तु कर आचार्य श्री के दर्शन करते रहे प्रवक्ता अंशुल जैन ने बताया पाठशाला परिवार और समाज के युवा युवतियों के दिव्य घोष के साथ नागपुर और तमिलनाडु से आए वाद्य यंत्रों के समूह अपनी विशेष प्रस्तुतियां के साथ गुरु भक्ति कर रहे थे विभिन्न मार्गो से होती है शोभायात्रा चौक पहुंचकर धर्म सभा में परिवर्तित हो गई, अच्छा श्री ने आशीर्वचन में कहा संसार में ऐसा जीवन जियो जैसे जन्म पर सभी मुस्कुराते हैं खुशियां मनाते हैं पर जब दुनिया से जाओ तो हर आंखें नम हो और सभी याद करें। **-अंशुल जैन**

## पट्टाचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज जी के शिष्यों ने किये मांगीतुंगी के दर्शन : सिद्ध सागर जी महाराज



**मांगीतुंगी ( विश्व परिवार )।** पट्टाचार्य श्री विशुद्धसागर महाराज जी के परम प्रभावी शिष्य सिद्ध सागर जी महाराज जी ने कहा कि सारस्वत सागर जी महाराज, जयंत सागर जी महाराज, सिद्ध सागर जी महाराज एवं क्षुल्लक श्रुत सागर महाराज जी का मागितुंगी में 25 मई को मंगल प्रवेश हुआ।

पट्टाचार्य श्री विशुद्धसागर महाराज जी के परम प्रभावी शिष्य सिद्ध सागर जी महाराज जी ने कहा कि जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव की 108 फुट ऊंची प्रतिमा को 'गिनीज वर्ल्ड रिकार्डस' में सबसे विशाल जैन प्रतिमा के रूप में शामिल किया गया है। इस प्रतिमा को एक ही पत्थर को तराशकर बनाया गया है। इस 108 फिट उत्तुंग आदिनाथ भगवान जी प्रतिमा के दर्शन करके हम सभी धन्य हुये।

सन 2024 में आचार्य विशुद्ध सागर महाराज जी ससंघ ने जम्बूद्वीप हस्तीनापुर के दर्शन किये थे। गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी जहाँ उन्होंने सम्पूर्ण भारत की पदयात्रा कर शताधिक आत्माओं में वैराग्य की ज्योति जगाई है, वहीं हस्तिनापुर में दिगंबर जैन त्रिलोक शोध संस्थान के प्रबंधकों को प्रेरणा देकर जम्बूद्वीप की प्रतिकृति के रूप में न केवल जैन समाज अपितु सम्पूर्ण विश्व को एक अद्वितीय उपहार दिया है। खुले आकाश के नीचे वलयाकार लवण समुद्र से वेष्ठित 101 फीट उत्तुंग सुमेरु के चारों ओर बनी जम्बूद्वीप की भव्य रचना को देखकर तिलोयपण्णत्ति, जम्बूद्वीवपण्णत्तिसंगहो में निहित भूगोल विषयक सामग्री को सहज ही हृदयंगम किया जा सकता है।

**-अभिषेक अशोक पाटील**

## श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर की परीक्षा सम्पन्न

**शिक्षा के साथ बच्चों में अच्छे संस्कारों का रोपण करें : हर्ष भैया**





**ललितपुर ( विश्व परिवार )।** दिगम्बर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर के तत्वाधान में जिला शिविर संयोजक डॉ. आलोक शास्त्री एवं पं. मुकेश शास्त्री के मार्गदर्शन में तालबेहट के वासुपूज्य दिगम्बर जैन मंदिर में आठ दिवसीय श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर के उपरांत परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें 40 महिला-पुरुष एवं ज्ञानोदय श्रमण संस्कृति पाठशाला के 20 बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर हर्ष भैया बड़ागांव ने कहा बच्चों में शिक्षा के साथ अच्छे संस्कारों का रोपण करें। नितिन भैया टीकमगढ़ ने कहा संस्था का उद्देश्य है जैन धर्म की प्रववना के साथ श्रमण संस्कृति जयवंत हो। कार्यक्रम के शुभारम्भ में रचना पुष्पेंद्र जैन ने ध्वजारोहण एवं अलका हितेंद्र पवैया ने मंगल कलश की स्थापना की। बहुमण्डल वासुपूज्य जिनालय के तत्वाधान में जैन धर्म के 16 वें तीर्थंकर भगवान शान्तिनाथ स्वामी का जन्म तप एवं मोक्ष कल्याणक मनाया। जिसमें भक्तिभाव से निर्वाण लाडू चढ़ाया एवं भक्तामर पाठ के साथ 48 दीपक प्रज्वलित कर मंगल आरती उतारी। सांगानेर से पधारे हर्ष भैया बड़ागांव एवं नितिन भैया टीकमगढ़ के नेतृत्व में शिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें रत्नकरण्डक श्रावकाचार, द्रव्य संग्रह, छहढाला एवं बालबोध भाग-1 व 2 की परीक्षा आयोजित की गयी। संचालन पावागिरि क्षेत्र प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष विशाल जैन पवा ने किया। आभार व्यक्त प्रवीण भंडारी एवं कपिल मोदी ने संयुक्त रूप से किया। **-विशाल जैन**

## अभाविप इकाई, नवापारा ने चलाया हमर चिरई, हमर चिन्हारी के तहत सकोरा अभियान

**गर्मी के दिनों में पक्षियों के लिए सकोरों में दाना व पानी रख विद्यार्थी परिषद ने दिया सेवार्थ का संदेश**



**नवापारा राजिम ( विश्व परिवार )।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई, नवापारा के द्वारा इस भीषण चिलचिलाती गर्मी में पक्षियों के लिए जल प्रबंधन हेतु हमर चिरई, हमर चिन्हारी के तहत सकोरा अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत सकोरों को गोबरा नवापारा के विद्यालयों व महाविद्यालयों में लगाकर उनमें पक्षियों के लिए दाना व पानी रखा गया।

प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व नगर मंत्री दीपक साहू ने कहा कि गर्मी का मौसम शुरू हो गया है और पशु पक्षियों को पानी की किल्लत शुरू होने लगी है। इसी समस्या को देखते हुए, अभाविप द्वारा इस सकोरा अभियान को चलाया जा रहा है। अभाविप केवल शैक्षणिक गतिविधियों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह एस.एफ.डी. सेवार्थ जैसे कई माध्यमों से सामाजिक दायित्वों का भी निर्वहन कर रहा है।

नगर सहमंत्री कुंदन सोनकर ने कहा कि गर्मी के मौसम में जल के अभाव के कारण पक्षियों को जीवन निर्वाहन में अत्यधिक कठिनाई होती है। ऐसे में इस प्रकार की छोटी छोटी पहल भी जीवनदायिनी सिद्ध होती है।

कार्यालय मंत्री कुनाल साहू ने कहा कि पेड़ पौधों की लगातार कटाई से पक्षियों व वन प्राणियों पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। ऐसे में हम सभी को पर्यावरण की रक्षा करना चाहिए।

## युवाओं को सेल्फ डिपेंडेंट बनाएगी हमारी नई शिक्षा नीति : डॉ. डी.पी. सिंह



**रांची ( विश्व परिवार )।** हमारी नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति को बहुत ही सोच-विचार कर तैयार किया गया है। नयी शिक्षा नीति हमारे युवाओं को सेल्फ डिपेंडेंट बनाने के साथ ही विश्व के युवाओं के समकक्ष खड़ा होने के लिए तैयार करेगी। यह कहना है डॉ. प्रो. डीपी सिंह का। डॉ. सिंह वर्तमान में टाटा इंस्टीच्यूट ऑफ सोशल साइंसेस के चांसलर है।

वे यूजीसी के पूर्व चेयरमैन और तीन यूनिवर्सिटी के वीसी रह चुके हैं। श्री सिंह अबतक डेढ़ दर्जन से ज्यादा देशों में अपना पेपर प्रेजेंट कर चुके हैं और इंडिया को रिप्रजेंट कर चुके हैं।

डॉ. सिंह कहते हैं कि पूरे विश्व में जो परिस्थितियां बन रही है, वैसी पहले कभी नहीं थी। भविष्य में जो होना है, उन परिवर्तनों से हमारे बच्चों को रुबरु करवाने में हमारी नयी शिक्षा नीति पूरी तरह से सक्षम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जो नयी शिक्षा नीति लायी गयी है उसकी मंशा यह है कि हमारे युवा वैश्विक नागरिक के रूप में तैयार तो हो ही, साथ ही अपनी परंपराओं, अपने जड़ से भी जुड़े रहें। यह दस्तावेज नये भारत के निर्माण का दस्तावेज है, जो आत्मनिर्भर भारत को बनाने में बड़ी भूमिका निभाएगा।

डॉ. सिंह ने कहा कि ग्रामीण शिक्षा और शहरी शिक्षा तथा सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में जो खाई है, उसे पाटने की पूरी कोशिश नयी शिक्षा नीति में की गयी है। शिक्षा विभाग ने समानता का नारा देते हुए इसपर विशेष ध्यान दिया है। उन्होंने कहा कि एनसीईआरटी की ओर से समय-समय पर लगातार ऐसे कार्य किये जा रहे हैं, जिससे हर वर्ग के बच्चों को अच्छी शिक्षा दी जा सके। इसके लिए तरह-तरह के फेलोशिप की भी व्यवस्था की गयी है। बच्चों को पूरी तरह से क्वालिटी एजुकेशन मिले, किसी भी प्रतिभा का कहीं से कोई नुकसान न हो, इस पर नयी शिक्षा नीति का पूरा ध्यान है।

## सुशासन तिहार-2025 : जामुल में समाधान शिविर का आयोजन सुरडुंग के मंगल भवन में किया गया



**जामुल ( विश्व परिवार )।** नगर पालिका परिषद जामुल क्षेत्र में सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन सुरडुंग के मंगल भवन में आयोजन किया गया। जिसमें वार्ड क्र. 19 एवं 20 के वार्डवासियों के समस्याओं का निराकरण किया गया। आज के समाधान शिविर का समापन नपा अध्यक्षए श्री ईश्वर सिंह ठाकुर ने गर्भवती महिलाओं को सुपोषण टुकनी प्रदान कर किया और कहा कि हमारे राज्य शासन द्वारा आयोजित सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर में विभागीयवार प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया गया है। इसके लिए मै हमारे नगर के सीएमओ श्रीमती सीमा बख्शी एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारी को बधाई देता हूं। इसके साथ ही अपेक्षा करता हूं कि समाधान शिविर के अंतर्गत या हमारे पालिका से संबंधित कोई समस्या आती है। तो इसका समाधान भी शीघ्र ही करेंगें, ताकि हमारे नगर के जनता को शीघ्र ही लाभ मिलें। समधान शिविर के समापन अवसर में आभार प्रदर्शन मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती सीमा बख्शी ने किया।

आयोजित शिविर में प्रमुख रूप से महामंत्रीगण प्रेमलाल साहू विजेन्द्र सिंह भाजपा जिला भिलाई विशेष रूप से उपस्थित थे। शिविर आयोजन के पूर्व सुबह से ही मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती बख्शी द्वारा वार्डो के सफाई का निरीक्षण किया गया। जिसमें बरसात जल्दी आने की संभावना को देखते हुए जल निकासी के लिए चल रहें बड़े नालों का निरीक्षण किया गया एव कार्यस्थल पर उपस्थित सफाई सुपरवाईजर को निर्देशित किया गया कि पालिका क्षेत्र के सभी प्रमुख नालों की सफाई बरसात पूर्व करा लेवें कहीं पर भी जल भराव की स्थिति नहीं आना चाहिए। वार्ड क्र. 08, 11, 12, 13, 14 के नालियों का प्रमुख निकासी नाला सफाई का निरीक्षण किया गया।

## कल्प वृक्ष रूप हैं स्वामी रविन्द्रकीर्ति जी, कर्मठता से बने कर्मयोगी



**अयोध्या ( विश्व परिवार )।** जीवन धारा प्रवाह चलता रहता है। समय बीतता जाता है, लेकिन धारा प्रवाह जीवन में कुछ पल ऐसे होते हैं, जो समय के इतिहास में स्वर्णिम छाप छोड़ जाते हैं। ऐसे ही एक व्यक्तित्व का नाम है ब्र. रवीन्द्र कुमार जी, जिन्होंने कभी भी किसी भी व्यक्ति को अपने द्वार से निराश नहीं लौटाया, हर व्यक्ति को साथ लेकर चलना एवं हर कार्य को विधिवत पूर्व निर्धारित योजना अनुसार करना ये विशेषता रही है, भाई जी की कार्यशैली अत्यन्त सरल है, जो कठिन से कठिन से कार्य को सरल बना देती है। जम्बूद्वीप पर आने वाला हर व्यक्ति सबसे पहले भाई जी एवं माताजी को पूछता है। उनसे मिलना चाहता है। क्यों? व्यवस्था पूरी उसे मिल रही है आवास एवं भोजन की, लेकिन बिना भाई जी से मिले हस्तिनापुर की यात्रा अधूरी रह जाती है। ऐसे लोकप्रिय व्यक्तित्व हैं हमारे-आपके भाई जी। कुछ सम्मान पाकर व्यक्ति सम्मानित हो जाता है, लेकिन किसी विशेष व्यक्ति से सम्मान स्वयं सम्मानित हो जाता है। ऐसे ब्र. रवीन्द्र कुमार जी को सम्मानित करके सम्मान भी गौरवान्वित हो जाता है।

पूज्य माताजी के अपूर्व स्नेह व प्रेम से सिंचित वह छोटा-सा बालक जो कभी त्याग व संयम का मतलब नहीं समझता था, लेकिन माताजी ने जिसकी प्रतिभा को पहचान कर अपनी चुम्बकीय शक्तियों के द्वारा संसाररूपी सागर से खींचकर तराश कर ऐसा व्यक्तित्व प्रदान किया शायद पूरी जैन समाज के अंदर भाई जी जैसा कर्मठ कर्मयोगी कोई हो। जिन्होंने कार्य को ही अपनी दिन चर्या बना डाला हो। बड़े-बड़े इंजीनियर नक्शा बनाकर उसकी लागत का अनुमान लगाते हैं लेकिन भाई जी तो बिना नक्शे के ही लागत निकाल लेते हैं।

आज दिगम्बर जैन समाज के अंदर जो भी प्रोजेक्ट बनता है, जो सबन पहले परामर्श करके कमेटी माता जी के पास आती है, क्योंकि माताजी के प्रोजेक्ट कभी अधूरे नहीं रहते हैं। उसका कारण भाई जी हैं, जो हर कार्य क पूरी मेहनत और लगन से पूर्ण करते हैं, पूर्णता के साथ उसको आगे चलान की व्यवस्था भी करते हैं। उसके रूप को कैसे संवारा जा सके, ये सोचते हैं कहने का तात्पर्य हर प्रोजेक्ट के साथ भाई जी की दूरदर्शिता जुड़ी रहती है

मैंने भाई जी की हर कार्य करने की शैली को बहुत निकट से देखा है बचपन से ही स्नेह एवं प्यार पाया है। माताजी हमेशा से अपने प्रवचन में कहा करती है कि भगवान महावीर कल्पवृक्ष रूप सबसे पहले यहाँ पर विराजमान हुए उसके पश्चात् शेष रचनाएँ बनती रहीं लेकिन मैं सोचता हूँ कि यदि इस संस्था का कल्पवृक्ष कोई है, तो भाई जी हैं। क्योंकि भाई जी के पास चाहे कोई भी आये, कभी भी निराश एवं खाली हाथ नहीं जाता है।

समय के साथ-साथ मामा जी कब भाई जी हो गये व भाई जी से कब स्वामी जी हो गये, पता ही नहीं चला, लेकिन इस बदलते हुए स्वरूप के साथ पीठाधीश पद पर आसीन हो गये, वेश के साथ परिवेश और योग्यता भी दिन- दूनी रात चौगुनी वृद्धिंगत हो रही है। अभी वर्तमान में आप सभी ने मांगीतुंगी में महापंचकल्याणक का नजारा देखा, जिसमें सम्पूर्ण देश के जैन समाज ने दांतों तले अंगुली दबा ली। जंगल में मंगल जैसा दृश्य था। अत्यन्त ही प्रभावनापूर्वक महापंचकल्याणक सम्पन्न हुआ, जिसमें श्री अमित शाह (गृह मंत्री-भारत सरकार) पधारे एवं उस पंचकल्याणक के दृश्य को देखते रह गये। महाराष्ट्र सरकार के पूर्व मुख्यमत्रा माननाय श्री देवेन्द्र जी फडणवीस ने अत्याधिक प्रशंसा करते हुए अनेक प्रकार से मांगीतुंगी को विकसित करने के लिए संकल्प लिया एवं स्वामीजी का आभार व्यक्त किया कि उन्होंने महाराष्ट्र को एक सांस्कृतिक विरासत प्रदान की। अभी कुछ समय पूर्व ही देश के महामहिम राष्ट्रपति श्री रामनाथ जी कोविन्द पूज्य माताजी के जन्मदिवस पर आयोजित विश्वशांति अहिंसा सम्मेलन में भाग लेने के लिए पहुँचे एवं स्वयं स्वामीजी के कंधे पर हाथ रखकर कहने लग गये, कि वाकई आपने कमाल कर दिया है। एकदम नवीन नगरी जैसी बसा दी है।

## महापौर मधुसूदन यादव, आयुक्त अतुल विश्वकर्मा एंव स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य ने स्वच्छता दीदीयो का किया सम्मान



**राजनांदगांव ( विश्व परिवार )।** राज्य शासन के आदेशानुसार देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती कार्यक्रम प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में 21 मई से 31 मई 2025 तक हर्षो उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इसी तारम्य में नगर निगम राजनांदगांव द्वारा अहिल्या बाई की जीवनी पर आयोजित कार्यक्रम की अंतिम कडी में आज स्वच्छता दीदीयो का स्वास्थ्य परीक्षण कर महापौर श्री मधुसूदन के आतिथ्य में टॉउन हाल में स्वच्छता दीदीयों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य श्री शैकी बग्गा, पुर्नवास एवं नियोजन विभाग के प्रभारी सदस्य श्री डीलेश्वर प्रसाद साहू, पार्षद श्री सतीश साहू, श्री सेवक उईके व श्री कुलेश्वर ध्रुव विशेष रूप से उपस्थित थे।

सम्मान समारोह में महापौर श्री यादव ने कहा कि देवी अहिल्या बाई होल्कर की जन्म जयंती 31 मई 2025 को 300 वर्ष पूर्ण होने पर पूरे प्रदेश में 21 मई से 31 मई तक विभिन्न गतिविधिया संचालित कर उनकी जयंती हर्षो उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। देवी अहिल्या बाई अपने जीवन मे संघर्ष कर कुशल प्रशासक बनी और अपने प्रशासक कार्यकाल में उन्होंने महिला सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया। इसी कारण उनके द्वारा किये गये कार्यो को महिलाओ को जानकारी देने उनकी जन्म जयंती से जोडा गया और शासन के निर्देशानुसार आज महिलाओ एवं स्वच्छता दीदीयों के लिए सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता दीदीया की मेहनत से ही शहर में स्वच्छ वातावरण निर्मित हो रहा है। सभी दीदीया अपने दायित्वों का कुशलता पूर्वक निर्वाहन कर महिलाओ को भी स्वच्छता से जोडे।

टाउन हाल में आयोजित कार्यक्रम में आज दोपहर 1 बजे से स्वच्छता दीदीयो का मेडिकल मोबाईल यूनिट के माध्यम से स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। महापौर श्री यादव उनसे मुलाकात कर उनका उत्साह वर्धन कर डॉक्टरो से चर्चा किए। स्वास्थ्य परीक्षण पश्चात 3 बजे से सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें महापौर सहित अतिथियो ने स्वच्छता दीदीयो को प्रसस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। अंत में अमोद प्रमोद व खेलकूद के तहत स्वच्छता दीदीयों ने छत्तीसगढ के पारंपरिक खेल फुगडी का प्रदर्शन किए, खेल में प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले दीदीयों को अतिथियो द्वारा पुरूस्कृत किया गया। स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य श्री बग्गा ने कहा कि जिस प्रकार से विषम परिस्थिति में सत्ता की बागडोर संभाल देवी अहिल्या बाई होल्कर ने कुशल प्रशासक बन धार्मिक, ऐतिहासिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर अपनी अलग पहचान बनाई, उसी प्रकार उन्होंने महिला सशक्तिकरण को बढावा देकर महिलाओ के हित में कार्य की। उन्होंने कहा कि उन्ही के जन्म जयंती के अवसर पर आप लोगो का सम्मान किया जा रहा है, आप सभी स्वच्छता दीदीया देवी अहिल्या बाई के कार्यो का अनुसरण कर स्वच्छता में नया मुकाम हासिल करे। आयुक्त ने कहा कि देवी अहिल्या बाई होल्कर की जन्म जयंती पर शासन निर्देशानुसार महिलाओ, स्वच्छता दीदीयो एवं जन प्रतिनिधियों के सहयोग से जल स्त्रोत, ऐतिहासिक धरोहर, धार्मिक स्थल में श्रम दान कर स्वच्छता अभियान चलाया गया, साथ ही उनकी जीवनी पर चित्रकला प्रदर्शनी एवं संगोष्ठी भी आयोजित की गयी और आज स्वच्छता दीदीयो का स्वास्थ्य परीक्षण व सम्मान किया जा रहा है।

# विकसित कृषि संकल्प यात्रा प्रारंभ, कलेक्टर उईके ने हरी झंडी दिखाकर किया किसान रथ को रवाना

## विकसित कृषि संकल्प अभियान जिले में 29 मई से 12 जून तक, जिले में 78 शिविर का आयोजन किया जायेगा

**गरियाबंद।** विकसित कृषि संकल्प यात्रा का शुभारम्भ आज प्रातः 8.00 बजे कलेक्टर बी.एस. उइके ने कलेक्ट्रेट परिसर से किया। इस दौरान उन्होंने तीन किसान रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर कृषि विभाग के उपसंचालक चंदन रॉय, पशुपालन विभाग के उप संचालक डॉ. ओ.पी. तिवारी, मत्स्य पालन विभाग के सहायक संचालक ए.के. वशिष्ट, कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रमुख डॉ. चौरसिया सहित संबंधित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। कलेक्टर बी.एस. उइके के निर्देशानुसार जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान के लिए 29 मई से 12 जून तक अलग-अलग विकासखण्डों में आयोजित किया जाएगा। यह रथ प्रतिदिन दो ग्राम पंचायतों में पहुंचकर विभिन्न विषयों पर कृषकों से प्रत्यक्ष संवाद तथा परिचर्चा करेंगी। कृषक पाठशाला के माध्यम से कृषकों को मिट्टी नमूना परीक्षण, मृदा स्वास्थय कार्ड के उपयोग, धान की सीधी बुआई, फसल परिवर्तन, ड्रोन तकनीक का उपयोग प्राकृतिक, जैविक खेती योजना के बारे में फसलों




की नवीन किस्में, संतुलित एवं समन्वित उर्वरक प्रबंधन, समन्वित कीट प्रबंधन, पशुओं की मौसमी बीमारियों एवं उपचार, उद्यानिकी फसलों के महत्व एवं लाभ के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दी जायेगी। कृषि विभाग, उद्यान विभाग, पशुपालन, मछलीपालन विभाग की राज्य एवं केन्द्रीय योजनाओं के बारे में जानकारी बताई जायेगी। कलेक्टर उइके ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी कार्यक्रम में आमंत्रित करने के निर्देश दिए है। भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् की सहभागिता से 29 मई से 12 जून 2025 तक विकसित कृषि संकल्प अभियान के द्वारा खरीफ पूर्व राष्ट्रव्यापी अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। जिसका का मुख्य उद्देश्य प्रमुख खरीफ फसलों की नवीन तकनीकों, नवाचार के संबंध में कृषकों के मध्य जागरूकता लाना, विभिन्न कृषकोन्मुखी शासकीय योजनाओं एवं नीतियों का प्रचार-प्रसार करना, मृदा स्वास्थ्य पत्रक में अनुशंसित दर पर संतुलित उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देने तथा कृषकों से प्राप्त सुझाव एवं समस्याओं तथा कृषकों द्वारा किये जा रहे नवाचारों के संबंध में जानकारियों का संकलन कर आवश्यक अनुसंधान प्राथमिकताओं का निर्धारण करना है। इस अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु जिले के उप संचालक कृषि को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। कृषि विभाग के उपसंचालक चंदन रॉय ने बताया कि जिले में कृषि विभाग के साथ-साथ संवर्गीय विभाग जैसे उद्यान विभाग, पशुपालन विभाग, मछली पालन विभाग के जिला एवं विकासखण्ड स्तर के अधिकारियों तथा कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों की संयुक्त रूप से 03 दल गठित की गई है। प्रत्येक दल के साथ एक-एक कृषि रथ भी इस अभियान में सम्मिलित होगा। अभियान के दौरान स्थानीय स्तर पर निर्मित किये जा सकने योग्य कृषि आदानों के जीवंत प्रदर्शन भी किया जायेगा। शिविर में ग्राम पंचायत एवं विकासखण्ड के प्रगतिशील कृषकों को भी उनके नवाचार के बारे में बताने हेतु आमंत्रित किया जायेगा। शिविर में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के छुटे हुए हितग्राहियों का नवीन पंजीयन, आधार सीडिंग एवं लैंड सीडिंग कार्य भी किया जाएगा, ताकि पात्र हितग्राहियों को आगामी 20 वीं किस्त से लाभान्वित किया जा सके।

# भाजपा नेत्री के बेटे बेटी ने मिलकर पी आई एल कर्मचारी से मारपीट सीसीटीवी कैमरे मे दिख रहा लड़की के हाथ में बेलचा फावड़ा

**चांपा।** सीताराम गली मे बीते दिनों मामूली सी बात पर लक्ष्मी कांत राय और उसकी बहन ने मिलकर पीआईएल कर्मचारी शिव कुमार देवांगन पर बेलचा से हमला किया। हमला करने वाले दोनों भाई बहन भाजपा महिला नेता पूनम राय के बेटे बेटी हैं । मिली जानकारी के अनुसार सीताराम गली मे शिव कुमार देवांगन द्वारा अपनी जमीन पर बोर खुदवाने के लिए गली मे ट्रेक्टर मशीन लाया गया था उसी समय लक्ष्मीकांत राय अपनी बहन के साथ कार मे वहां पहुंचे चूंकि गली सकरी है इस कारण बिना ट्रेक्टर हटाए उनकी कार आगे नहीं जा सकती थी इसलिए उन्होंने शिव देवांगन से ट्रेक्टर को तुरंत हटाने की बात को लेकर बहसबाजी करने लगे और अचानक हाथापाई मे उतर आए हाथापाई होते देख शिव देवांगन की पत्नी और बेटे बीच-बचाव करने पहुंचे तब तक लक्ष्मीकांत राय और उसकी बहन बहुत गुस्से मे आ गए थे । लक्ष्मीकांत, शिव देवांगन के गले को अपने हाथों से दबोच लिया था और उसकी बहन बेलचा उठाकर शिव देवांगन को मारने लगी। यह सब पड़ोस के घर मे लगे सीसीटीवी कैमरे मे कैद हो गई। सीसी टीवी कैमरे मे आरोपी हाथों मे बेलचा पकड़े शिव देवांगन को मारते हुए स्पष्ट दिखाई दे रही है। इस बीच अच्छा यह हुआ कि लोहे का बेलचा शिव देवांगन के सिर पर न पड़ कर उसके पैरों पर पड़ी। अगर बेलचा सिर पड़ती तो शिव देवांगन की जान भी जा सकती थी। शिव देवांगन हार्ट का मरीज है वह इस घटना से घबरा गया और थोड़ी देर बाद वह रिपोर्ट लिखाने थाने गया तो देखा कि लक्ष्मीकांत और उसकी बहन दोनों पहले ही थाने



पहुंचकर शिव देवांगन के खिलाफ रिपोर्ट लिखा रहे थे।उसी समय थाना परिसर मे ही कुछ लोगों ने दोनों पक्षों में सुलह कराने की कोशिश भी किए लेकिन सुलह नहीं हो पाई और दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। इस घटना से मोहल्ले में लक्ष्मीकांत राय और उसकी बहन के परिवार के खिलाफ आक्रोश भी बढ़ रहा है। मोहल्लेवासियों का कहना है कि राय परिवार के साथ कई लोगों का विवाद हो चुका है और हर बार बात आई गई हो जाती है इसलिए राय परिवार का हौसला बढ़ता जा रहा है और अब वे सीधे मार-पीट पर उतारू हो रहे हैं । इस घटना के बाद मोहल्ले मे बाहरी एवं स्थानीय की चर्चा जोर पकड़ रही है। यदि कथित झगड़ालू राय परिवार की आदत मे सुधार नहीं हुआ तो मोहल्ले मे एक दिन उनके खिलाफ सामूहिक गुस्सा फुट सकता है।

# मोटोरोला razr 60 : दुनिया का पहला जेस्चर वीडियो फ्लिप फोन अब भारत में - कीमत सिर्फ 49,999

**नईदिल्ली।** मोटोरोला, जो मोबाइल फोन में नए आविष्कार करने वाली दुनिया की अग्रणी कंपनी और भारत का प्रमुख एआई स्मार्टफोन ब्रांड है, ने आज अपना नया प्रीमियम फ्लिप फोन, motorola razr 60 लॉन्च किया। यह फोन फ्लिप फोन की दुनिया को और बेहतर बनाता है। इसे स्टाइलिश जेन ज़ी क्रिएटर्स के लिए बनाया गया है और इसमें दुनिया का पहला जेस्चर-आधारित वीडियो रिकॉर्डिंग फीचर है। इसके साथ ही पैनटोन द्वारा प्रमाणित 100% ट्रू कलर कैमरा है, जो बेहद सटीक रंग और जीवंत तस्वीरें देता है। यह भारत का पहला फ्लिप फोन है जिसमें शानदार पर्ल मार्बल और फैब्रिक फिनिश है, जिसे प्रीमियम सामग्री से बनाया गया है। यह फोन बहुत मजबूत है, इसमें टाइटेनियम की मजबूती से लैस हिंज है जिसकी मदद से 500,000 से ज्यादा बार मोड़ा जा सकता है, साथ ही IP48 धूल और पानी से सुरक्षा और कॉर्निंग गोरिल्ला ग्लास विक्टस प्रोटेक्शन भी है। razr 60 में सबसे बड़ा 3.6 इंच का pOLED बाहरी डिस्प्ले है, जिसमें 90H5 रिफ्रेश रेट और डेस्क, टेंट, लैपटॉप व कैमकॉर्डर जैसे कई फ्लेक्स मोड्स हैं। यह सेगमेंट का इकलौता फ्लिप फोन है जिसमें बाहरी डिस्प्ले पर मोटोएआई और गूगल जेमिनी है, जो स्मार्ट और आसान सहायता देता है और 'नेक्स्ट मूव' सुझावों के साथ उपयोग को और सरल बनाता है। motorola razr 60 ने फ्लिप फोन पर विश्व की पहली जेस्चर-आधारित वीडियो रिकॉर्डिंग के साथ मोबाइल वीडियोग्राफी को नया रूप दिया है, जिसमें पैनटोन™ द्वारा मान्य 100% ट्रू कलर कैमरा है और यह बेहद खूबसूरत विजुअल्स देता है। एयर जेस्चर कंट्रोल के साथ, यूजर्स बिना स्क्रीन छुए वीडियो रिकॉर्ड कर सकते हैं - हथेली उठाकर रिकॉर्डिंग शुरू करें, मुट्ठी बंद करके पॉज करें, और मुट्ठी दिखाकर रिकॉर्डिंग रोकें। यह हैंड्स-फ्री फीचर व्लॉगिंग या चलते-फिरते कैंडिड मोमेंट्स कैप्चर करने के लिए शानदार है। मोटोएआई से लैस, razr 60 में 50MP का प्रो-ग्रेड मेन कैमरा है जिसमें ऑप्टिकल इमेज स्टेबिलाइजेशन (OIS) और इंस्टैंट ऑल-पिक्सल फोकस है।

# एचएसआरपी नंबर प्लेट और लर्निंग लायसेंस के लिए 31 मई से शिविरों का आयोजन

## गरियाबंद जिले के सभी ब्लॉकों में परिवहन विभाग की पहल

**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** जिले के वाहन मालिकों के लिए एक महत्वपूर्ण सूचना सामने आई है। परिवहन विभाग द्वारा जिले में एचएसआरपी (हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट) नंबर प्लेट लगाने और लर्निंग लायसेंस बनाने हेतु विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 31 मई से 07 जून 2025 तक जिले के सभी ब्लॉकों में आयोजित किए जाएंगे।

गौरतलब है कि 01 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत सभी वाहनों पर एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। इस आदेश का पालन सुनिश्चित कराने के लिए जिला परिवहन कार्यालय द्वारा ब्लॉकवार शिविरों की योजना बनाई गई है, जिससे लोगों को आवेदन करने में सुविधा मिल सके।

**नागरिकों से अपील**

परिवहन विभाग ने वाहनधारकों से अनुरोध किया है कि वे नियत तिथि एवं स्थान पर पहुंचकर एचएसआरपी नंबर प्लेट हेतु आवेदन करें तथा लर्निंग लायसेंस प्रक्रिया को पूरा करें। इससे न केवल नियमों का पालन होगा, बल्कि सड़क सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा सकेगी।

**ब्लॉकवार शिविर कार्यक्रमः**

**गरियाबंद ब्लॉक**
31 मईः मदनपुर पंचायत भवन
01 जूनः पिपरछेड़ी बाजार चौक
02 जूनः सड़कपरसुली बाजार चौक
03 जूनः हरदी बाजार चौक
04 जूनः नागाबुड़ा पंचायत भवन
05 जूनः पोटिया पंचायत भवन
06 जूनः कोचवाय पंचायत भवन

**छुरा ब्लॉक**
31 मईः पंचायत भवन चरौदा
01 जूनः पंचायत भवन कोसमी
02-03 जूनः पंचायत भवन रसेला
04 जूनः पंचायत भवन मड़ेली
05 जूनः पंचायत भवन पिपरछेड़ी
06 जूनः पंचायत भवन अकलवारा
07 जूनः पंचायत भवन कामराज

**फिंगेश्वर ब्लॉक**
31 मईः पंचायत भवन तर्रा
01 जूनः पंचायत भवन सुरसाबांधा
02 जूनः पंचायत भवन सिंधौरी
03 जूनः पंचायत भवन चौबेबांधा
04 जूनः पंचायत भवन श्यामनगर
05 जूनः पंचायत भवन कौंदकेरा
06 जूनः पंचायत भवन देवरी

**मैनपुर ब्लॉक**
31 मईः पंचायत भवन कोयबा
01 जूनः पंचायत भवन तौरेंगा
02 जूनः मैनपुर तहसील कार्यालय (गौरघाट)
03 जूनः पंचायत भवन जाड़ापदर
04 जूनः वन विभाग परिसर, मैनपुर मेन रोड
05 जूनः पंचायत भवन शोभा
06 जूनः पंचायत कार्यालय गौरगांव

देवभोग ब्लॉक
31 मईः पंचायत भवन नवागांव
01 जूनः पंचायत भवन डुमरपीता
02 जूनः कोकसरा
03 जूनः पंचायत भवन गंगराजपुर
04 जूनः पंचायत भवन गोहरापदर
05 जूनः पंचायत भवन मुड़ागांव (कदलीमुड़ा)

# होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने 50वीं वर्षगांठ पर गोल्ड विंग टूर लॉन्च की, 'बुकिंग्स ओपन'

**गुरुग्रामः** आइकॉनिक टूरिंग उत्कृष्टता के पचास वर्षों का जश्न मनाते हुए, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (HMSI) ने आज 2025 गोल्ड विंग टूर - 50वीं वर्षगांठ संस्करण - के लॉन्च की घोषणा की। इस प्रतिष्ठित मॉडल के पचास वर्ष पूरे होने पर, गोल्ड विंग टूर लग्ज़री टूरिंग का नया मानदंड स्थापित करता है। इसकी बुकिंग अब शुरू हो गई है और इसे विशेष रूप से कंपनी के प्रीमियम BigWing Topline डीलरशिप्स के माध्यम से बेचा जाएगा। 50वीं वर्षगांठ का यह होंडा गोल्ड विंग टूर रु. 39.90 लाख (एक्स-शोरूम, गुरुग्राम, हरियाणा) की कीमत पर उपलब्ध है।

लॉन्च की घोषणा करते हुए, होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर, प्रेसिडेंट और सीईओ, श्री त्सुत्सुमु ओतानी ने कहा, हम भारत में 50वीं वर्षगांठ गोल्ड विंग टूर को पेश करते हुए बेहद उत्साहित हैं। 2025 गोल्ड विंग टूर की लॉन्चिंग 1975 में शुरू हुई एक आइकॉनिक यात्रा की स्मृति को समर्पित है। पिछले पाँच दशकों में, गोल्ड विंग प्लेटफ़ॉर्म ने एक प्रतिष्ठित पहचान बना ली है — जो क्लास, आराम और दृढ़ता का प्रतीक बन चुका है। 50वीं वर्षगांठ संस्करण इस बेमिसाल विरासत को श्रद्धांजलि है और लॉन्ग-डिस्टेंस टूरिंग प्रेमियों के लिए हमारी इंजीनियरिंग उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता का उत्सव है। इस घोषणा पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के सेल्स और मार्केटिंग निदेशक श्री योगेश माथुर ने कहा, हम भारत में अपने ग्राहकों के लिए 50वीं वर्षगांठ संस्करण गोल्ड विंग टूर को लॉन्च करते हुए अत्यंत हर्षित हैं। इस विशेष संस्करण के माध्यम से हमारा लक्ष्य एक ऐसा सवारी अनुभव प्रदान करना है।

# सेजेस में चल रहा है समर कैंप, भारतीय भाषा पर आधारित




**सरायपाली।** छात्र-छात्राओं को बुनियादी संचार कौशल सीखने के लिए विद्यालय स्तर पर भारतीय भाषा समर कैंप का आयोजन स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ठ विद्यालय में किया जा रहा है। 26 मई से 7 दिनों की अवधि में कुल 28 घंटे के लिए भौतिक रूप से भारतीय भाषा पर आधारित समर कैंप का आयोजन अपने आपमें अनूठा है। विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित किया जा रहा है। समर कैंप अंतर्गत मुख्य रूप से विद्यार्थियों के बीच आत्म परिचय, शब्दावली निर्माण, वास्तविक जीवन की बातचीत प्रथाओं, संस्कृति की सराहना, सुदृढ़ीकरण और आत्म विश्वास बढ़ाने क्षमता निर्माण आदि पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। समर कैम्प में विद्यार्थियों को बहुभाषावाद की समग्र समझ को तेज करने तथा एक से अधिक भारतीय भाषा सीखने के लिए रचनात्मक माहौल दिया जा रहा है। बहुभाषीता को बढ़ावा देने की सार्थक पहल है यह समर कैम्प, इससे राष्ट्रीय एकता और एक भारत- श्रेष्ठ भारत की भावना प्रबल होगी। इस कैंप का उद्देश्य विद्यार्थियों को एक से अधिक भारतीय भाषाओं को सीखने के लिए प्रेरित करना है।

यह कार्यक्रम नेशनल एजुकेशन पॉलिसी (एनईपी)-2020 के बहुभाषावाद और भाषाई सांस्कृतिक विरासत की समझ विकास पर आधारित है। भारतीय भाषा समर कैंप में संचालित एक्टिविटीज में इंट्रोडक्शन, वोकेबुलरी बिल्डिंग, प्रैक्टिकल कंवर्सेशन, कल्चरल लर्निंग और कांफिडेंस बूस्ट सेशंस शामिल हैं। यह भारत की भाषाई विविधता के संरक्षण का एक विशेष प्रयास है।

# बारिश हो या धूप आप हमेशा रहेंगे स्टाइलिश : नायका फैशन से तैयार करें अपना मॉनसून लुक

**नईदिल्ली।** आसमान में बादल, ठंडी हवा और मिट्टी की खुशबू- जी हाँ, मॉनसून आ गया है! लेकिन किसने कहा कि बारिश में आपका स्टाइल फीका पड़ जाएगा? अब भारी कपड़ों की जगह ले लेगी वाटरप्रूफ स्टाइल। चाहे ऑफिस जाते वक्त कीचड़ में कूदना हो या दोस्तों संग चाय पर जाना हो, नायका फैशन ने आपके लिए मॉनसून लुक तैयार कर दिया है। आइए, जानते हैं मॉनसून स्टाइल गाइडः

**बारिश में भी खिले फूल-** बारिश के दिनों में नायका फैशन के ट्वेंटी ड्रेसेज़ ब्रांड की ग्रीन फ्लोरल वी-नेक बैकलेस फिट एंड फ्लेयर साटन मिनी ड्रेस पहनिए। इसमें आप पूरे दिन मेन कैरेक्टर की तरह स्टाइलिश नजर आएँगी।

**काम पर भी स्टाइल का जलवा-** बारिश में ऑफिस जाना है? कोई बात नहीं। पहनिए स्ट्रेचेबल पेंसिल स्कर्ट और इसके



साथ ऋङ्कक्क ब्रांड की टेक्सचर्ड फुल स्लीव्स लेस शर्ट। ये लुक आपको ऑफिस की बॉस लेडी बना देगा।

**डेट नाइट का तड़का-** बारिश में भी डेट नाइट का जलवा कम नहीं होना चाहिए। पहनिए ऋक्ष ब्रांड की व्हाइट राउंड नेक सॉलिड क्रॉप टॉप के साथ स्कर्टिस। ये बोल्ड और स्टाइलिश लुक आपके डेट को और भी खास बना देगा।

**बारिश में भी फिटनेस का साथ-** बारिश में भी आपकी फिटनेस का जोश कम न हो।चढ्ढष्ट ब्रांड की वीमेंस स्ट्रेचेबल फ्लेयर्ड पैंट्स विद पॉकेट्स पहनकर आप योगा, रनिंग या बालकनी में डांस का मजा ले सकती हैं।

**मॉनसून शादी का लुक-** शादी में भी बारिश आपको स्टाइल से नहीं रोक सकती। पहनिए स्टाइलम ब्रांड की पिंक शोल्डर स्ट्रैप्स एंब्रॉयडरी वाली कुर्ती और धोती पैंट। ये लुक आपको शादी में भी खास बना देगा।

**एक्सेसरीज़ में भी जलवा-** मॉनसून का मतलब है क्यूट छाता + वाटरप्रूफ जूते + स्टेटमेंट एक्सेसरीज़। साथ ही पॉप-ब्राइट गम बूट्स या सिंपल रबर स्लाइड्स भी अपनाइए, क्योंकि फैशन बारिश में भी रुकता नहीं। तो तैयार हो जाइए मॉनसून की रैंप पर जलवा बिखेरने के लिए। नायका फैशन पर अभी शॉपिंग कीजिए और अपने वॉर्डरोब को बारिश में भी फैशनेबल बनाइए। क्योंकि बारिश के छींटे भी आपके स्टाइल को फीका नहीं कर सकते!

# पोंड में गूंजा सुशासन का स्वर, समाधान शिविर बना जनआशा का केन्द्र

## छुरा विकासखंड में आयोजित शिविर में हुआ त्वरित समाधान, योजनाओं से हितग्राही लाभान्वित

**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** शासन की मंशा को साकार करते हुए सुशासन तिहार के तीसरे चरण में छुरा विकासखंड के ग्राम पोंड में आयोजित जिला स्तरीय समाधान शिविर जनसुनवाई और त्वरित समाधान का जीवंत उदाहरण बना। सैकड़ों की संख्या में उपस्थित ग्रामीणों की आंखों में उम्मीदें थीं और प्रशासन की टेबल पर समाधान के ठोस प्रयास। शिविर में प्रभारी मंत्री व खाद्य मंत्री दयालदास बघेल की उपस्थिति ने जनविश्वास को और सशक्त किया।

मंत्री बघेल ने साफ शब्दों में कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जो भी अधिकारी या कर्मचारी इसमें दोषी पाया जाएगा, उसके विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा, ÷यह योजना जनता के






जीवन में ठोस बदलाव लाने के लिए है, न कि किसी की जेब भरने के लिए।÷

शिविर में ग्रामीणों ने अपने आवेदन प्रस्तुत किए, जिनका मौके पर ही विभागीय अधिकारियों ने त्वरित निराकरण किया। कई वर्षों से लंबित मामलों का समाधान होते देख ग्रामीणों के चेहरों पर संतोष की झलक स्पष्ट थी।

**योजनाओं का लाभ प्रत्यक्ष रूप में-** शिविर में हितग्राहियों को ट्रायसिकल, आइस बॉक्स, सौर सुजला किट, मछली पकड़ने के जाल, राशन कार्ड और अन्य आवश्यक सामग्री वितरित की गई। 5 गर्भवती महिलाओं को पोषण किट देकर गोदभराई की रस्म अदा की गई, वहीं दो नवजातों का अन्नप्राशन कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

**सम्मान का पल-** टीबी मुक्त भारत अभियान, स्वच्छता एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सरपंचों, स्वच्छाग्राहियों और मेधावी विद्यार्थियों को मंच से सम्मानित किया गया। यह क्षण गांव और प्रतिभाओं के लिए गर्व से भरा रहा।

**शासन की योजनाएं, गांव की चौखट पर-** राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे सुशासन तिहार के माध्यम से शासन की योजनाएं अब सीधे गांव की चौखट पर पहुंच रही हैं। मंत्री बघेल ने बताया कि ÷अब जमीन खरीदी-बिक्री के बाद स्वतः नामांतरण की सुविधा दी जा रही है, जिससे आमजन को बार-बार कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।÷ साथ ही जून माह में तीन महीने का चावल एकमुश्त वितरित किया जाएगा।

विधायक रोहित साहू ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की ÷जनहित में पारदर्शिता और त्वरित सेवा÷ की नीति को दोहराते हुए कहा कि राज्य सरकार सुशासन तिहार के माध्यम से जनता और शासन के बीच की दूरी को समाप्त कर रही है। उन्होंने मोदी जी की गारंटी के प्रति भी राज्य की प्रतिबद्धता दोहराई।

**उपस्थित रहे सभी प्रमुख चेहरे-** शिविर में कलेक्टर बी.एस. उइके, पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा, जिला पंचायत सीईओ जी.आर. मरकाम, सरपंचगण एवं वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

# नवी मुंबई एयरपोर्ट के लिए अडानी ग्रुप ने 16,700 करोड़ का किया निवेश



**नई दिल्ली, एजेंसी।** नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट अगले कुछ दिनों में शुरू हो सकता है। अडानी ग्रुप ने इस एयरपोर्ट के विकास पर 16,700 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इस एयरपोर्ट को सफल बनाने के लिए अडानी ग्रुप ने सरकार से एक खास अनुरोध किया है। अडानी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड ने मुंबई और नवी मुंबई एयरपोर्ट के लिए एक जैसी फीस लगाने की मांग की है। उसका कहना है कि यात्रियों और एयरलाइंस के लिए टैरिफ की गणना करते समय इन दोनों एयरपोर्ट को एक ही माना जाना चाहिए। अगर सरकार ॥रु के इस प्रस्ताव को मान लेती है, तो दोनों एयरपोर्ट पर लगने वाले शुल्क बराबर हो जाएंगे। इससे नवी मुंबई एयरपोर्ट पर ज्यादा ट्रैफिक आने की संभावना है। श्वञ्ज की एक रिपोर्ट के मुताबिक ये दोनों एयरपोर्ट ॥रु के ही हैं लेकिन नवी मुंबई एयरपोर्ट पर यात्रियों से लिए जाने वाले शुल्क, लैंडिंग और पार्किंग चार्ज मुंबई एयरपोर्ट से काफी ज्यादा होंगे। इसलिए आशंका जताई जा रही है कि शायद एयरलाइन कंपनियां नए एयरपोर्ट पर शिफ्ट होने से परहेज कर सकती हैं। नवी मुंबई एयरपोर्ट से जुलाई में कमर्शियल ऑपरेशन शुरू होने की उम्मीद है। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो इस एयरपोर्ट से उड़ान भरने वाली पहली एयरलाइन होगी।

### क्या है नियम

कंपनी ने एयरपोर्ट्स इकनॉमिक रेगुलेटरी अथॉरिटी ) एक्ट में 2021 में हुए संशोधन का हवाला दिया है। इस संशोधन में एयरपोर्ट को ग्रुप में रखने और उन्हें एक यूनिट के रूप में नामित करने की अनुमति दी गई है। ऐसा छोटे और घाटे में चल रहे एयरपोर्ट के निजीकरण के लिए किया गया था। उन्हें उसी क्षेत्र के बड़े एयरपोर्ट के साथ मिलाकर निवेशकों के लिए आकर्षक बनाया गया था।

एक सूत्र ने कहा कि नवी मुंबई में एक नया एयरपोर्ट बनाने में बहुत ज्यादा पैसा लगाया गया है। इसलिए, स्वाभाविक रूप से नवी मुंबई में टैरिफ मुंबई से काफी ज्यादा होगा। मुंबई एक स्थापित एयरपोर्ट है, जहां पूंजीगत व्यय कम है और संपत्तियां पुरानी हो रही हैं। अगर दोनों एयरपोर्ट के टैरिफ की गणना एक यूनिट के रूप में की जाती है, तो दोनों एयरपोर्ट पर लगने वाले चार्ज दोनों का औसत होगा।

इससे समानता आएगी। टैरिफ रेगुलेटर ऐरा ऑपरेटर द्वारा किए गए पूंजीगत व्यय के आधार पर पांच साल के लिए एयरपोर्ट चार्ज तय करता है। यह ऑपरेटर को उचित लाभ हो, यह सुनिश्चित करने के लिए पूंजीगत व्यय, परिचालन लागत, मूल्यह्रास और गैर-एयरो राजस्व के आधार पर एयरपोर्ट के राजस्व और व्यय को ध्यान में रखता है।

**कंपनियों का विरोध-** एयरलाइन कंपनियां नए एयरपोर्ट पर शिफ्ट होने का विरोध कर रही हैं। इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने मार्च में कहा था कि अडानी ग्रुप नवी मुंबई में ऑपरेशन शुरू करने के लिए दोनों एयरपोर्ट के स्वामित्व का इस्तेमाल जबरदस्ती ट्रैफिक को वहां शिफ्ट करने के लिए कर रहा है। इस बारे में अडानी ग्रुप और नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने इस बारे में पूछे गए सवालों का जवाब नहीं दिया। कंपनी ने अक्टूबर में मुंबई एयरपोर्ट के टर्मिनल 1 के नवीनीकरण की योजना की घोषणा की है। इसके कारण लगभग 15 मिलियन यात्रियों को टर्मिनल 2 और नवी मुंबई में शिफ्ट करना होगा। इस प्रक्रिया में शामिल लोगों ने कहा कि राजस्व हिस्सेदारी में अंतर भी एक कारण है कि ॥रु चाहता है कि ज्यादा एयरलाइंस नवी मुंबई से उड़ान भरें। रियायत समझौते के अनुसार मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड को अपने सकल राजस्व का 38.7 प्रतिशत एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया को देना होता है।

### 15 शहरों में हैं दो एयरपोर्ट

एक वरिष्ठ एयरपोर्ट अधिकारी ने कहा कि अगर मुंबई एयरपोर्ट की तुलना में नवी मुंबई एयरपोर्ट पर कम राजस्व हिस्सेदारी पर ज्यादा ट्रैफिक होता है, तो कंपनी के पास एयरपोर्ट के संचालन के लिए ज्यादा राजस्व होगा। इसलिए उन्हें एक यूनिट के रूप में मानना वित्तीय रूप से समझ में आता है। सरकारी अधिकारियों ने कहा कि कंपनी के प्रस्ताव पर ,द्ध और ष्द्धष्टह्र के साथ विचार-विमर्श चल रहा है, जो भविष्य के मामलों के लिए एक मिसाल कायम करेगा। उन्होंने कहा कि 15 शहरों में दो एयरपोर्ट होने के कारण एक टैरिफ गणना प्रक्रिया स्थापित करना जरूरी है जो नए सुविधाओं के विकास को बढ़ावा दे और यात्रियों पर बोझ न डाले। लेकिन ऐरा के एक पूर्व अधिकारी ने चेतावनी दी कि इस तरह के कदम को अनुचित लाभ देने के रूप में देखा जा सकता है क्योंकि उनके अलग-अलग समझौते और स्वामित्व संरचनाएं हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में यह एकमात्र मामला है जहां एक ही कंपनी के पास एक ही क्षेत्र में दोनों एयरपोर्ट हैं।

## 11 प्रतिशत बढ़ा सरकारी कंपनी सेल का मुनाफा

नई दिल्ली, एजेंसी। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने जनवरी-मार्च तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। इस तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 11 प्रतिशत बढ़कर 1,250.98 करोड़ रुपये हो गया। राजस्व में बढ़ोतरी के कारण कंपनी का लाभ बढ़ा है। सेल ने वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में 1,125.68 करोड़ रुपये का मुनाफा अर्जित किया था। इस बीच, सेल के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 10 रुपये के प्रत्येक इक्विटी शेयर पर 1.60 रुपये का फाइनल डिविडेंड देने की सिफारिश की है।



**राजस्व और खर्च-** इसी अवधि में सेल का परिचालन राजस्व बढ़कर 29,316.14 करोड़ रुपये हो गया जो पिछले साल की समान तिमाही में 27,958.52 करोड़ रुपये था। मार्च तिमाही में खर्च 28,020.56 करोड़ रुपये रहा, जबकि वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही में यह 26,473.86 करोड़ रुपये था। तिमाही आधार पर कंपनी का प्रॉफिट अक्टूबर-दिसंबर 2024 में अर्जित 141.89 करोड़ रुपये के मुनाफे की तुलना में लगभग नौ गुना अधिक रहा। हालांकि, समूचे वित्त वर्ष (2024-25) में कंपनी का नेट प्रॉफिट घटकर 2,371.80 करोड़ रुपये रह गया जो वित्त वर्ष 2023-24 में 3,066.67 करोड़ रुपये था।

**क्या कहा कंपनी के चेयरमैन ने-** सेल के चेयरमैन और एमडी अमरेंदु प्रकाश ने कहा- हमारे वित्तीय परिणाम परिचालन दक्षता, सतत वृद्धि और हितधारकों के लिए मूल्य सृजन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं। पिछली तिमाही में मौजूद अंतरराष्ट्रीय शुल्क और आयात दबाव से उत्पन्न चुनौतियों के बीच, हमारा मजबूत प्रदर्शन हमारी स्थिति को मजबूत करते हुए जटिलताओं से निपटने की हमारी क्षमता को दर्शाता है।

## पूर्व सीईओ समेत 5 अफसरों पर सेबी के बैन के बाद इंडसइंड बैंक के शेयर पर पड़ रहा असर

नई दिल्ली, एजेंसी। 10 बजे के करीब इंडसंड बैंक के शेयर सेंसेक्स टॉप गेनर बन गए। इनमें 1.26 प्रतिशत की उछाल थी और ये 815 रुपये के आसपास ट्रेड कर रहे थे। इसकी मेन वजह, पूर्व सीईओ सुमंत काठपलिया और बैंक के चार अन्य वरिष्ठ अधिकारियों पर सेबी द्वारा शेयर बाजार में कारोबार करने पर रोक लगाना। साथ ही, सेबी ने इन पांचों से कुल 19.78 करोड़ जब्त किए। हालांकि, बैंक ने दावा किया है कि सेबी के आदेश का हमारे कारोबार पर कोई असर नहीं पड़ेगा। इससे पहले बाजार खुलते ही इंडसइंड बैंक के शेयर 803.05 पर खुले। पिछले दिन के मुकाबले थोड़े नीचे रहे। वहीं, एनएसई पर इंडसइंड बैंक के शेयर 805.15 रुपये पर खुले और 803.05 रुपये तक आ गए। सुबह पौने दस बजे के करीब मामूली बढ़त के साथ 809 रुपये के आसपास ट्रेड कर रहे थे।

**क्यों सेबी ने लिया इतना बड़ा एक्शन-** इनसाइडर ट्रेडिंग का आरोप - सेबी के मुताबिक, ये अधिकारी बैंक के डेरिवेटिव पोर्टफोलियो में हुई गड़बड़ियों (1,749.98 करोड़ के नुकसान) की गुप्त जानकारी होने के बावजूद, दिसंबर 2023 से मार्च 2025 के बीच अपने शेयर बेचते रहे। हैरानी की बात यह है कि इन्होंने इस दौरान कुल 4.79 लाख शेयर बेचे, लेकिन एक भी नहीं खरीदे।

**जानबूझकर चुप्पी -** बैंक ने यह गड़बड़ी पहली बार दिसंबर 2023 में जानी, लेकिन इसे गुप्त जानकारी घोषित करने में 15 महीने की देरी की। आखिरकार, इसका खुलासा 10 मार्च 2025 को हुआ।

### सरकार की सख्ती

## खाद्य तेलों की पैकेजिंग नियमों में ढील का फायदा नहीं उठा पाएंगी कंपनियां

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार जल्द ही खाद्य तेलों के लिए स्टैंडर्ड पैक साइज फिर से लागू करने की योजना बना रही है। वर्ष 2022 में पैकेजिंग नियमों में ढील दिए जाने के बाद व्यापारियों ने ग्राहकों को कम मात्रा देकर अधिक कीमत वसूलनी शुरू कर दी थी, जिसके बाद यह कदम उठाया जा रहा है। मामले से जुड़े दो लोगों ने यह जानकारी दी। सरकारी सूत्रों के अनुसार, 2022 में कानूनी मापविज्ञान (पैकेज्ड वस्तुएं) नियमों में बदलाव कर खाद्य तेलों की पैकिंग में लचीलापन दिया गया था। इसके बाद बाजार में 800 ग्राम, 810 ग्राम या 850 ग्राम जैसे अनियमित साइज के पैक बिकने लगे, जिन्हें एक किलो के पैक के रूप में बेचा गया। व्यापारी इन कम मात्रा वाले पैक के लिए एक किलो की पूरी कीमत वसूल रहे थे। इसे अनुचित और धोखाधड़ी भरा माना गया, क्योंकि इससे ग्राहकों का भरोसा टूट रहा था।

### क्या है नई योजना



इस मामले से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि अब सरकार 500 ग्राम, एक किलो, दो किलो और पांच किलो जैसे पारंपरिक पैकिंग साइ को फिर से अनिवार्य करने पर विचार कर रही है। इससे कीमतों में हेरफेर को रोका जा सकेगा। अधिकारी ने कहा कि हमें शिकायतें मिली हैं कि तेल के पैक की कीमत और वजन में अंतर की वजह से अनुचित व्यापार हो रहा है। 800 ग्राम के पैक की कीमत समझना ग्राहकों के लिए मुश्किल है, लेकिन दो किलो या 500 ग्राम का मानक पैक समझना आसान है।

# रतन टाटा के चहेते ने चेयरमैन पद से दिया इस्तीफा




नई दिल्ली, एजेंसी। देश के सबसे बड़े औद्योगिक घराने टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा केमिकल्स में बहुत बड़ा बदलाव देखने को मिला है। कंपनी के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन अब इस पद पर नहीं रहेंगे। उनकी जगह कंपनी के डायरेक्टर एस. पद्मनाभन का नया चेयरमैन बनाया गया है। चंद्रशेखरन टाटा ग्रुप की होल्डिंग कंपनी टाटा संस के चेयरमैन हैं और दिवंगत रतन टाटा के करीबी माने जाते हैं। रतन टाटा का पिछले साल अक्तूबर में निधन हो गया था। चंद्रशेखरन को रतन टाटा का करीबी माना जाता था। रतन टाटा उन पर काफी भरोसा करते थे। चंद्रशेखरन को 2017 में टाटा संस का चेयरमैन बनाया गया था। एन. चंद्रशेखरन ने टाटा केमिकल्स के बोर्ड को एक पत्र लिखा था। इसमें उन्होंने बताया कि वह अब टाटा केमिकल्स के चेयरमैन क्यों नहीं रहना चाहते। उन्होंने कहा कि उनके पास अभी बहुत सारे काम हैं और आगे भी रहेंगे। इसलिए वह यह पद छोड़ रहे हैं। चंद्रशेखरन के पास टाटा केमिकल्स के लगभग 9 करोड़ रुपये के शेयर हैं। वह नवंबर 2020 में कंपनी के बोर्ड में शामिल हुए थे। नियमों के अनुसार कोई भी व्यक्ति 20 कंपनियों में डायरेक्टर बन सकता है। इन कंपनियों में प्राइवेट, पब्लिक, लिस्टेड और अनलिस्टेड सभी तरह की कंपनियां शामिल हैं। टाटा मोटर्स अब दो अलग-अलग कंपनियों में बंट रही है। ऐसे में चंद्रशेखरन को उस ऑटोमोबाइल कंपनी में और भी जिम्मेदारियां निभानी होंगी। हाल ही में उन्हें रतन टाटा एंडोमेंट फाउंडेशन का चेयरमैन भी बनाया गया है। यह फाउंडेशन टाटा ग्रुप की कंपनियों में रतन टाटा के शेयरों का बेनिफिशियरी है। इन शेयरों की कीमत 2,750 करोड़ रुपये है। इन 20 कंपनियों में से कोई व्यक्ति 10 पब्लिक कंपनियों के बोर्ड में शामिल हो सकता है। इन 10 कंपनियों में से वह 7 लिस्टेड कंपनियों में डायरेक्टर हो सकता है। टाटा केमिकल्स ने मोदन साहा को भी कंपनी का एडिशनल डायरेक्टर बनाया है। मोदन साहा टाटा संस में स्ट्रेटेजी हेड हैं। चंद्रशेखरन साल 1987 में एक इंटर्न के तौर पर टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के साथ जुड़े थे। साल 2007 में उन्हें टीसीएस के बोर्ड में शामिल किया गया और सीओओ बनाया गया। इसके बाद साल 2009 में वह टीसीएस के सीईओ बन गए।

## एनसीएलटी ने प्रमोटर्स समेत 37 पर कस दिया बड़ा शिकंजा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल की अहमदाबाद पीठ ने बुधवार, 28 मई को जेनसोल इंजीनियरिंग लिमिटेड, उसकी संबंधित संस्थाओं और प्रमोटरों के खिलाफ वित्तीय कदाचार, कॉर्पोरेट धोखाधड़ी और शासन मानदंडों के व्यवस्थित उल्लंघन के गंभीर आरोपों के बाद कड़ी कार्रवाई शुरू की है। नियामकों द्वारा महत्वपूर्ण सार्वजनिक हित वाला बताया गया यह मामला, कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए), सेबी, एसएफआईओ, आरबीआई और आयकर विभाग सहित कई एजेंसियों की ज्वाइंट कार्रवाई का कारण बना है। कंपनी के मालिक, अनमोल सिंह जाजी और पुनीत सिंह जाग्गी, पर आरोप है कि उन्होंने कंपनी के पैसे ग़लत तरीके से निकाल लिए (फंड डायवर्जन)। कंपनी के वित्तीय रिकॉर्ड (फाइनेंशियल स्टेटमेंट्स) में हेराफेरी की गई। कंपनी की संपत्तियों को बिना इजाजत बेचा या गिरवी रखा गया।

# गेहूं का इस साल नहीं होगा आयात-निर्यात

### बंपर पैदावार से रिकॉर्ड 35.39 करोड़ टन अनाज का उत्पादन संभव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में प्रमुख फसलों की बंपर पैदावार को देखते हुए सरकार ने बुधवार को फसल वर्ष 2024-25 के लिए अनाज उत्पादन अनुमान को संशोधित कर रिकॉर्ड 35.39 करोड़ टन कर दिया है। इसमें अकेले गेहूं का उत्पादन 11.75 करोड़ टन रहने का अनुमान है।

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, देश ने धान, गेहूं, मक्का, मूंगफली और सोयाबीन सहित प्रमुख फसलों के उत्पादन में रिकॉर्ड वृद्धि हासिल की है। कुल मिलाकर, अनाज उत्पादन लगातार बढ़ रहा है।दलहन-तिलहन उत्पादन को और बढ़ाना होगा, जिसके लिए प्रयास जारी है। तीसरे अग्रिम अनुमान के मुताबिक, फसल वर्ष 2024-25 में गेहूं उत्पादन के अनुमान को संशोधित कर 11.75 करोड़ टन कर दिया गया, जबकि पहले 11.53 करोड़ टन का अनुमान लगाया गया था।पिछले साल 11.33 करोड़ टन गेहूं का उत्पादन हुआ था। धान का उत्पादन रिकॉर्ड 14.90 करोड़ टन हो सकता है, जो फसल वर्ष 2023-24 के 13.78 करोड़ टन से अधिक है।मक्का उत्पादन 4.23 करोड़ टन होने का अनुमान है। मोटे अनाजों का उत्पादन 62.1 लाख टन रह सकता है, जो पिछले वर्ष से अधिक है।



**दलहन उत्पादन 2.52 करोड़ टन-** दलहन उत्पादन बढ़कर 2.52 करोड़ टन होने का अनुमान है। अरहर उत्पादन 35.6 लाख टन, मूंग 38.1 लाख टन और चना 1.13 करोड़ टन हो सकता है। तिलहन उत्पादन 4.26 करोड़ टन होने का अनुमान है, जबकि पिछले साल यह 3.96 करोड़ टन था।मूंगफली का उत्पादन रिकॉर्ड 1.19 करोड़ टन और सोयाबीन का 1.52 करोड़ टन होने का अनुमान है। सरसों का उत्पादन 1.26 करोड़ टन रह सकता है। गन्ना उत्पादन 45.16 लाख टन पहुंच सकता है।

**गेहूं का इस साल नहीं होगा आयात निर्यात, भंडार चार साल के शीर्ष पर-** देश में इस साल गेहूं की बंपर फसल होने से सरकारी भंडार भर रहे हैं। इससे इस वर्ष गेहूं का न तो आयात होगा और न ही निर्यात किया जाएगा। देश आयात के बिना घरेलू मांग को पूरा करने में सक्षम है। भारत ने 2022 में इस प्रमुख अनाज के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया था, जिसे 2023 और 2024 में बढ़ा गया था। भीषण गर्मी के कारण 2023 और 2024 में फसलों के सूखने का डर था, जिससे भंडार में भारी गिरावट आने की आशंका थी। इससे गेहूं की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच सकती थीं। अटकलें लगाई जा रही थीं कि 2017 के बाद पहली बार भारत को गेहूं आयात की जरूरत पड़ सकती है

# बिकने जा रही बीपी की कैस्ट्रॉल, रिलायंस से लेकर सऊदी अरामको तक ले रहे इंटरेस्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** तेल कंपनी बीपी कंपनी अपने दशकों पुराने और दुनियाभर में मशहूर केस्ट्रोल लुब्रिकेंट्स के बिजनेस को बेचने की तैयारी में है। यह खबर ही बाजार में तूफान ला दिया है, क्योंकि इसकी खरीदारी के लिए दुनिया के बड़े-बड़े दिग्गज मैदान में उतर आए हैं। मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज ने इस डील में गहरी दिलचस्पी दिखाई है। लेकिन रिलायंस अकेली नहीं है। दुनिया की सबसे बड़ी तेल कंपनी सऊदी अरामको भी इस रेस में शामिल है। दोनों कंपनियों की नजर केस्ट्रोल के भारत जैसे तेजी से बढ़ते बाजारों में मजबूत पकड़ पर है।




**बोली लगाने को ये भी तैयार-** इन दोनों दिग्गजों के साथ ही, अमेरिका की बड़ी निवेश कंपनियां अपोलो ग्लोबल मैनेजमेंट और लोन स्टार फंड्स भी बोली लगाने को तैयार हैं। यही नहीं, ब्रुकफील्ड एसेट मैनेजमेंट और स्टोनपीक पार्टनर्स जैसे बड़े निवेशकों को भी बीपी ने खरीदारी के लिए आमंत्रित किया है। अफवाह है कि कुछ कंपनियां आपस में गठजोड़ बनाकर भी इस रेस में शामिल हो सकती हैं।

**दांव पर है बहुत बड़ी रकम-** विशेषज्ञों का अनुमान है कि यह डील 8 से 10 अरब डॉलर (करीब 66,000 से 83,000 करोड़ रुपये) में पूरी हो सकती है। इतनी बड़ी खरीदारी के लिए बैंकर भी तैयार हैं। वे खरीदारों को लगभग 4 अरब डॉलर (करीब 33,000 करोड़ रुपये) का कर्ज देने पर विचार कर रहे हैं। इस कर्ज को यूरो और डॉलर जैसी अलग-अलग मुद्राओं में देने की योजना है, ताकि पैसे की कमी न हो। यह इस साल की उन चुनिंदा बड़ी डीलों में से एक होगी जिसके लिए इतना बड़ा वित्तीय पैकेज तैयार हो रहा है।

**आखिर बीपी अपना इतना पॉपुलर ब्रांड क्यों बेचना चाहती है-** इसके पीछे कंपनी की बड़ी रणनीति काम कर रही है। बीपी अपने पूरे कारोबार का स्ट्रैटेजिक रिव्यू कर रही है। इसकी एक बड़ी वजह एक्टिविस्ट निवेशक एलियट इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट का दबाव भी है, जो अब बीपी के सबसे बड़े शेयरधारकों में से एक बन गया है। एलियट कंपनी पर तेजी से और साहसिक फैसले लेने का दबाव डाल रहा है। इस पर तेल की गिरती कीमतों ने भी मुश्किलें बढ़ा दी हैं, जिससे बीपी के लिए अपनी संपत्तियों को अच्छे दाम पर बेचना और भी जरूरी हो गया है।

# नवरत्न कंपनी से अनिल अंबानी की कंपनी को मिला पावर, 4400 प्रतिशत से ज्यादा उछले हैं शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अनिल अंबानी के मालिकाना हक वाली कंपनी रिलायंस पावर के शेयर गुरुवार को 5 पर्सेंट से अधिक के उछाल के साथ 53.10 रुपये पर पहुंच गए हैं। रिलायंस पावर की सहायक इकाई रिलायंस एनयू एनर्जीज प्राइवेट लिमिटेड को नवरत्न कंपनी एसजेवीएन लिमिटेड से लेटर ऑफ अवॉर्ड से मिला है। यह लेटर ऑफ अवॉर्ड 350 मेगावॉट के इंटर-स्टेट ट्रांसमिशन सिस्टम कनेक्टेड सोलर पावर प्रोजेक्ट के साथ 175 एमडब्ल्यू/700 एमडब्ल्यूएच बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम के लिए है।



**रिलायंस पावर की पोजिशन होगी मजबूत-** चालू होने पर प्लेटफॉर्म 600 मेगावॉट की सोलर डीसी कैपेसिटी और 700 एमडब्ल्यूएच की बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम कैपेसिटी रिलायंस पावर के पोर्टफोलियो में जोड़ेगा और न्यू एनर्जी सॉल्यूशंस में कंपनी की लीडरशिप पोजिशंस को मजबूत करेगा। कंपनी की टोटल क्लीन एनर्जी पाइपलाइन अब 2.4 गीगावॉट की सोलर डीसी कैपेसिटी और 2.5 लड्ड॥ की बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम कैपेसिटी हो गई है, जिससे यह इंटीग्रेटेड सोलर और बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम में सबसे बड़ी कंपनी हो गई है।

**4400 प्रतिशत से ज्यादा चढ़ गए हैं रिलायंस पावर के शेयर-** अनिल अंबानी के मालिकाना हक वाली कंपनी रिलायंस पावर के शेयर पिछले पांच साल से कुछ ज्यादा समय में 4400 पर्सेंट से अधिक उछल गए हैं। रिलायंस पावर के शेयर 27 मार्च 2020 को 1.15 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 29 मई 2025 को 53.10 रुपये पर जा पहुंचे हैं। अगर पिछले पांच साल की बात करें तो कंपनी के शेयरों में 2700 पर्सेंट से ज्यादा की तेजी देखने को मिली है। वहीं, पिछले एक साल में रिलायंस पावर के शेयर 110 पर्सेंट से ज्यादा चढ़ गए हैं। पिछले एक महीने में रिलायंस पावर के शेयरों में 29 पर्सेंट से अधिक का उछाल आया है। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 55.10 रुपये है। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 23.30 रुपये है।

00000

दैनिक
# विश्व परिवार महानगर

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, शनिवार 31 मई 2025



## जल जीवन मिशन के कार्यों की जांच करेगी केंद्रीय टीम

**रायपुर (विसं)।** (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में जल जीवन मिशन के अधूरे कार्य और भ्रष्टाचार की शिकायतों की जांच करने केंद्रीय टीम 2 जून को आ रही है। केंद्रीय टीम प्रदेश के अलग-अलग जिलों में जाकर योजना की पड़ताल करेगी। प्रदेश के पांच जिले ऐसे हैं जहां पर योजना का क्रियान्वयन ठीक से नहीं हुआ है, यहां अधूरा काम होने के बाद भी ठेकेदारों को भुगतान की दिया गया है। जिले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन में भारी भ्रष्टाचार का खुलासा हुआ है।

## संक्षिप्त समाचार

### जेसीआई मेट्रो ने सीए चेतन तरवानी का चेंबर वाइस प्रेसिडेंट बनने पर किया सम्मान



**रायपुर (विश्व परिवार)।** जेसीआई मेट्रो की ओर से एक गरिमामय समारोह में सीए चेतन तरवानी को प्रदेश स्तरीय वाइस प्रेसिडेंट बनाए जाने पर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके उल्लेखनीय योगदान और नेतृत्व क्षमता को देखते हुए प्रदान किया गया। इस विशेष अवसर पर जेसीआई मेट्रो के अध्यक्ष सोनू पंजवानी की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। समारोह में पूर्व अध्यक्ष महावीर शंकर सोनी, विक्रम शर्मा और आनंद मलानी ने भी सीए चेतन तरवानी को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मंडल उपाध्यक्ष आशीष कुटानी और रंजीत अरोरा सहित कई अन्य छुट्टइ सदस्य भी समारोह में उपस्थित रहे और सीए चेतन तरवानी को बधाई दी। इस मौके पर सीए चेतन तरवानी ने कहा, यह सम्मान मेरे लिए गर्व की बात है और मैं चेंबर की नीतियों को और आगे बढ़ाने के लिए समर्पित रहूंगा।

### विशाखापट्टनम-रायपुर-विशाखापट्टनम पैसेंजर ट्रेन 2 जून को रद्द रहेगी एवं विशाखापट्टनम-दुर्ग-विशाखापट्टनम वंदे भारत रीशेड्यूल रहेगी

**रायपुर (विश्व परिवार)।** ईस्ट कोस्ट रेलवे के वाल्टेयर मंडल के रायगड़ा-विजयनगरम सेक्शन में ट्रैफिक कम पावर ब्लॉक कार्य के कारण कोचिंग ट्रेनों को रद्द करने का निर्णय लिया। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से संबंधित रद्द रहने वाली कोचिंग ट्रेन का विवरण इस प्रकार है- **ट्रेनों का रद्दीकरण-** 58528 विशाखापत्तनम-रायपुर पैसेंजर 02.06.2025 को रद्द रहेगी। 58527 रायपुर- विशाखापत्तनम पैसेंजर 02.06.2025 को रद्द रहेगी। **रीशेड्यूलिंग होने वाली ट्रेन-** 20830 विशाखापट्टनम- दुर्ग वंदे भारत एक्सप्रेस दिनांक 2 जून 2025 को 4 घंटे रीशेड्यूल की गई है। 20829 दुर्ग विशाखापट्टनम वंदे भारत एक्सप्रेस दिनांक 2 जून 2025 को 4 घंटे 30 मिनट रीशेड्यूल की गई है।

### चरामेति विकलांग सेवा के तहत दी गई व्हीलचेयर एवं दवाईयां



**रायपुर (विश्व परिवार)।** चरामेति फाउंडेशन द्वारा स्पाइनल कॉर्ड इंजरी से ग्रस्त प्रदीप पाल को व्हीलचेयर एवं बैंडेज मटेरियल सर्जिकल स्पिरिट, अधेसिव टेप, बेटाडिन सहित पल्मीजेस कैप्सूल, मेगाहिल ओइन्टमेंट, टेबलेट पेंटोप, प्रेगाबा, एबिलिटी, आदि आज प्रदान की गई। संस्था के राजेंद्र ओझा ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर इस परिवार को रमेश राव, जितेन्द्र दामा, डॉ. मृणालिका ओझा, डॉ. होमेन्द्र कुमार साहू, वीरेंद्र, भीम, घनश्याम सराठे, वी. के. महालय, नीलेश अग्रवाल, पिंटुराम साहू आदि के सहयोग एवं उपस्थिति में उक्त सामग्री प्रदान की गई।

### देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयन्ती पर होंगे राजधानी में अनेक कार्यक्रम

**रायपुर (विसं)।** देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयन्ती के अवसर पर 31 मई को राज्य नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देश के पालन में रायपुर नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा जयंती पर चित्रकला तथा व्याख्यान माला का आयोजन किया जा रहा है। नगर निगम द्वारा जानकारी के अनुसार शिवभक्त देवी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर उनकी प्रतिमा स्थापित की गई है।

## हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है सरकार : मुख्यमंत्री साय

### बस्तर के नारायणपाल में लगाई चौपाल, जानी योजनाओं की जमीनी हकीकत



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा है कि हर जरूरतमंद के साथ राज्य सरकार खड़ी है, जनकल्याण ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। सुशासन मतलब है अच्छा शासन। सुशासन तिहार के अंतिम चरण के अंतर्गत मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज बस्तर जिले के ग्राम नारायणपाल पहुंचे। उन्होंने नारायणपाल के देवगुड़ी परिसर में आम के पेड़ के नीचे अपनी चौपाल लगाई और ग्रामीणों से जीवंत संवाद कर योजनाओं की जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से बिजली व्यवस्था, राशन वितरण, पीएम आवास योजना और महतारी वंदन योजना के साथ ही गांव में राशन कार्ड की स्थिति, राशन की उपलब्धता, शिक्षकों और पटवारियों की उपस्थिति जैसे बुनियादी मुद्दों पर भी जानकारी ली। 'महतारी वंदन योजना' की लाभार्थी श्रीमती सरिता कश्यप ने मुख्यमंत्री को बताया कि वे स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हैं, महतारी वंदन से मिलने वाली राशि का उपयोग घरेलू खर्चों और बच्चों के इलाज में करती हैं। श्री जगमोहन कश्यप ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान निर्माण पूरा होने की जानकारी दी।

मुख्यमंत्री साय ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी जरूरतमंदों को आवास मिलेगा, 'आवास प्लस' में जिनका नाम है, उन्हें भी आवास दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि 'महतारी वंदन योजना' में जिन महिलाओं का नाम नहीं जुड़ा है, उनके नाम भी जोड़े जाएंगे।

**अनेक विकास कार्यों की घोषणा-** मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों की मांग पर अनेक घोषणाएं कीं, जिनमें नारायणपाल माध्यमिक शाला भवन के लिए 20 लाख रूपए, प्राथमिक शाला मंदिरपारा के लिए 20 लाख रूपए, स्ट्रीट लाईट, हाई मास लाईट के लिए 15 लाख रूपए, व्यावसायिक परिसर हेतु 20 लाख रूपए, सी.सी. रोड 600 मी. (गोवर्धन भाटा से बोधघरा घर तक) 15 लाख रूपए, पुलिया 2 मी. स्पान 2 नग के लिए 12 लाख रुपए, सी.सी सड़क धरमु घर से नाव घाट तक 9 लाख रूपए, इस प्रकार कुल 1 करोड़ 11 लाख रूपए की लागत के कार्यों की घोषणा की।

## सुशासन तिहार सेवा और सरोकार की अभिव्यक्ति है : मंत्री श्रीमती राजवाड़े



**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा जनकल्याण को केंद्र में रखकर चलाए जा रहे सुशासन तिहार अभियान के अंतर्गत सूरजपुर जिले के ग्राम पंचायत भैयाथन में समाधान शिविर, अन्नप्राशन, एवं गोदभराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने इस बहुआयामी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की और क्षेत्रीय नागरिकों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों से सीधे संवाद किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण और महिलाओं का सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण हर गांव, हर घर तक पहुँचे। सुशासन तिहार केवल कार्यक्रम नहीं, यह सेवा और सरोकार की अभिव्यक्ति है।

कार्यक्रम के तहत अन्नप्राशन संस्कार में शिशुओं को पहली बार अन्न ग्रहण कराया गया और गोदभराई कार्यक्रम के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित मातृत्व, पोषण एवं स्वास्थ्य देखभाल के प्रति जागरूक किया गया।

## मुख्यमंत्री साय को कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. चंदेल ने राष्ट्रीय आम महोत्सव में शामिल होने का दिया न्यौता

### कृषि महाविद्यालय एवं कृषि विज्ञान केन्द्रों की समस्याओं के निराकरण हेतु सहयोग का अनुरोध किया



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने आज उनके निवास कार्यालय में सौजन्य भेंट कर कृषि विश्वविद्यालय द्वारा संचालित शिक्षण, अनुसंधान एवं प्रसार गतिविधियों के बारे में जानकारी प्रदान की। कुलपति डॉ. चंदेल ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर में 6 से 8 जून, 2025 तक आयोजित राष्ट्रीय आम महोत्सव के शुभारंभ समारोह में अतिथि के रूप में आमंत्रित भी किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने आम महोत्सव में शामिल होने हेतु सहर्ष मंजूरी प्रदान की।

डॉ. चंदेल ने मुख्यमंत्री श्री साय को कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत कार्यरत 27 कृषि विज्ञान केन्द्रों में कार्यरत वैज्ञानिकों एवं अन्य कर्मचारियों के वेतन एवं पेंशन में आ रही समस्याओं के संबंध में अवगत कराते हुए इन समस्याओं के निराकरण हेतु राज्य शासन की ओर से वित्तीय मदद दिये जाने का अनुरोध किया। इसी प्रकार उन्होंने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंगर्तगत संचालित महाविद्यालयों से सेवानिवृत्त होने वाले प्राध्यापकों एवं अन्य कमर्चारियों को पेंशन प्रदान करने हेतु भी राज्य सरकार की ओर से वित्तीय सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने डॉ. चंदेल को इन समस्याओं के निराकरण हेतु सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए हर संभव मदद दिये जाने का आश्वासन दिया।

## नारी सशक्तीकरण और सुशासन की मिसाल है रानी अहिल्याबाई होल्कर का जीवन : अरुण साव



**रायपुर (विश्व परिवार)।** रानी अहिल्याबाई होल्कर का जीवन नारी सशक्तीकरण और सुशासन की मिसाल है। अपने जीवन में तमाम आघातों और विपरीत परिस्थितियों के बीच उन्होंने कुशलता से राजकाज संचालित किया और अनेक कल्याणकारी कार्य किए। केवल इंदौर तक ही सीमित न रहकर उन्होंने पूरे देश में धर्मशालाएं, मंदिर और घाट बनवाए। प्रजा को अपनी संतान मानकर उनके लिए बेहद संवेदनशीलता से कार्य किए। बालिकाओं को पढ़ाई और विधवा महिलाओं को संतान गोद लेने के अधिकार दिए। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव ने देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जन्म जयन्ती के अवसर पर रायपुर नगर निगम द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरण समारोह में ये विचार व्यक्त किए। विधायकगण सर्वश्री राजेश मूणत, सुनील सोनी, मोतीलाल साहू और पुरंदर मिश्रा तथा रायपुर नगर निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे भी नवीन विश्राम भवन में आयोजित संगोष्ठी-सह-पुरस्कार वितरण समारोह में शामिल हुईं।

### उप मुख्यमंत्री ने देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को दिए पुरस्कार

अरुण साव ने कार्यक्रम में मौजूद स्कूली और महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं तथा उनके अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर बहुत बहादुर, धैर्यवान, क्षमतावान और हौसलेमंद महिला थी। इन गुणों की बदौलत उन्होंने अपने जीवन में आए संघर्षों और समस्याओं का डटकर सामना किया। प्रजापालक के रूप में अपने दायित्वों का पूरी क्षमता और कुशलता से निर्वहन किया। वे राजकाज के कार्यों के साथ ही युद्ध कौशल में भी प्रवीण थीं। उनका पूरा जीवन हम सबके लिए बहुत प्रेरणादायी है।

## विश्व पर्यावरण दिवस अभियान : बिलासपुर मंडल द्वारा Reduce Plastic Pollution थीम पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**बिलासपुर (पीआईबी)।** बिलासपुर मंडल द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस अभियान 2025 (22 मई से 5 जून) के अंतर्गत विभिन्न स्थलों पर पर्यावरण संरक्षण हेतु जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रत्येक दिनों थीम के अनुसार जागरूकता, संवाद, और व्यवहार परिवर्तन पर केंद्रित गतिविधियाँ आयोजित की जा रही है।

इसी क्रम में दिनांक 28, 29 व 30 मई 2025 को विश्व पर्यावरण दिवस 2025 के उपलक्ष्य में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल द्वारा ऋद्गस्रह्वष्द्ग क्चद्यड्डह्यह्लद्बष् क्कशद्यद्यह्वह्लद्बशठ्ठ (प्लास्टिक प्रदूषण में कमी लाना) थीम पर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान मंडल के अंतर्गत बिलासपुर, उसलापुर, अनूपपुर, शहडोल, चांपा, रायगढ़, कोरबा सहित सभी प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर आयोजित किया गया,

इस अभियान के अंतर्गत स्टेशनों पर स्थापित प्लास्टिक बोतल क्रशिंग मशीनों की कार्यस्थिति एवं रखरखाव की समीक्षा की गई। स्टेशनों पर विशेष अभियान चलाकर सभी केटरिंग स्टाल की जाँच की गई। इसके साथ ही स्टॉल संचालकों व विक्रेताओं को सिंगल उपयोग प्लास्टिक कार्यान्वयन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये गये, जिससे कि एकल उपयोग प्लास्टिक पर लगाए गए प्रतिबंध का पालन सुनिश्चित किया जा सके। यात्रियों को स्वयं की बोतल उपयोग के लिए प्रोत्साहित करने हेतु स्टेशन पर स्थापित वाटर रीफिल पॉइंट्स का निरीक्षण किया गया। यात्रियों को जागरूक करने हेतु स्टेशन पर सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली से अपने स्वयं के पानी की बोतलों का उपयोग करने की अपील की गई। नुक्कड़ नाटक एवं संवादात्मक सत्र के माध्यम से प्लास्टिक प्रदूषण एवं उसके दुष्प्रभावों पर एनजीओ एवं विद्यालयों के साथ मिलकर नुक्कड़ नाटकों एवं संवादात्मक सत्रों का आयोजन किया गया। रायगढ़ स्टेशन में कार्यरत कर्मचारियों के बच्चों के द्वारा नुक्कड़ नाटक की जीवंत प्रस्तुति देकर यात्रियों को एकल प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने के प्रति जागरूक किया गया। नियमित रूप से स्वच्छता अभियान जारी रखते हुए स्वच्छ पर्यावरण बनाए रखने का संकल्प दोहराया गया।

## पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी से 7 कर्मियों की विदाई

### कर्मचारियों का अनुभव हमारी बहुमूल्य पूंजी : आर.के. शुक्ला



**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी डंगनिया मुख्यालय के भारप्रेषण कक्ष में आज सात कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति पश्चात् विदाई दी गई। इस अवसर पर पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री राजेश कुमार शुक्ला ने सेवानिवृत्तजनों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृतिचिन्ह भेंट कर उनके सुखमय जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि तीन से चार दशकों तक तक सेवा करने वाले बिजली कर्मियों के पास बहुमूल्य अनुभव की पूंजी है। उनके योगदान से उपभोक्ता संतोष के लक्ष्य को हम प्राप्त कर रहे हैं।

आज सेवानिवृत्त कर्मचारियों में भिलाई से वरिष्ठ पर्यवेक्षक श्री हरिनंदन मंडल, कनिष्ठ पर्यवेक्षक श्री राजेंद्र कुमार तिवारी, लाइन सहायक श्रेणी-2 श्री श्याम लाल निषाद, श्री राजेश कुमार चिंदेकर, दफ्तरी, बिलासपुर से श्री राजेंद्र प्रसाद पाण्डेय, दफ्तरी, रायपुर से श्री नेहरू बेहरा, दफ्तरी एवं जगदलपुर से श्री चैतराम नाग, भृत्य शामिल हैं।

विदाई समारोह में कार्यपालक निदेशक श्री के.एस.मनोठिया, श्री एमएस चौहान, श्रीमती ज्योति नंनौरे, श्री वीके दीक्षित, मुख्य अभियंता श्रीमती शारदा सोनवानी, श्री ए.एम.परियल एवं श्री संजय तिवारी आदि भी उपस्थित थे। संचालन प्रकाशन अधिकारी श्री गोविंद पटेल ने किया।

## छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स में मंत्री पद के लिए मनोनयन

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी जी ने आज छत्तीसगढ़ व्यापार एवं उद्योग की प्रगति के लिए अपनी कार्यकारणी का विस्तार किया जिसमें छत्तीसगढ़ के प्रमुख व्यापारीयों एवं उद्योगपतियों को चेम्बर में मंत्री के पद में मनोनयन किया है जो निम्नानुसार है- मंत्री- आकाश डुडानी, आलोक शर्मा, आलोक शुक्ला, अमनप्रीत सिंह आनंद, अमित अग्रवाल, अमित जैन, अम्रित पाल, अरुण कुकरेजा, आशिष वासवानी, अशोक अग्रवाल, बजरंग अग्रवाल, भगवान दास साधवानी (सोनू), भरत प्रधनानी, चंद्र विशाल भूरा, देवेन्द्र कुमार सोनी, धनेश मटलानी, धवल (मेघपारा) पटेल, दिनेश कुमार शादिजा, दौलत परयानी, गौतम मित्तल, गौतम रेलवानी, गुरुजीत सिंह सलूजा, गुरनेश पाल सिंह हंस, हिमांशु वर्मा, जितेन्द्र गोलछा, जितेन्द्र जैन, कमल शर्मा, करण मदनानी, किशोर बुधनानी, किशोर कुमार नारवानी, लोकेश साहू, महेश जेठानी, मनिदंर सिंह सलूजा, मनीष अग्रवाल, मनीष कुमार दरिरा, मनीष मोटवानी, मनोज अग्रवाल, मनोज लछवानी, मयंक त्रिपाठी, मूलचंद खत्री, मुकेश पटेल, निखिल एम झवेरी, निलेश जैन (सांखला) नितेश अग्रवाल, पंकज छेजवानी, पंकज जैन, पंकज सुराना, पराग शाह, पवन कुमार सोनी, प्रकाश महेश्वरी, प्रथम बाफना, प्रवीण पटेल, प्रेम प्रकाश मध्यान, राधे किशन जैन, राहुल खूबचंदानी, राज बेदी, राजा बजाज, राजीव जैन, राजेन्द्र पारेख, राजेश अग्रवाल, राकेश राघवानी, रमेश अग्रवाल (रिंक), रमेश मंधान, रमेश पारेख, रवि तेजवानी, रितेश वाधवा, सतीश बागडी, शैलेष बैद, शंकर पिंजानी, अमित चावला, सुमीत गुप्ता, सुनील शुक्ला, सुनील वाधवा, सुरेश मंगलानी, तरुण कोचर, ठाकुर दास लुल्ला, वैभव सिंगदेव, विजय कुमार अग्रवाल, विजय कुमार मोटवानी, विनोद पाहवा, संदीप मेघानी, राजकुमार भिखवाणी.

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस : तंबाकू सेवन के बारे में मिथक और तथ्य

**रायपुर (विश्व परिवार)।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के रूप में मनाया जाता है, ताकि तंबाकू सेवन के खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा सके और खपत को कम करने के लिए प्रभावी नीतियों की वकालत की जा सके। इसके नुकसानों के बारे में व्यापक जानकारी के बावजूद, तंबाकू के बारे में कई मिथक बने हुए हैं, जिसके कारण इसका लगातार सेवन किया जा रहा है। आइए कुछ आम मिथकों का खंडन करें और तथ्यों को उजागर करें।

**मिथक 1: धूम्रपान केवल फेफड़ों को प्रभावित करता है-** तथ्य: जबकि फेफड़ों के कैंसर और क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (COPD) धूम्रपान से दृढ़ता से जुड़े हुए हैं, तंबाकू शरीर के लगभग हर अंग को नुकसान पहुँचाता है। इससे निम्न का जोखिम बढ़ जाता है- हृदय रोग और स्ट्रोक (क्षतिग्रस्त रक्त वाहिकाओं के कारण)। मौखिक और गले के कैंसर। मधुमेह की जटिलताएँ। कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली। प्रजनन संबंधी समस्याएँ (बांझपन, गर्भावस्था की जटिलताएँ)।

**मिथक 2: हल्का या कभी-कभार धूम्रपान करना सुरक्षित है-** तथ्य: तंबाकू सेवन का कोई सुरक्षित स्तर नहीं है। कभी-कभार धूम्रपान करने से भी हृदय रोग, कैंसर और समय से पहले मृत्यु का जोखिम बढ़ जाता है। सेकेंड हैंड धूम्रपान से हर साल 1.2 मिलियन से ज़्यादा लोगों की मौत होती है। सोशल स्मोकर्स से सेकेंड हैंड धूम्रपान भी बच्चों और गर्भवती महिलाओं सहित अन्य लोगों को नुकसान पहुँचाता है।



**मिथक 3: ई-सिगरेट और वेपिंग हानिरहित विकल्प हैं-** तथ्य: हालाँकि ई-सिगरेट में पारंपरिक सिगरेट की तुलना में कम जहरीले रसायन हो सकते हैं, लेकिन वे जोखिम-मुक्त नहीं हैं। वेपिंग अभी भी उपयोगकर्ताओं को निकोटीन (अत्यधिक नशे की लत), हानिकारक एरोसोल और संभावित फेफड़ों के नुकसान के संपर्क में लाती है। दीर्घकालिक प्रभावों पर अभी भी शोध चल रहा है, लेकिन सबूत बताते हैं कि वे हृदय और श्वसन स्वास्थ्य को नुकसान पहुँचा सकते हैं।

**मिथक 4: सालों बाद धूम्रपान छोड़ना व्यर्थ है-** तथ्य: छोड़ने के लिए कभी भी देर नहीं होती! आखिरी सिगरेट के 20 मिनट के भीतर शरीर ठीक होना शुरू हो जाता है। लाभों में शामिल हैं- 1 वर्ष के भीतर: हृदय रोग का जोखिम आधा हो जाता है। 5 साल के भीतर: स्ट्रोक का जोखिम धूम्रपान न करने वाले व्यक्ति के बराबर हो जाता है।-10 साल के भीतर: फेफड़ों के कैंसर का जोखिम काफी कम हो जाता है। मिथक 5: तंबाकू चबाना धूम्रपान से ज़्यादा सुरक्षित है तथ्य: धूम्रपान रहित तंबाकू (जैसे गुटखा, खैनी या पान मसाला) मुंह के कैंसर, मसूड़ों की बीमारी, दांतों का गिरना और दिल की समस्याओं का कारण बनता है। इसमें सिगरेट से ज़्यादा निकोटीन होता है, जिससे यह बहुत ज़्यादा नशे की लत बन जाता है। मिथक 6: निकोटीन रिप्लेसमेंट थेरेपी (NRT) धूम्रपान जितना ही हानिकारक है तथ्य: NRT (पैच, गम, लोज़ेंग) सिगरेट में मौजूद घातक टार और रसायनों के बिना नियंत्रित निकोटीन खुराक प्रदान करता है। निर्देशानुसार उपयोग किए जाने पर यह छोड़ने का एक सुरक्षित और प्रभावी तरीका है। मिथक 7: तंबाकू के विज्ञापन से केवल वयस्क ही प्रभावित होते हैं तथ्य: तंबाकू कंपनियाँ फ्लेवर्ड उत्पादों और भ्रामक विज्ञापनों के ज़रिए युवाओं को लक्षित करती हैं। 90 प्रतिशत धूम्रपान करने वाले 18 वर्ष की आयु से पहले ही धूम्रपान शुरू कर देते हैं, जिससे रोकथाम बहुत ज़रूरी हो जाती है।

मिथक 8: तम्बाकू अर्थव्यवस्था के लिए ज़रूरी है- तथ्य: जबकि तम्बाकू से रोज़गार मिलता है, तम्बाकू से जुड़ी बीमारियों की स्वास्थ्य लागत आर्थिक लाभ से कहीं ज़्यादा है। कई देश तम्बाकू किसानों को स्थायी फ़सलें उगाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

मिथक 9: हल्की या कम टार वाली सिगरेट ज़्यादा सुरक्षित होती हैं- तथ्य: ये शब्द भ्रामक हैं। हल्की सिगरेट पीने वाले अक्सर वही निकोटीन पाने के लिए ज़्यादा गहरी साँस लेते हैं या ज़्यादा धूम्रपान करते हैं, जो किसी भी दावे किए गए लाभ को शून्य कर देता है।

**तम्बाकू को हमेशा के लिए कैसे छोड़ें-** पेशेवर मदद लें (डॉक्टर, धूम्रपान छोड़ने वाले, सहायता समूह)। FDA द्वारा स्वीकृत धूम्रपान छोड़ने वाले सहायक साधनों (NRT, प्रिस्क्रिप्शन दवाएँ) का उपयोग करें। ट्रिगर (शराब, धूम्रपान करने वाले दोस्त, तनाव) से बचें। सक्रिय रहें (व्यायाम से लालसा कम होती है)।

**रायपुर के जाने-माने कैंसर विशेषज्ञ डॉ. रवि जायसवाल ने यह कहते हुए निष्कर्ष निकाला-** इस विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर, आइए जागरूकता फैलाएं और धूम्रपान करने वालों को नई लत से बचने के साथ-साथ धूम्रपान छोड़ने के लिए प्रोत्साहित करें। तंबाकू से हर साल 8 मिलियन से ज़्यादा लोगों की मौत होती है-मिथकों के कारण आप या आपके प्रियजनों को जोखिम में न डालें। तंबाकू उद्योग मिथकों पर पनपता है और ज्ञान ही इससे निपटने के लिए हमारे सबसे शक्तिशाली औज़ारों में से एक है। स्वास्थ्य चुनें, जीवन चुनें। **-डॉ. रवि जयसवाल**
**कंसल्टेंट मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट और हेमेटोलॉजिस्ट, रामकृष्ण केयर अस्पताल, रायपुर**







प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354